राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI No-DELHIN/2017/75336

www uttambharatnews.com
email:- uttambharat05@gmail.com

आश्विन कृष्ण पक्ष दशमी, विक्रम संवत , 2082

वर्ष : 09 अंक : 271

नई दिल्ली

शुक्रवार, 17 अक्टूबर, 2025

पृष्ठ : 12

मूल्य ₹ 3.00

@uttambharatofficial @uttambharat

# उत्तम भारत

"सत्य, निष्पक्ष, भारत"

नई दिल्ली, हरियाणा से प्रकाशित एवं चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, जम्मू-कश्मीर से प्रसारित



03 मुख्यमंत्री ने कालिंदी कुंज में यमुना के ...

06 पराली जलाने की आग में झुलसता...

12 रूसी हमलों से यूक्रेन में घना अंधेरा छाया...

## संक्षिप्त सार

### यमन में भारतीय नर्स की फांसी पर रोक, कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय को बृहस्पतिवार को सूचित किया गया कि यमन में हत्या के जुर्म में मृत्युदंड पाने वाली भारतीय नर्स निमिषा प्रिया की फांसी पर रोक लगा दी गई है और कोई प्रतिकूल कार्रवाई नहीं हो रही है। केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणी ने न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि इस मामले में एक नया मध्यस्थ सामने आया है। याचिकाकर्ता संगठन 'सेव निमिषा प्रिया इंटरनेशनल एक्शन काउंसिल' की ओर से पेश हुए वकील ने बताया कि फिलहाल फांसी पर रोक लगा दी गई है। यह संगठन प्रिया को कानूनी सहायता प्रदान कर रहा है। वेंकटरमणी ने कहा, 'एक नया मध्यस्थ सामने आया है। एकमात्र अच्छी बात यह है कि कुछ भी प्रतिकूल नहीं हो रहा है।' याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि मामले की सुनवाई स्थगित की जा सकती है। पीठ ने कहा, इसे जनवरी 2026 में सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करें। यदि परिस्थिति की मांग हो, तो पक्षकारों के लिए शीघ्र सुनवाई के लिए आवेदन करने का विकल्प खुला रहेगा। उच्चतम न्यायालय 38 वर्षीय नर्स को बचाने के वास्ते राजनयिक माध्यमों का उपयोग करने के लिए केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध करने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहा है।

### जलवायु और तकनीकी बदलावों के बीच नई मानवाधिकार चुनौतियां सामने आ रहीं: कोविंद

नई दिल्ली। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने बृहस्पतिवार को आगाह किया कि तेजी से हो रहे तकनीकी और पर्यावरणीय बदलाव मानवाधिकारों के लिए नई चुनौतियां पैदा कर रहे हैं और खासकर अनौपचारिक क्षेत्र के कामगारों तथा जलवायु परिवर्तन के कारण विस्थापन का सामना कर रहे लोगों के लिए अधिक चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा, आर्थिक प्रगति हमेशा मानवीय गरिमा के साथ-साथ चलनी चाहिए। कोविंद ने कहा, जलवायु परिवर्तन अब केवल एक पर्यावरणीय चिंता नहीं रह गया है, बल्कि यह मानवाधिकारों के लिए एक अनिवार्य आवश्यकता बनता जा रहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) के 32वें स्थापना दिवस और जेल में बंद कैदियों के मानवाधिकारों पर राष्ट्रीय सम्मेलन में बोलते हुए, कोविंद ने कहा कि भारत की प्रगति को केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि इस बात से भी मापा जाना चाहिए कि वह अपने सबसे कमजोर नागरिकों की गरिमा और कल्याण को कैसे बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि भारत ने मानवाधिकारों की रक्षा के लिए एक मजबूत संवैधानिक और संस्थागत ढांचा तैयार किया है, लेकिन सच्ची प्रगति करुणा और समावेश पर निर्भर करती है।

### सीबीआई ने नासिक में कर अधिकारी को रिश्वत लेते पकड़ा

नई दिल्ली। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नासिक आयुक्तालय में तैनात एक कर अधिकारी को एक निजी कंपनी के प्रतिनिधि से पांच लाख रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सीबीआई के अनुसार, सीजीएसटी (केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर) एवं केंद्रीय उत्पाद शुल्क अधीक्षक हरि प्रकाश शर्मा ने आईजीएसटी (एकीकृत वस्तु एवं सेवा कर) संबंधी एक मामले में व्यवसायी के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई न करने के बदले में 50 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। बाद में उन्होंने रिश्वत की राशि घटाकर 22 लाख रुपये कर दी। सीबीआई प्रवक्ता ने बुधवार को एक बयान में कहा, यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने शिकायतकर्ता को 14 अक्टूबर, 2025 को पांच लाख रुपये और शेष 17 लाख रुपये 17 अक्टूबर, 2025 को देने को कहा था।

### संभल हिंसा का मुख्य आरोपी विदेश में मिला, इंटरपोल के जरिए उसे वापस लाने की कोशिशें

संभल। उत्तर प्रदेश के संभल में हिंसा मामले का मुख्य आरोपी विदेश में मिला है और खुफिया एजेंसियों एवं इंटरपोल की मदद से उसे भारत वापस लाने की कोशिश जारी है। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि मुख्य आरोपी, शारिक साटा ने अपने साथियों के साथ मिलकर पिछले साल 24 नवंबर को संभल में हुई हिंसा की योजना बनायी थी। संभल में यह हिंसा पिछले साल 24 नवंबर में शाही जामा मस्जिद के दूसरे सर्वे के बाद हुई, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई जबकि 29 पुलिसवाले घायल हो गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि एक और आरोपी, मुल्ला अफरोज झ जो शारिक का साथी है और अभी मुरादाबाद जेल में बंद है - पर रासुका के तहत मामला दर्ज किया गया है। बिश्नोई ने आगे कहा कि अफरोज पर 11 आपराधिक मामले हैं।

# सभी भगोड़ों को वापस लाने के लिए निश्चित प्रणाली जरूरी : शाह

नई दिल्ली, शैलेन्द्र शर्मा



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि आर्थिक अपराधियों, साइबर अपराधियों, आतंकवादी गतिविधियों में शामिल लोगों और अन्य सभी भगोड़ों के प्रति कठोर रवैया अपनाया जाना चाहिए ताकि उन्हें भारतीय न्याय प्रणाली के दायरे में लाया जा सके। सीबीआई द्वारा यहां आयोजित 'भगोड़ों का प्रत्यर्पण झ्र चुनौतियां और रणनीतियां' विषय पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, शाह ने सभी राज्यों से कम से कम एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की जेल कोठरी स्थापित करने का भी आग्रह किया ताकि विदेशी अदालतों में भगोड़ों द्वारा दी जाने वाली निम्न स्तर की जेल की दलीलों को खारिज किया जा सके।

उन्होंने कहा कि न केवल भ्रष्टाचार, अपराध और आतंकवाद के विरुद्ध, बल्कि भारत के बाहर से सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध भी कतई बर्दाश्त नहीं करने का दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी भगोड़ों को कानून के दायरे में लाने और इसके लिए एक निश्चित तंत्र स्थापित करने के प्रयास किए जाने चाहिए।

उन्होंने कहा, चाहे वे आर्थिक अपराधी हों, साइबर अपराधी हों, आतंकवादी गतिविधियों में शामिल हों या संगठित अपराध नेटवर्क का हिस्सा हों, प्रत्येक भगोड़े के विरुद्ध कठोर रवैया अपनाया जाना चाहिए ताकि उन्हें भारतीय न्याय प्रणाली के समक्ष लाया जा सके। इसके लिए समय आ गया है। गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार ने इसके लिए अचूक उपाय किए हैं ताकि कोई भी अपराधी कानून की पकड़ से बच न पाए। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, एक सशक्त भारत न केवल अपनी सीमाओं की सुरक्षा के लिए, बल्कि कानून के शासन को भी मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

शाह ने कहा कि अपराध और अपराधियों की चालें चाहे कितनी भी तेज क्यों न हों, न्याय की पहुंच उससे भी तेज होनी चाहिए। जुलाई 2024 से लागू होने वाले नए आपराधिक कानूनों का जिक्र करते हुए, गृह मंत्री ने कहा कि आजादी के बाद पहली बार अनुपस्थिति में मुकदमा चलाने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा, अगर किसी व्यक्ति को भगोड़ा घोषित कर दिया जाता है, तो अदालत उसके बचाव के लिए वकील नियुक्त करके उसकी अनुपस्थिति में भी मुकदमा चला सकती है। एक बार जब उसे भगोड़ा घोषित कर दिया जाता है, तो अंतरराष्ट्रीय कानूनों के तहत उसकी स्थिति में काफी बड़ा बदलाव आता है। हम किसी भी भगोड़े को, चाहे वह कहीं भी हो, देश में कानून के कठघरे में खड़ा कर पाएंगे। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद, सरकार ने कई प्रणालियां अपनाई हैं, जिनमें 2018 में भगोड़ा आर्थिक अपराधी अधिनियम बनाना भी शामिल है, जिससे सरकार को भगोड़ों की संपत्ति जब्त करने का अधिकार मिल गया है।

**सीबीआई द्वारा यहां आयोजित 'भगोड़ों का प्रत्यर्पण -चुनौतियां और रणनीतियां' विषय पर एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए, शाह ने सभी राज्यों से कम से कम एक अंतरराष्ट्रीय स्तर की जेल कोठरी स्थापित करने का भी आग्रह किया ताकि विदेशी अदालतों में भगोड़ों द्वारा दी जाने वाली निम्न स्तर की जेल की दलीलों को खारिज किया जा सके।**

**उन्होंने कहा कि न केवल भ्रष्टाचार, अपराध और आतंकवाद के विरुद्ध, बल्कि भारत के बाहर से सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध भी कतई बर्दाश्त नहीं करने का दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी भगोड़ों को कानून के दायरे में लाने और इसके लिए एक निश्चित तंत्र स्थापित करने के प्रयास किए जाने चाहिए।**

## दीपावली पर छात्र-छात्राओं को वजीफे का तोहफा देंगे सीएम योगी, लाभार्थियों के खाते में सीधे धनराशि भेजेंगे मुख्यमंत्री



लखनऊ। योगी सरकार शुक्रवार को 4.83 लाख छात्रों को दीपावली पर वजीफे का तोहफा देगी। लोकभवन में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा आयोजित किए जाने वाले छात्रवृत्ति वितरण समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से छात्र-छात्राओं के खाते में धनराशि भेजेंगे। पिछड़ा वर्ग कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर पहली बार वित्तीय वर्ष 2025-26 से सितंबर माह में ही छात्रवृत्ति वितरण का प्रारंभ किया है। पहले चरण में लगभग 62.13 करोड़ रुपए की धनराशि व्यय कर 2.5 लाख से अधिक अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थियों को पहले ही छात्रवृत्ति दी जा चुकी है। अब शुक्रवार को दूसरे चरण में 126.68 करोड़ रुपये की धनराशि 4.83 लाख से अधिक विद्यार्थियों के का वितरित की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार पिछड़ा वर्ग के हित को प्राथमिकता दे रही है। वर्ष 2016-17 में पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग का बजट 1295 करोड़ रुपये था, जिसे बढ़ाकर वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में 3124.45 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

- **मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ दीपावली पर छात्रों को वजीफे का तोहफा देंगे। मुख्यमंत्री सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में धनराशि हस्तांतरित करेंगे, जिससे छात्रों को त्योहार के समय आर्थिक मदद मिलेगी और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। यह योजना छात्रों के लिए एक बड़ी राहत लेकर आएगी**

# भव्य राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण किया: धामी

ऊधम सिंह नगर (उत्तराखंड। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज ऊधम सिंह नगर जनपद के खटीमा के कंजाबाग तिराहा स्थित 215 फीट ऊँचे भव्य राष्ट्रीय ध्वज का लोकार्पण किया। यह विशाल तिरंगा मुख्यमंत्री की घोषणा के अंतर्गत लघु सिंचाई विभाग द्वारा 47.42 लाख की लागत से स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री ने विधिवत पूजा-अर्चना कर फीता काटा और ध्वजारोहण करते हुए राष्ट्रगान की गूंज के बीच राष्ट्रीय एकता और गर्व का संदेश दिया।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि यह देश की एकता, अखंडता, सम्मान और शौर्य का अमर प्रतीक है। यह ऊँचा तिरंगा सदैव खटीमा की धरती पर लहराकर हर नागरिक को देशभक्ति, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा की प्रेरणा देता रहेगा। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'सशक्त भारत, आत्मनिर्भर किसान' के संकल्प को साकार करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। राज्य सरकार किसानों को आधुनिक तकनीक और ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने के लिए अनेक योजनाएँ लागू कर रही है, ताकि उत्तराखंड आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से अग्रसर हो सके। कार्यक्रम स्थल पर लघु सिंचाई विभाग द्वारा प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) योजना के तहत एक सौर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में किसानों को सौर ऊर्जा के लाभ, उपयोग और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और विभाग के नवाचार प्रयासों की सराहना की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज 'श्री पशुपतिनाथ मंदिर', खटीमा में पूजा-अर्चना कर प्रदेश की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की। श्रद्धा और आस्था के प्रतीक के रूप में उन्होंने मंदिर में घंटी चढ़ाई। मुख्यमंत्री के आगमन पर श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा और जयकारों के साथ उनका स्वागत किया। कार्यक्रम में क्षेत्रभर से आए नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, मेयर विकास शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दजार्मंत्री फरजाना बेगम, अनिल कपूर डब्बू, शंकर कोरंगा, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पूर्व विधायक डॉ. प्रेम सिंह राणा, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा सहित अनेक अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# उत्तर बस्तर और अबूझमाड़ हुए नक्सलमुक्त बस्तर में शांति और विकास का नया युग : मुख्यमंत्री

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि उत्तर बस्तर और अबूझमाड़ का नक्सलमुक्त होना यह प्रमाण है कि अब बस्तर भय नहीं, बल्कि विश्वास और विकास की नई पहचान बन चुका है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के नेतृत्व में भारत आज नक्सलवाद के अंत की दहलीज पर खड़ा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बीते दो दिनों में 258 नक्सलियों का आत्मसमर्पण इस बात का प्रतीक है कि बंदूक नहीं, बल्कि विश्वास की शक्ति जीत रही है। उन्होंने कहा कि बीते 22 महीनों में छत्तीसगढ़ में 477 नक्सली मारे गए, 2110 ने आत्मसमर्पण किया और 1785 गिरफ्तार हुए यह आँकड़े हमारे राज्य को नक्सलमुक्त बनाने के अडिग संकल्प के साक्षी हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि 31 मार्च 2026 तक छत्तीसगढ़ को पूरी तरह नक्सलमुक्त बनाने का लक्ष्य अब बहुत निकट है। यह परिवर्तन राज्य सरकार की 'नक्सलवादी आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति 2025' तथा 'नियद नेल्ला नार योजना' की सफलता का प्रत्यक्ष परिणाम है। डबल इंजन सरकार की संवेदनशील नीतियों, बस्तर में लगातार स्थापित हो रहे सुरक्षा शिविरों और वनांचलों में शासन के प्रति बढ़ते विश्वास ने इस सकारात्मक परिवर्तन को संभव बनाया है। उन्होंने कहा कि अब तक नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में 64 नए सुरक्षा कैंप स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे न केवल सुरक्षा सुदृढ़ हुई है, बल्कि विकास और विश्वास की किरण भी हर गांव तक पहुँची है। मुख्यमंत्री साय ने हमारे वीर सुरक्षाबलों के अदम्य साहस और बलिदान को नमन करते हुए कहा कि उनके समर्पण से ही आज बस्तर भयमुक्त हुआ है और शांति की राह पर अग्रसर है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि अबूझमाड़ और उत्तर बस्तर नक्सल आतंक से पूर्णतः मुक्त हो चुके हैं, जबकि दक्षिण बस्तर में यह लड़ाई अपने निर्णायक चरण में है। 'नियद नेल्ला नार' जैसी योजनाओं ने बस्तर में संवाद, विकास और संवेदना की नई धरती तैयार की है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सरकार की नीति दो टूक है – हिंसा का कोई स्थान नहीं। जो नक्सली शांति और विकास का मार्ग चुनना चाहते हैं, उनका स्वागत है। लेकिन जो बंदूक उठाकर समाज में आतंक फैलाने की कोशिश करेंगे, उन्हें सुरक्षा बलों की सख्त कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।



# घर एवं कार्यालय में या देशों के बीच हमेशा पुल बनाएं, बाधाएं न खड़ी करें: श्रीलंका की प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। भारत दौरे पर आई श्रीलंका की प्रधानमंत्री हरिनी अमरसूर्या ने बृहस्पतिवार को लोगों से अपील की कि वे घर एवं कार्यालय में या देशों के बीच हमेशा पुल बनाएं, बाधाएं खड़ी न करें। अमरसूर्या ने द्वीप देश में आर्थिक संकट के दौरान भारत द्वारा मुहैया कराई गई सहायता का जिक्र करते हुए कहा कि यह ह्यह्यहमारे सबसे बुरे समय में एक सच्चे मित्र द्वारा बढ़ाया गया हाथ था।

श्रीलंका की प्रधानमंत्री अमरसूर्या ने अपने पूर्व संस्थान हिंदू कॉलेज में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों पड़ोसी देश सभ्यता और सांस्कृतिक संबंधों से बंधे हैं और भारत श्रीलंका की यात्रा में एक अटूट साझेदार है। अमरसूर्या ने दिल्ली विश्वविद्यालय के इस प्रतिष्ठित संस्थान में अपने छात्र जीवन की यादें ताजा कीं। कॉलेज की पूर्व छात्रा अमरसूर्या ने 1991 से 1994 तक दिल्ली विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र में स्नातक की पढ़ाई की थी। अमरसूर्या 16 से 18 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है। अमरसूर्या के आगमन से पहले ही परिसर में संकाय सदस्यों एवं छात्रों में काफी उत्साह देखा गया और श्रीलंकाई प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए दीवारों और गलियारों में बड़े-बड़े पोस्टर लगाए गए।

संकाय सदस्य, वर्तमान छात्र और अन्य पूर्व छात्र परिसर में एकत्र हुए। प्रधानाचार्य अंजू श्रीवास्तव ने परिसर में अमरसूर्या का स्वागत किया। जैसे ही अमरसूर्या कार से बाहर निकलीं, उन्होंने मुख्य भवन की पहली मंजिल पर गलियारे में मौजूद छात्रों की ओर हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। सांगानेरिया सभागार में आयोजित समारोह में भाग लेने से पहले उन्होंने समाजशास्त्र विभाग के संकाय सदस्यों और कुछ छात्रों के साथ-साथ 'कॉलेज संसद' के सदस्यों से भी बातचीत की। श्रीलंकाई प्रधानमंत्री ने बाद में छात्रों को संबोधित करते हुए उनसे कठिन प्रश्न पूछने और धारणाओं को चुनौती देने का आह्वान किया। उन्होंने कहा, शिक्षा और सहानुभूति की भावना साथ-साथ चलनी चाहिए। करुणा के बिना बुद्धिमत्ता अधूरी है। अमरसूर्या ने लोकतांत्रिक व्यवस्था की रक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों से इसकी रक्षा करने का आह्वान किया।



**श्रीलंका की प्रधानमंत्री अमरसूर्या ने अपने पूर्व संस्थान हिंदू कॉलेज में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि दोनों पड़ोसी देश सभ्यता और सांस्कृतिक संबंधों से बंधे हैं और भारत श्रीलंका की यात्रा में एक अटूट साझेदार है। अमरसूर्या ने दिल्ली विश्वविद्यालय के इस प्रतिष्ठित संस्थान में अपने छात्र जीवन की यादें ताजा कीं। कॉलेज की पूर्व छात्रा अमरसूर्या ने 1991 से 1994 तक दिल्ली विश्वविद्यालय से समाजशास्त्र में स्नातक की पढ़ाई की थी। अमरसूर्या 16 से 18 अक्टूबर तक भारत की यात्रा पर हैं। प्रधानमंत्री का पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनकी पहली भारत यात्रा है।**

**सहयोग** | **प्रदेश में चलाया गया दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान**

# मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादन से दोगुनी होगी पशुपालक किसानों की आय : मुख्यमंत्री

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि गो-माता और गो-पालन का हमारी सनातन संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान है। जो गो-पालन करता है वह गोपाल है और जहां गो-पालन होता है वह घर गोकुल है। गो-संरक्षण एवं संवर्धन सरकार की उच्च प्राथमिकता है, जिसके लिए सरकार समाज के सहयोग से निरंतर कार्य कर रही है। मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाकर पशुपालक किसानों की आय को दोगुना किया जाएगा। मध्यप्रदेश अपनी प्राकृतिक संपदा के साथ गो-वंश से समृद्ध राज्य है। देश के दुग्ध उत्पादन का लगभग 9प्रतिशत मध्यप्रदेश में होता है। हमारी सरकार का लक्ष्य है इसे 20 प्रतिशत तक ले जाना। इसके लिए प्रदेश के गांव-गांव में दुग्ध समृद्धि संपर्क चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत पशु चिकित्सक घर-घर जाकर पशुपालकों को दुग्ध उत्पादन बढ़ाने के विभिन्न आधुनिक तरीकों, पशुओं में नस्ल सुधार, पशु स्वास्थ्य एवं पशु पोषण आदि के संबंध में जानकारी दे रहे हैं। प्रदेश में वर्ष 2024-25 को गो-संरक्षण एवं संवर्धन वर्ष के रूप में मनाया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 21 अक्टूबर को गोवर्धन पर्व लोक अनुष्ठान और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुसार मनाया जाए। आयोजन में गौशालाओं तथा पशुपालकों को विशेष रूप से सहभागी बनाया जाए। साथ ही गोवर्धन पर्व पर पशुपालन तथा दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियां दर्ज करने और नवाचार करने वाले उद्यमियों को सम्मानित भी किया जाएगा। प्रदेश की गौ-शालाओं में गोवर्धन पर्व का सामुदायिक आयोजन होगा। गोवर्धन पर्व का मुख्य आयोजन रवीन्द्र भवन भोपाल में किया जाएगा, जिसमें गोवर्धन पूजन, परिक्रमा, अन्नकूट भोग मुख्य होगा। इस अवसर पर पशुचारक समुदायों की कला, बरेदी और ठाट्या नृत्य आदि का प्रस्तुतीकरण होगा। कार्यक्रम में जैविक उत्पादक, दुग्ध उत्पाद, गोबर आधारित शिल्प के स्टॉल लगाए जाएंगे, साथ ही पशुपालन, कृषि, सहकारिता विभाग की योजनाओं की जानकारी देने के लिए विशेष व्यवस्था होगी। इसके साथ ही ग्रामीण आजीविका के लिए दुग्ध उत्पादन और वृंदावन ग्राम योजना के विस्तार के लिए भी गतिविधियों का संचालन होगा। गोवर्धन पर्व पर सभी जिलों में गतिविधियां संचालित की जाएंगी। आंगनवाड़ी केंद्रों में पंचगव्य उत्पाद जैसे घी, दूध, पनीर और दही से बनी सामग्री का वितरण किया जाएगा।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर से पूरे प्रदेश में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान चलाया गया। अभियान के अंतर्गत गांव गांव में घर-घर जाकर पशुपालकों को पशुओं में नस्ल सुधार, कृत्रिम गभार्धान, पशुओं के टीकाकरण, उनकी स्वास्थ्य रक्षा, संतुलित पशु आहार, पशु पोषण आदि के बारे में तकनीकी और व्यावहारिक जानकारी दी गई। पशुपालकों को उपलब्ध संसाधनों में कम खर्च पर अधिक दूध उत्पादन करने और ज्यादा लाभ कमाने के बारे में जागरूक किया गया।



- **गोवर्धन पर्व सांस्कृतिक परम्पराओं के अनुरूप मनाया जाएगा**

# दिल्ली में 80 दिनों तक होंगे वैश्विक स्तर के सांस्कृतिक कार्यक्रम : मुख्यमंत्री

नई दिल्ली। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कहा कि दिल्ली भारत की क्रिएटिव कैपिटल बनने की राह पर है। उन्होंने कहा कि अगले 80 दिनों में राजधानी में तीस से ज्यादा भारतीय और अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। इस तरह के आयोजनों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम तैयार किया गया है। बड़े कलाकारों के होंगे कार्यक्रम मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पर्यटन तथा कला संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि ट्रैविस स्कॉट, कृष्ण दास, जाकिर खान, पैपोन, एपी ढिल्लों, अरमान मलिक, जोनिता गांधी, राधिका दास दिल्ली में कार्यक्रम करेंगे। यह पहल दिल्ली सरकार, इवेंट एंड एंटरटेनमेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन (फेमा) और पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के संयुक्त सहयोग से की जा रही है। आर्थिक उन्नति के लिए जरूरी सीएम ने कहा कि राज्यों के लिए कॉन्सर्ट इकॉनमी महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र है। इस पर गंभीरता से ध्यान देने की जरूरत है। सरकार ने इसे समझा है कि केंद्र और दिल्ली सरकार के अधीन सभी प्रमुख स्टेडियम जैसे जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, इंदिरा गांधी स्टेडियम, नेशनल स्टेडियम, त्यागराज स्टेडियम और छत्रसाल स्टेडियम के टैरिफ रेट कम किए जाएं और उनकी सुविधाओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उन्नत किया जाए। सिंगल विंडो सिस्टम लागू रेखा गुप्ता ने कहा कि अनुमति, सुरक्षा और दूसरे इंतजाम की प्रक्रिया को सरल किया गया है। दिल्ली में कार्यक्रमों के लिए सिंगल विंडो सिस्टम को लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इसका सफल उपयोग कांवड़ यात्रा, रामलीला, दुर्गा पूजा और छठ पर्व के आयोजन में हो चुका है। इसी मॉडल को इवेंट सेक्टर में लागू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में मनोरंजन उद्योग करीब 150 अरब रुपये का है। सुझाव के बाद तैयार हुआ रोडमैप पर्यटन तथा कला, संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि दिल्ली सरकार ने फेमा, फिक्की और इवेंट इंडस्ट्री से जुड़े 40 से अधिक प्रमुख प्रतिनिधियों के साथ एक राउंडटेबल मीटिंग की।



- **यह पहल दिल्ली सरकार, इवेंट एंड एंटरटेनमेंट मैनेजमेंट एसोसिएशन (फेमा) और पीएचडी चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (पीएचडीसीसीआई) के संयुक्त सहयोग से की जा रही है**

P-02:28 paga09_jhn.qxd 10/16/2025 9:18 PM Page 1



# चार दिन पहले लापता हुए युवक की पानी के डेर मे तैरता मिला शव

*** सीओ और कोतवाल ने घटना स्थल पर पहुंचकर की जानकारी, शव पीएम को भेजा**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**संभल।** चार दिन से लापता चल रहे युवक का शव एक पानी के डेर से बरामद हुआ है। सूचना पुलिस को लगी तो अधिकारी मौके पर जा पहुंचे और जानकारी करने मे जुट गई। परिजनों को युवक का शव पानी के डेर मे पानी होने का पता लगा तो कोहराम मच गया। जानकारी अनुसार बताते चलें कि कोतवाली क्षेत्र के गांव नूरियों सराय मे गुरुवार की दोपहर करीब 12 बजे के बरी पानी से भरे डेर एक में शव तेरता हुआ ग्रामीणों ने देखा तो क्षेत्र मे हड़कम्प मच गया और यह खबर आग की तरह फैल गई जिससे लोगों की भारी भीड़ जुट गई। सूचना पाकर कोतवाली संभल पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के शव को बाहर निकाला गया तो उसकी पहचान सतपाल पुत्र रामभरोसे 32 निवासी गांव नूरियों केरूप में हुई है। उधर परिजनों को जैसे ही खबर लगी तो परिवार मे कोहराम मच गया परिजन दौड़कर मौके पर पहुंचे। पुलिस युवक का शव मिलने को लेकर जानकारी की और शव को कब्ज़े मे लेकर पीएम के लिए भेजा। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र कर जानकारी की। उधर परिजनों के द्वारा बताया गया कि सतपाल बीते 13 अक्टूबर को बैंक से 15,000 रुपए निकालकर निकला था। रात को वापस नहीं लौटनले पर परिवार ने उसकी गुमशुदगी की सूचना पुलिस को दी और उसकी तलाश भी जारी रखी, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं लग सका। परिजनों ने बताया कि ललित नामक व्यक्ति उसको बुलाकर ले गया था, जहां वे टावर पर जुआ खेल रहे थे। पप्पू का आरोप है कि ललित ने ही सतपाल को मार दिया। ललित ने दावा किया था कि उसने सतपाल को छोड़ दिया था और 15,000 रुपए उसकी मां को दिए थे। घटना स्थल पर कोतवाली प्रभारी गजेन्द्र सिंह के अलावा सीओ संभल आईपीएस आलोक भाटी मौके पर पहुंचे और जानकारी की। मृतक की शादी करीब तीन साल पहले हुई थी उसके पास एक दो साल का बेटा शौर्य है और पत्नी दीपमाला का रो रोकर बुरा हाल है।

# हिंसा के आरोप मे जेल मे बन्द मुल्ला अफरोज़ पर लगाई गई रासुका

*** शारिक साटा को इंटरपोल से भारत लाने की तैयारी, वारिस पर भी रासुका की तैयारी**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**संभल।** हिंसा के मामले मे जेल मे बन्द मुल्ला अफ्रोज़ पर कानून का शिकंजा और बढ़ गया हैं। अब जेल से बाहर आना कतई आसान नहीं है क्योंकि रासुका की कार्यवाही अमल मे आयी गई है। जबकि शारिक साटा को इंटरपोल के ज़रिये भारत लाने की तैयारी की जा रही है और वारिस पर भी रासुका लगाई जायेगी।

बतातें चलें कि बीते साल 24 नम्बर 2024 को नगर की शाही जामा मस्जिद के दूसरी बार सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले मे जेल मे बन्द अफ्रोज़ पर अब रासुका की कार्यवाही की गई है। पुलिस द्वारा जारी प्रेस नोट मे बताया गया कि सर्वे की कार्यवाही प्रचलित थी। प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुये जामा मस्जिद के आसपास आवश्यक पुलिस बल को नियुक्त किया गया था । सर्वे की कार्यवाही के दौरान ही मौके पर भीड़ एकत्र हुई तथा एकत्रित भीड़ ने उग्र रूप् धारण कर हिंसात्मक कार्यवाही करते हुये पुलिस बल पर भारी मात्रा में पथराव तथा फायरिंग की घटना की गई। भीड़ द्वारा किये गये उपरोक्त हिसात्मक कृत्य के कारण क्षेत्र में अफरा तफरी तथा भय का माहौल उत्पन्न हो गया था और संभल क्षेत्र की लोक व्यवस्था पूर्ण रूप से भंग हो चुकी थी । उपरोक्त घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत किये गये अभियोगों की विवेचना के दौरान एकत्रित की गई साक्ष्य से यह पाया गया कि उक्त घटना को घटित कराये जाने में मुल्ला अफ्रोज पुत्र अफ्सर निवासी हुसैनी रोड थाना नखासा जनपद संभल की मुख्य भूमिका रही है तथा मुल्ला अफ्रोज ही घटना का मास्टर माइन्ड रहा है

और उसके द्वारा ही अपने साथियों के साथ मिलकर भीड़ को उकसाया था जिस कारण भीड़ द्वारा उग्र रूप धारण कर हिंसात्मक कार्यवाही करते हुये भारी मात्रा में पथराव तथा फायरिंग की घटना कारित की गई थी। उक्त घटना में मुल्ला अफ्रोज तथा उसके सह अभियुक्तों द्वारा की गई फायरिंग से जनता के 04 व्यक्ति भी मारे गये थे। साक्ष्य के आधार पर मुल्ला अफ्रोज को 19 जनवरी 2025 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था। चूंकि अभियुक्त मुल्ला अफ्रोज द्वारा उच्च न्यायालय के समक्ष अपनी जमानत याचिका प्रस्तुत कर जेल से आने का प्रयास किया जा रहा है तथा इसी मध्य यह भी इनपुट प्राप्त हो रहा था कि मुल्ला अफ्रोज जमानत पर जेल से बाहर आकर प्रतिशोध स्वरूप उक्त पकार की घटना की पुनरावृत्ति कर सकता है और क्षेत्र की लोक व्यवस्था को भंग कर सकता है। संभल क्षेत्र की लोक व्यवस्था को बनाये रखने के उद्देश्य से अभियुक्त मुल्ला अफ्रोज पर 13 अक्टूबर 2025 को रा0सु0का0 के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुये जिलाधिकारी सम्भल द्वारा रा0सु0का0 के अन्तर्गत उसकी निरूद्धि की कार्यवाही की गई है तथा नियमानुसार 14 अक्टूबर को जिला कारागार मुरादाबाद में मुल्ला अफ्रोज को रा0सु0का0 के अन्तर्गत निरूद्धि का आदेश तामील कराया जा चुका है। जबकि शारिक साटा को इंटरपोल के ज़रिये भारत लाने की तैयारी की जा रही है और वारिस पर भी रासुका लगाई जायेगी।

# डीएम की अध्यक्षता मे हुई बैठक मे सीएम डैशबोर्ड के विकास कार्यो की हुई समीक्षा

**उत्तम भारत संवाददाता**




**संभल।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर मुख्यमंत्री विकास कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार द्वारा सीएम डैशबोर्ड पर विभागों की प्रमुख योजनाओं एवं रैंक के विषय में जिलाधिकारी को अवगत कराया।

पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर चर्चा की तथा दैनिक विद्युत आपूर्ति ग्रामीण में रैंक में कमी आने पर संबंधित अधिकारी को सचेत करने के निर्देश दिए तथा कहा कि भविष्य में रैंक न गिरे। पीएम किसान सम्मान निधि ,डे एन आर एल एम, आर ई डी विभाग द्वारा भवन निर्माण तथा सड़क निर्माण पर चर्चा की तथा एम्बुलेंस 102 की पूर्व माह में रैंक तथा वर्तमान माह में रैंक पर चर्चा की तथा रैंक गिरने पर संबंधित नोडल को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। दुग्ध मूल्य भुगतान में और बेहतर करने के निर्देश दिए। जल जीवन मिशन ग्रामीण, 15 वां वित्त आयोग ग्राम पंचायत, 5 वे राज्य वित्त आयोग, निपुण परीक्षा आकलन पर चर्चा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निराश्रित गौवंश संरक्षण को लेकर मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि गौवंश सुपुर्दगी को लेकर ग्रामों में चौपाल लगाएं। राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर सत्यापन की प्रगति कम होने पर संबंधित को सचेत करने तथा ससमय सत्यापन कराने के निर्देश दिए। इसके उपरांत निर्माण कार्यो की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। आयुष विभाग के अन्तर्गत 50 शैय्या एकीकृत आयुष चिकित्सालय, राजकीय इंटर कॉलेज शाहपुर डसर,लसकारिया, नगर विकास तथा नगरीय रोजगार एवं गरीबी उन्मूलन के अन्तर्गत बबराला में वाटर सप्लाई जल निगम शहरी, ग्राहक गैस संरक्षण केंद्र रोड सेफ्टी के अंतर्गत बबराला अनूपशहर मार्ग सड़क सुरक्षात्मक का कार्य एवं ऊंचे तटबंध वाले भागों में क्रैश बैरियर एवं अन्य सुरक्षात्मक कार्य लोक निर्माण विभाग के अंतर्गत। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि ससमय लोक निर्माण विभाग के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसके अंतर्गत अन्य निर्माण कार्यो को लेकर भी चर्चा की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट,परियोजना निदेशक डीआरडीए ज्ञान सिंह, जिला विकास अधिकारी राम आशीष, जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी रत्नेश कुमार एवं अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुनील प्रकाश एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी एवं कार्यदायी संस्था के सदस्य उपस्थित रहे।

# रायसत्ती पुलिस ने तेज़ किया मिशन शक्ति अभियान महिलाओं को किया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता**



**संभल।** मिशन शक्ति फ़ेस 5.0/एंटी रोमियो अभियान के अंतर्गत मोहल्ला नई सराय थाना रायसत्ती जनपद संभल में चौपाल लगाकर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान महिलाओं/बच्चों को उनके अधिकारों समाज में उनकी भूमिका को सशक्त बनाने के लिए उन्हें शिक्षा का अधिकार, बाल विवाह निषेध व बाल श्रम अपराध, लैंगिक समानता के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें समझाया गया कि माननीय मुख्यमंत्री जी के द्वारा शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य न केवल महिलाओं को उनकी सुरक्षा, सम्मान व स्वास्थ्य बारे में जागरूक करना है, बल्कि उन्हे सशक्त बनाकर समाज में सकारात्मक बदलाव भी लाना है एवं उनको महिला हेल्पलाइन नंबर 181, वूमेन पावर लाइन नंबर 1090, मुख्यमन्त्री हेल्पलाइन 1076, आपातकालीन नंबर 112, स्वास्थ्य सेवा नंबर 102, एंबुलेंस नंबर 108, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। इस मौकेप चौकी इंचार्ज पन्जू सराय पुलिस चौकी थाना रायसत्ती मुकेश कुमार, उ.नि. इमरान, हे.का. जय सिंह, हे.का. सुखवेन्द्र सिंह, का. गीतम सिंह, का.अनुज कुमार, का.पीयूष शर्मा, म.का.सोनम आदि मौजूद रहे।

# सिसौना डांडा मंग लगने वाले गंगा मेले की तैयारियां शुरू अफसरों ने की समीक्षा

**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया एवं पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई की अध्यक्षता में जिला पंचायत द्वारा वर्ष 2025 में विकासखण्ड रजपुरा के सिसौना डांडा में 27 अक्टूबर से 05 नवंबर 2025 तक लगने वाले गंगा मेले की आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के अन्तर्गत अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत आशीष सिंह ने प्रमुख बिन्दुओं से जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि गंगा मेला 27 अक्टूबर से 05 नवंबर तक चलेगा तथा मुख्य पर्व कार्तिक पूर्णिमा 05 नवंबर को होगा। मेला स्थल पर जाने हेतु मार्ग व्यवस्था, मेले की सुरक्षा व्यवस्था, मेले में लगने वाली विकास प्रदर्शनी, साफ़सफाई एवं मेले में चिकित्सा व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, यातायात सुविधा तथा टैंट एवं विद्युत आदि व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई।

# भगवान वाल्मीकि का अपमान करने वाली एंकर पर कार्यवाही को सौंपा ज्ञापन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** राष्ट्रीय दलित पिछड़ा वर्ग भारत के पदाधिकारी इकट्ठा होकर संभल कोतवाली पहुंचे और उन्होंने 7 अक्टूबर 2025 को महर्षि भगवान वाल्मीकि का प्रकट दिवस जो संपूर्ण भारत में मनाया गया उसे पर राष्ट्रीय न्यूज़ चैनल की संवाददाता अंजना ओम कश्यप द्वारा ब्लैक एंड व्हाइट प्रोग्राम में भगवान वाल्मीकि को डाकू चोर कहकर संबोधित करने पर रोष जताते हुए कोतवाली प्रभारी से शिकायत की। यहां वार्ता के बाद पदाधिकारी नगर मजिस्ट्रेट के कार्यालय पहुंचे और उन्हें एक ज्ञापन देते हुए धार्मिक भावनाएं भड़काने का आरोप लगाते हुए टीवी चैनल की एंकर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कार्यवाही किए जाने की मांग की। इस दौरान ज्ञापन देने वालों में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप कुमार सरसवाल, आलोक भारती, अजय चौधरी, काकू, अरविंद, करण सिंह, मोहम्मद इरफान, मुकेश गजनाल, सरपंच, सुरेश मुल्तानी, राकेश सिरसवाल, राजकुमार, धरुव कुमार आदि मौजूद रहे।

# दीपावली पर सुरक्षा और सफाई व्यवस्था के लिए सौंपा तहसीलदार को ज्ञापन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** दीपावली पर्व और धनतेरस के अवसर पर बाजारों में सुरक्षा व्यवस्था के कड़े प्रबंध रखना और नगर में साफसफाई आदि की व्यवस्था को लेकर ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा गया।

समाजवादी पार्टी के संभल से जिला सचिव एवं समाजसेवी सईद अख्तर इसासइली के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर की नई तहसील पहुंचकर के एक ज्ञापन तहसीलदार संभल धीरेंद्र सिंह को सौप जिसमें मांग करते हुए कहा गया कि दीपावली और धनतेरस आदि के पर्व आ रहे हैं इसलिए चोर उचक्के सक्रिय हो जाते हैं और बाजारों में भेदभाव के चलते जैविक काटी जाती है लोगों को असुविधा का सामना करना पड़े इसलिए महिला पुलिस की एवं पुरुष पुलिस की तैनाती विभिन्न स्थानों पर की जानी चाहिए। गश्त करने के साथी पूरी जवान तैनात होने चाहिए और नगर में साफसफाई के प्रबंध किए जाने चाहिए। बिजली की आपूर्ति भरपूर होनी चाहिए। मच्छरो का प्रकोप रोकने के लिए दवा का छिड़काव किया जाये। ज्ञापन देने वालों में सईद अख्तर इसराइली, हाफिज मोहम्मद वसीम, फुरकान वारसी, साकिब, आमिर, नबीन अहमद, इरशाद, विकास, नाज़िम् सैफी, रमीज़ राजा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने दलितों की हत्याओं और अपमान के खिलाफ निकाला मार्च




**उत्तम भारत संवाददाता**

**संभल।** महामहिम राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन तहसीलदार सम्भल को सौंपकर दलितों पर होने वाले अत्याचारों के विरूद्ध भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के के कार्यकर्ताओ ने आवाज़ बुलन्द की।

गुरूवार को भारतीय कम्युनिस्ट पाटी के कार्यकर्ताओ ने रज्य व्यापी धरना प्रदर्शन एंव ज्ञापन के क्रम मे सौंपे गए ज्ञापन मे कहा कि शायद ही कोई ऐसा दिन जाता हो जब मीडिया एंव समाचार पत्रों मेंदलितों के विरूद्ध महिलाओं के विरूद्ध अथवा धार्मिक अल्पसंख्यक के विरूद्व अत्याचार की घटना बढने अथवा सुनने को ना मिलती हो कि अक्टूबर के प्रथम पखवाड़े में ऐसी घटनायें घटी है जिन्होने पूरे राष्ट्र को हिला दिया है। रायबरेली में एक दलित हरिओम बाल्मीकि की नृशंस्ता पूर्वक हत्या कर दी गयी। एक जातिवाद के जहर से भीगे हुये वकील ने चीफ जस्टिफ ऑफ इण्डिया के ऊपर जूता फेंकने का अपराध किया। हरियाणा में एक दलित आई0 पी0 एस0 अफसर पूरन कुमार को इतना मानसिंक क्लैश दिया कि उसने आत्महत्या कर ली। उत्तर प्रदेश सरकार की ठीक नाक के नीचे लखनऊ जिले के बंथरा कस्बे में एक 11 वी की कक्षा की छात्रा का सामूहिक बलात्कार हुआ। उत्तर प्रदेश की सरकार को आदेश करें कि वह इन भयानक अपराधों को रोके और अपराधियों के विरूद्ध तत्काल कानूनी सम्बन्धि कड़ी कार्यवाही करें तथा प्रभावी लोगों को हर प्रकार से स्पष्ट आर्थिक समाजिक एंव भावनात्मक मदद करें। इस दौरान कामरेड अन्सार, कामरेड मेहनाज, कामर रेहमान, कामरेड रामोतार, कामरेड हस्सान सम्मली आदि मौजूद रहे।

# दीपावली के दृष्टिगत मिष्ठान की दुकानो पर छापामारी कर लिए गए नमूने

**संभल।** जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुपालन में दीपावली पर्व के दृष्टिगत जनपद में चलाए जा रहे मिलावट के विरुद्ध अभियान में ग्राम मथना, थाना ऐंचोड़ा कंबोह में बिना लाइसेंस संचालित पनीर प्लांट पर छापा मारा गया। मौके पर दूध एवं पनीर के नमूने संग्रहित कर अनहाइजीनिक कंडीशन में लगभग 2500 लीटर दूध भंडारित पाया गया जिसको नष्ट कराया गया एवं प्लांट को तत्काल बंद कराया गया।

# 10वीं की छात्रा दुर्गेश बनी एक दिन की क्षेत्राधिकारी

*** महिलाओं की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई, मिशन शक्ति के तहत मिला मौका**

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मथुरा।** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत एक अनूठी पहल की गई। आचार्य चोबसिंह इंटर कॉलेज, खिलोनी बल्देव की 10वीं कक्षा की छात्रा दुर्गेश सिकरवार को एक दिन के लिए महावन का क्षेत्राधिकारी (सीओ) बनाया गया। सीओ के रूप में दुर्गेश ने अधिकारियों और पुलिसकर्मियों से क्षेत्र की व्यवस्था की जानकारी ली। इसी दौरान नगला बक्सा विसावर निवासी सत्यवती देवी अपनी शिकायत लेकर उनके पास पहुंचीं। सत्यवती देवी ने बताया कि मौजा झरोटा में स्थित उनके खेत का बंटवारा हो चुका है। जब वह खेत जोतने गईं, तो तेज सिंह, दिगंबर और टीकम ने उन्हें गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और भगा दिया। उन्होंने बलदेव थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस पर छात्रा दुर्गेश ने तत्काल संज्ञान लेते हुए थाना प्रभारी बलदेव को पीड़िता की समस्या का तुरंत समाधान करने का निर्देश दिया। सीओ बनी छात्रा दुर्गेश सिकरवार ने महिलाओं से अपराध के विरुद्ध डटकर खड़े होने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जारी महिला सुरक्षा हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर तुरंत पुलिस को सूचना देनी चाहिए, ताकि अपराधियों पर समय रहते कार्रवाई की जा सके। महावन की यह पहल मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सशक्तिकरण का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनी। इसने बेटियों में आत्मविश्वास और समाज में महिला सुरक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इस अवसर पर सीओ महावन संजीव राय, प्रधानाचार्य केपी सिंह और स्काउट मास्टर राहुल सिकरवार उपस्थित रहे।

# अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने 22 मिशन शक्ति केन्द्रों के प्रभारी व एंटी रोमियों प्रभारियों संग की गोष्ठी

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मथुरा।** अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/नोडल अधिकारी मिशन शक्ति सुरेश चन्द्र रावत द्वारा जनपद मथुरा के समस्त 22 मिशन शक्ति केन्द्रो के प्रभारी तथा एंटी रोमियो टीम के प्रभारियो के साथ पुलिस कार्यालय में हाइब्रिड मोड पर( ऑफलाइन एवं ऑनलाइन) गोष्ठी की गई। गोष्ठी में कर्मयोगी ऐप पर नवीनतम रूप से अपलोड किए गए मिशन शक्ति केन्द्रो की मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के संबंध में विस्तृत रूप से प्रशिक्षित किया गया स उक्त विषय पर कुल 21 डवकनसम के 21 वीडियो अपलोड किए गए हैं। उक्त वीडियो को देखकर अंत में दी गई प्रश्नोत्तरी को सॉल्व करके मिशन शक्ति केन्द्रो पर नियुक्त कर्मियों के द्वारा ऑनलाइन प्रमाण पत्र प्राप्त किया जा सकता है। यह कार्य दो-तीन दिन में सभी मिशन शक्ति केंद्रो के पुलिस कर्मियों को पूर्ण करने हेतु निर्देशित कर किया गया एवं यह प्रमाण पत्र अनिवार्यता के साथ सभी को प्राप्त किया जाना है ।

# राष्ट्रीय पोषण माह का हुआ समापन राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा ने की पांच महिलाओं की गोद भराई

*** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्षा ने की 5 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार**

*** आगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा लगाएं गए विभिन्न स्टॉलों का किया अवलोकन**

**उत्तम भारत संवाददाता**




**मथुरा।** राष्ट्रीय पोषण माह का समापन कार्यक्रम बी0एस0ए0 इंजीनियरिंग कॉलेज के ऑडिटोरियम में उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डा. बबीता सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक बलदेव पूरन प्रकाश, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा, जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रतन कीर्ति, जिला सूचना अधिकारी प्रशांत कुमार सुचारी, खंड विकास अधिकारी फरह ,नेहा रावत एवं श्रीमती रुचि शर्मा-खंड विकास अधिकारी ग्रामीण, बाल विकास विभाग के सभी बाल विकास परियोजना अधिकारी ,सुपरवाइज़र सहित जनपद की आगनबाड़ी कार्यकत्रियां मौजूद रही।

उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ0 बबीता सिंह चौहान ने कार्यक्रम में आगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा लगाएं गए विभिन्न स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने आगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा बनाये गए स्वादिष्ट और पौष्टिक व्यंजनों के स्टॉल का अवलोकन किया और व्यंजनों को चखा।जिला कार्यक्रम अधिकारी ने अवगत कराया कि सभी व्यंजन कम चीनी, कम तेल तथा कम नमक में बनाये गए है। स्टॉलों में मिलेट्स से बनाये गए विभिन्न प्रकार के पौष्टिक व्यंजन भी लगाएं गए थे। राष्ट्रीय पोषण माह के समापन कार्यक्रम में डॉ0 बबीता सिंह चौहान ने 05 महिलाओं की गोद भराई की। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष जी ने कार्यक्रम में 05 बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार किया। इस अवसर पर आगनबाड़ी कार्यकत्रियों की हैंड मेड खिलौनों की प्रतियोगिता कराई गई थी, जिसमें शशि सैनी प्रथम, सीमा छोली द्वितीय तथा हेमलता निमेष तृतीया रही। पौष्टिक व्यंजनों की रेसिपी प्रतियोगिता में शशि लता प्रथम, विमलेश द्वितीय तथा आज़ादवती तृतीय रही। उक्त सभी विजेताओं को विधायक पूरन प्रकाश सिंह द्वारा प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर पुरुस्कृत किया गया।

वहीं बाल विकास परियोजना अधिकारी चौमुहाँ श्रीमती वंदना शर्मा तथा बाल विकास परियोजना अधिकारी छाता श्रीमती किरन गुप्ता को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ0 बबीता सिंह चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह भारत सरकार द्वारा हर साल सितंबर में मनाया जाने वाला एक अभियान है, जिसका उद्देश्य कुपोषण को दूर करना और बेहतर पोषण एवं स्वास्थ्य देखभाल को बढ़ावा देना है। इसकी शुरुआत 2018 में हुई थी और इसका आयोजन महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा किया जाता है। उक्त अभियान का मुख्य उद्देश्य कुपोषण को कम करना, पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाना और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना है। अभियान के अंतर्गत पोषण परामर्श सत्र, गोद भराई ,अन्नप्राशन, स्वच्छता अभियान ,पौष्टिक आहार प्रदर्शनी, हैंड मेड खिलौने, आदि कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इस अभियान से गर्भवती महिलाओं, 5 वर्ष तक की आयु के बच्चों ,स्तनपान कराने वाली माताओं और किशोर लड़कियों को लाभ मिलता है, और यह कुपोषण के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# लुटेरी दुल्हन काजल गुरूग्राम से गिरफ्तार, धोखाधड़ी के कई मुकदमें है दर्ज

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मथुरा।** गोवर्धन कस्बा की लुटेरी दुल्हन काजल को पुलिस ने हरियाणा के गुरुग्राम से गोवर्धन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पकड़ी गई दुल्हन पर आरोप है कि वह कुंवारे लड़कों को अपने प्यार में फंसाकर उनसे विवाह करती थी। इसके बाद रुपये और गहने लेकर फरार हो जाती थी।

पुलिस पिछले साल भर से उसे तलाश रही थी। उसका परिवार पहले से ही पुलिस की गिरफ्त में है। बताया जाता है कि कुंवारे लड़कों को अपने प्यार में फंसाकर उनसे विवाह करने बाद रुपये और गहने लेकर फरार होनी वाली काजल को गुरुग्राम के सरस्वती इन्क्लेव से गिरफ्तार किया है। उस समय भी उसके हाथों में मेंहदी लगी हुई थी। उसने जींस, टीशर्ट पहन रखा था। उसे देखकर कोई भी अंदाजा नहीं लगा सकता था कि इस भोली सूरत के पीछे कितनी शातिर फितरत है। फर्जी शादी के मामले में पुलिस पहले ही उसके पिता भगत सिंह, मां सरोज देवी, बहन तमन्ना और भाई सूरज को गिरफ्तार कर चुकी है। काजल की लगभग एक साल से फरार थी। उसके बच निकलने की सबसे बड़ी वजह यह थी कि वह अपने ठिकाने बदल-बदलकर रहती थी। राजस्थान पुलिस ने उसे मोबाइल लोकेशन, कॉल डिटल के आधार पर ट्रैक किया फिर उसे धर दबोचा। वह यहां एक किराए के घर में रहती थी। उसके और उसके परिवार के खिलाफ इन तीन अलग अलग राज्यों से धोखाधड़ी की शिकायत मिल रही थी।

# एसटीएफ और कृषि विभाग की संयुक्त टीम ने पकड़ा नकली खाद का जखीरा

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मथुरा।** त्योहारों के बीच एसटीएफ और कृषि विभाग की संयुक्त टीम को बड़ी सफलता मिली है, जिले में नकली खाद के कारोबार का पर्दाफाश करते हुए टीम ने 500 बोरी नकली एमओपी खाद बरामद की है।

एसटीएफ और जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार के नेतृत्व में यह कार्रवाई थाना हाइवे क्षेत्र के गांव तारसी में की गई। यहां से एक ट्रक में आईपीएल कंपनी की ब्रांडेड एमओपी खाद की 500 बोरियां लोड की गई थीं जिनकी आपूर्ति की जा रही थी। जांच में सामने आया कि खाद की बोरियों पर आईपीएल कंपनी का लेबल लगा था मगर अंदर भरी सामग्री नकली और निम्न गुणवत्ता की थी। एसटीएफ की टीम ने मौके पर ही ट्रक सहित एक बुलेरो गाड़ी को कब्जे में लेकर चालक और परिचालक से पूछताछ शुरू कर दी है। जिला कृषि अधिकारी आवेश कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई लंबे समय से मिल रही शिकायतों के आधार पर की गई। उन्होंने कहा किसानों के साथ धोखाधड़ी किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। खाद की हर खेप की सैंपल जांच कराई जा रही है। इस मामले में ट्रक चालक परिचालक और संबंधित कंपनी के खिलाफ थाना हाइवे में मुकदमा दर्ज करा दिया गया है। यह ट्रक खाटू श्याम सीकर से मथुरा आया था। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार यह खेप प्रदेश के अन्य जिलों में भी सप्लाई की जानी थी। फिलहाल एसटीएफ इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में जुटी है। बताया जाता है कि ट्रक में भरी नकली खाद का जिपस्म के नाम बिल कटा हुआ था। जिलाधिकारी सीपी सिंह का कहना है किसानों के हितों के लिए राज्य सरकार पूरी तरह संकल्पित है। डिमांड के अनुरूप किसानों को खाद उपलब्ध कराई गई है।

**उत्तर रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग, पब्लिक सूचना संख्या 10/2025**
**सेवायोग्य लोकोमोटिव्स की बिक्री 'जैसी स्थिति में हैं उसी स्थिति में' के आधार पर**

भारत सरकार के राष्ट्रपति की ओर से, प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक उत्तर रेलवे ''जैसी स्थिति में हैं उसी स्थिति में'' के आधार पर ब्रॉड गेज सेवायोग्य लोकोमोटिव्स की ई–नीलामी के माध्यम से बिक्री करने का प्रस्ताव रखते हैं।

**बिक्री हेतु डीजल लोकोमोटिव्स का विवरणः** इन लोकोमोटिव्स की ई–नीलामी दिसंबर–2025 या जनवरी–2026 माह में आयोजित किए जाने की संभावना है। ये लोकोमोटिव्स उत्तर रेलवे के तुगलकाबाद (TKD) एवं आलमबाग (AMV) डीजल शेड्स में उपलब्ध/स्थापित हैं और इन्हें वर्तमान स्थिति में ही बेचा/निपटाया जाएगा। बोलीदाताओं की भौतिक निरीक्षण हेतु सुविधा के लिए कार्यालय समय (प्रातः 10:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक) में 30.10.2025 को डीजल शेड तुगलकाबाद तथा 06.11.2025 को डीजल शेड आलमबाग में स्थल निरीक्षण का आयोजन किया जा रहा है। इच्छुक बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे ई–नीलामी में भाग लेने हेतु **www.ireps.gov.in** पर क्लास–III डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त कर पंजीकरण करें एवं अपनी बोलियाँ जमा करें। इन लोकोमोटिव्स से संबंधित अधिक जानकारी के लिए **www.nr.indianrailway.gov.in** पर भी देखा जा सकता है।

इन लोकोमोटिव्स का संक्षिप्त विवरण नीचे तालिका में दिया गया हैः

**क्रम सं.** 1. **लोकोमोटिव प्रकार** WDP1 (27 सं.) एवं WDP3A (4 सं.) **(संख्या (संख्या में))** 31 **स्थान** डीजल शेड तुगलकाबाद (TKD), नई दिल्ली, **लोको की आयु (वर्षों में)** 25 से 29

**क्रम सं.** 2. **लोकोमोटिव प्रकार** WDP1 **(संख्या (संख्या में))** 09 **स्थान** डीजल शेड आलमबाग (AMV), लखनऊ **लोको की आयु (वर्षों में)** 27 से 28

**संरक्षकः** वरिष्ठ डी.एम.ई./डीजल, डीजल शेड तुगलकाबाद (नामः श्री देवेंद्र सिंह, मोबाइलः 9717631405)

**निरीक्षण एवं लोको प्रस्तुति हेतु अधिकारीः** (i) तुगलकाबाद – श्री अजब सिंह, ए.डी.एम.ई./डीजल/टीकेडी, मोबाइलः 9717631413. (ii) आलमबाग – श्री मधुबन यादव, ए.डी.एम.ई./डीजल/AMV, मोबाइलः 9794834406.

**संपर्क पताः** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक (सी.एम.एम./सेल) का कार्यालय, उत्तर रेलवे, मुख्यालय कार्यालय, बड़ौदा हाउस, नई दिल्ली–110001.
मोबाइलः 9717630752 एवं 9717630775 ई–मेलः salenr365@gmail.com **3190/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# सौहार्द, एकता और उत्साह के रंगों में रंगी झिलमिल – दीपावली मंगल मिलन समारोह का भव्य आयोजन




● दीपक गाबा ने दीपावली पर्व को सामाजिक सहयोग और सौहार्द का प्रतीक बताते हुए कहा कि 'यह पर्व हमें एक-दूसरे के प्रति सद्भाव और सहयोग की भावना से कार्य करने की प्रेरणा देता है।' उन्होंने सोसाइटी की सक्रियता और सामुदायिक पहल की भी प्रशंसा की

नई दिल्ली। झिलमिल एवं फ्रेंड्स कॉलोनी सीईटीपी सोसाइटी द्वारा दीपावली मंगल मिलन समारोह का भव्य आयोजन झिलमिल क्षेत्र में हर्ष, उल्लास और सौहार्द के वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में समाज के विभिन्न वर्गों से बड़ी संख्या में अतिथि, उद्यमी, सामाजिक कार्यकर्ता, प्रशासनिक अधिकारी और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता झिलमिल फ्रेंड्स कॉलोनी सीईटीपी सोसाइटी के चेयरमैन डॉ. अनिल गुप्ता ने की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक संजय गोयल (शाहदरा), दीपक गाबा (अध्यक्ष, भाजपा शाहदरा जिला), पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम निवास गोयल, डी.एम. शाहदरा शैलेंद्र सिंह परिहार, ए.डी.एम. राजीव रंजन, डी.सी.पी. प्रशांत गौतम, एडिशनल डी.सी.पी. नेहा यादव, एस.डी.एम. तपन झा (शाहदरा), एस.डी.एम. पूनम (सीमापुरी) तथा एस.एच.ओ. बृजेश मिश्रा (जी.टी.बी. एन्क्लेव) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विधायक संजय गोयल ने अपने संबोधन में कहा कि 'दीपावली का पर्व केवल प्रकाश का ही नहीं, बल्कि एकता, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी सद्भाव और समरसता को मजबूत बनाते हैं।' उन्होंने आयोजकों को इस सुंदर प्रयास के लिए बधाई दी। डी.एम. शैलेंद्र सिंह परिहार ने कहा कि झिलमिल और फ्रेंड्स कॉलोनी सीईटीपी सोसाइटी द्वारा क्षेत्र में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और औद्योगिक विकास के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि 'ऐसे आयोजनों से समाज में सकारात्मक सोच और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना प्रबल होती है।' दीपक गाबा ने दीपावली पर्व को सामाजिक सहयोग और सौहार्द का प्रतीक बताते हुए कहा कि 'यह पर्व हमें एक-दूसरे के प्रति सद्भाव और सहयोग की भावना से कार्य करने की प्रेरणा देता है।' उन्होंने सोसाइटी की सक्रियता और सामुदायिक पहल की भी प्रशंसा की। समारोह में पटपड़गंज औद्योगिक क्षेत्र की एसोसिएशन की टीम तथा मीडिया जगत के वरिष्ठ पत्रकारों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और भी बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का उत्साहपूर्ण स्वागत किया गया और पारिवारिक माहौल में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने दीपावली की रौनक को दोगुना कर दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु चेयरमैन डॉ. अनिल गुप्ता, वाइस चेयरमैन राकेश बंसल, सदस्य अनुराग जैन, अशोक गर्ग, हरीश मनचंदा और विनीत जैन सहित पूरी टीम को उपस्थित अतिथियों एवं उद्यमियों ने हार्दिक बधाई और धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### एसएयू गर्ल्स हॉस्टल वार्डन डॉ. रिंकू देवी गुप्ता को पद से हटाया

नई दिल्ली। दक्षिण एशियाई विश्वविद्यालय (एसएयू) में एक कथित यौन उत्पीड़न की घटना के बाद विश्वविद्यालय प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की करते हुए गुरुवार को गर्ल्स हॉस्टल की वार्डन डॉ. रिंकू देवी गुप्ता को तत्काल प्रभाव से उनके पद से हटा दिया गया है, जबकि हॉस्टल की सहायक द्वितीय अनुपमा अरोड़ा को जांच रिपोर्ट जमा होने तक निलंबित कर दिया गया है। यह फैसला छात्रों के लगातार विरोध प्रदर्शनों के बीच लिया गया है। घटना 13 अक्टूबर को परिसर के निमार्णाधीन क्षेत्र में हुई, जहां एक प्रथम वर्ष की बीटेक छात्रा के साथ चार अज्ञात लोगों ने कथित रूप से गैंगरेप किया। छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर मामले को दबाने का आरोप लगाते हुए कई दिनों से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने डॉ. गुप्ता और अनुपमा अरोड़ा पर सबूतों के साथ छेड़छाड़ करने का इल्जाम लगाया था।

### ट्रक की चपेट में आने से 15 वर्षीय किशोर की दर्दनाक मौत

नई दिल्ली। प्रेम नगर थाना क्षेत्र में बृहस्पतिवार दोपहर एक दर्दनाक हादसे में 15 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। किशोर अपनी मां के कहने पर दीपावली के लिए राशन लेने गया था, लेकिन वापस घर लौट नहीं सका। हादसे में उसका साथी बाल-बाल बच गया, जबकि ट्रक चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान राम महतो (15) के रूप में हुई है, जो किराड़ी के विद्यापति नगर में रहता था और दसवीं कक्षा का छात्र था। बृहस्पतिवार को वह अपने दोस्त प्रिंस (16) के साथ मुबारकपुर रोड स्थित किराना स्टोर पर राशन लेने गया था। लौटते समय मुबारकपुर गांव स्थित वाल्मीकि मंदिर के पास पीछे से आ रहे सीमेंट से भरे ट्रक ने उनकी बाइक को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही राम सड़क पर गिर गया और ट्रक का पिछला पहिया उसके ऊपर से गुजर गया। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। ट्रक चालक वाहन छोड़कर भाग निकला।

### एम्स में डॉक्टर के निलंबन पर दो यूनियन आमने-सामने

नई दिल्ली। एम्स में महिला नर्सिंग अधिकारी के साथ दुर्व्यवहार और प्रताड़ित किए जाने के आरोप में हटाए गए डॉ. एके बिसोई का मामला तूल पकड़ने लगा है। अब इस मसले पर एम्स फैकल्टी एसोसिएशन (एफएआईएमएस) ने कड़ा रुख अख्तियार करते हुए 24 घंटे में कार्रवाई को वापस लेने की मांग की है। डॉ. बिसोई कार्डियोथोरेसिक एवं वैस्कुलर सर्जरी (सीटीवीएस) के विभागाध्यक्ष थे। एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि अगर मांगे नहीं मानी गई तो एक दिन के लिए सभी सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे। इसके साथ ही नर्सिंग यूनियन के पदाधिकारियों के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की मांग की गई है। इससे फैकल्टी एसोसिएशन व नर्सिंग यूनियन आमने-सामने आ गए हैं। नर्सिंग यूनियन ने एम्स निदेशक और प्रधानमंत्री कार्यालय को शिकायत देकर सीटीवीएस के विभागाध्यक्ष पर एक महिला नर्सिंग अधिकारी को प्रताड़ित और अपशब्द कहने का आरोप लगाया।

### न्यासी वस्त्र पहनने पर जेल प्रशासन करेगा फैसला

नई दिल्ली। पटियाला हाउस कोर्ट ने यौन शोषण मामले में गिरफ्तार चैतन्यानंद सरस्वती की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने पुलिस द्वारा तैयार जब्ती मेमो की कॉपी उपलब्ध कराने की मांग की थी। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अनिमेष कुमार की अदालत ने कहा कि जांच के दौरान जब्त दस्तावेजों की प्रतियां आरोपपत्र दाखिल होने से पहले आरोपी को नहीं दी जा सकतीं। चैतन्यानंद सरस्वती के अधिवक्ता मनीष गांधी ने दलील दी थी कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है, जो जब्ती मेमो की प्रतिलिपि देने से रोकता हो। साथ ही यह आशंका जताई गई कि जब्त दस्तावेजों का उपयोग किसी अन्य मामले में किया जा सकता है। वहीं अतिरिक्त लोक अभियोजक ने इसका विरोध किया और कहा कि यह प्रक्रिया कानून के तहत अनुमत नहीं है, जिसे अदालत ने स्वीकार करते हुए याचिका को खारिज किया।

# मुख्यमंत्री ने कालिंदी कुंज में यमुना के स्वच्छता कार्यों का किया निरीक्षण







नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को कालिंदी कुंज पहुंचकर यमुना के स्वच्छता कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि छठ महापर्व के भव्य आयोजन के लिए सरकार युद्धस्तर पर तैयारियों में जुटी है। इस दौरान कैबिनेट मंत्री कपिल मिश्रा भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने दिल्ली सचिवालय में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि स्वच्छ यमुना, घाटों पर साफ-सफाई और छठव्रतियों के लिए बेहतरीन सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए टीम दिल्ली दिन-रात कार्यरत है। अधिकारियों के साथ पूरे प्रबंध की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के निरंतर प्रयासों से यमुना फिर से स्वच्छ, निर्मल और अविरल धारा में लौट रही है। नालों को टैप करने, एसटीपी लगाने और प्रदूषण नियंत्रित करने जैसे ठोस कदमों से जल की गुणवत्ता निरंतर बेहतर हो रही है। इस वर्ष छठ पर्व पर जब श्रद्धालु स्वच्छ यमुना में खड़े होकर सूर्य देव को अर्घ्य अर्पित करेंगे, तो वह दृश्य आस्था, परंपरा और पर्यावरण के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता का प्रतीक होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार केंद्र सरकार के सहयोग से पांच महीने में यमुना को स्वच्छ करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। पिछली सरकार को भी केंद्र सरकार ने अमृत योजना एक और दो के माध्यम से सहयोग दिया, लेकिन उन्होंने यमुना सफाई के लिए कुछ नहीं किया। आज वह लोग यमुना पर झूठ की राजनीति कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि दिल्ली सरकार ने यमुना से हजारों टन जलकुंभी निकाली है। आज यमुना स्वच्छ है और दिल्ली सरकार इसके दोनों किनारों पर भव्य छठ का आयोजन कर रही है।

## 'लागत से ज्यादा टोल वसूली बंद हो' याचिका पर हाई कोर्ट गंभीर




नई दिल्ली। निर्माण लागत की वसूली पूरे करने वाले राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर टोल वसूली रोकने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से जवाब मांगा है।

याचिकाकर्ता अब्दुल करीम अंसारी की याचिका पर मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय व न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला की पीठ ने एनएचएआई को नोटिस जारी कर हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया। मामले पर अगली सुनवाई 20 जनवरी 2026 को होगी।

अब्दुल करीम अंसारी ने याचिका में कहा कि देश भर में 128 टोल प्लाजा हैं जहां आपरेटर पूरी परियोजना लागत वसूल चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद भी टोल वसूली जारी है। नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (कैग) की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए याचिकाकर्ता की तरफ से तर्क दिया गया कि कई मामलों में एकत्रित टोल की कुल राशि निर्माण लागत से कई गुना अधिक है। याचिका में आंकड़े पेश करके कहा गया कि कुछ टोल प्लाजा पर टोल राजस्व परियोजना की निर्माण लागत से 50 गुना से भी अधिक हो गया है। ऐसे उदाहरण भी हैं जहां वसूली 2016 की शुरूआत में ही पूरी हो गई थी, लेकिन यहां पर अब भी टोल संग्रह जारी है।

## उच्च शिक्षा में अंतरराष्ट्रीयकरण के प्रति प्रतिबद्ध दिल्ली विश्वविद्यालय : प्रो. योगेश सिंह

● कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय की वैश्विक प्रतिष्ठा को मजबूत करने के विश्वविद्यालय के प्रयासों पर प्रकाश डाला।




नई दिल्ली। दिल्ली विश्वविद्यालय के विदेशी छात्र रजिस्ट्री ने वाइस-रीगल लॉज स्थित कन्वेंशन हॉल में 'विदेशी छात्रों के लिए नए नियम और प्रक्रियाएं' पर एक इंटरैक्टिव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विश्वविद्यालय के हितधारकों को अंतरराष्ट्रीय छात्रों के प्रवेश, पंजीकरण और समग्र प्रशासन से संबंधित नवीनतम अपडेट और नियामक परिवर्तनों से अवगत कराना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने की और आईपीएस, उप निदेशक एवं विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण अधिकारी (एफआरआरओ) दीपक यादव विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने अंतरराष्ट्रीय छात्रों के लिए प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने और अकादमिक उत्कृष्टता के लिए दिल्ली विश्वविद्यालय की वैश्विक प्रतिष्ठा को मजबूत करने के विश्वविद्यालय के प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने उच्च शिक्षा में अंतरराष्ट्रीयकरण के महत्व और बढ़ते विदेशी छात्र समुदाय के समर्थन में दिल्ली विश्वविद्यालय की प्रतिबद्धता पर बल दिया।

कुलपति ने आशा व्यक्त की कि यह आयोजन इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी हितधारकों के लिए लाभदायक होगा।

आईपीएस दीपक यादव ने अपने संबोधन में कहा कि भारत विकसित भारत बनने के लक्ष्य की ओर बढ़ेगा, भारतीय विश्वविद्यालयों में विदेशी छात्रों की बढ़ती आमद देखेंगे। उन्होंने विदेशी छात्रों के लिए नए नियमों और प्रक्रियाओं पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी, जिसमें पंजीकरण औपचारिकताओं, वीजा नियमों, छात्रावास औपचारिकताओं और अनुपालन आवश्यकताओं के बारे में बताया। उन्होंने मुख्य रूप से हाल ही में अधिनियमित आव्रजन और विदेशी अधिनियम, 2025 और आव्रजन और विदेशी नियम, 2025 पर जोर दिया। उन्होंने छात्र वीजा की विभिन्न श्रेणियों का वर्णन किया और अधिनियम के कानूनी प्रावधानों पर भी चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में विदेशी छात्र रजिस्ट्री की डीन, प्रो. रूपम कपूर ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संकाय सदस्यों, प्रशासनिक कर्मचारियों, एफएसआर टीम और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डीन ऑफ कॉलेजेज प्रो. बलराम पाणि, सीओएल की निदेशक प्रो. पायल मागो, अंतरराष्ट्रीय संबंध की अध्यक्ष प्रो. नीरा अग्निमित्रा और रजिस्ट्रार डॉ. विकास गुप्ता सहित दिल्ली विश्वविद्यालय से जुड़े अनेकों कॉलेज प्राचार्य, डीन, विभागाध्यक्ष (एचओडी), विश्वविद्यालय छात्रावास प्रोवोस्ट, वार्डन, रेजिडेंट ट्यूटर, प्रवेश समन्वयक, संकाय सदस्य और प्रशासनिक कर्मचारी शामिल हुए।

## मदर डेयरी प्लांट नरवाना रोड के स्टेट मैनेजर डॉक्टर करण सिंह ने मेघराज सिंह मलेरिया विभाग को किया सम्मानित



उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली। दिल्ली नगर निगम शाहदरा दक्षिणी क्षेत्र के पश्चिमी विनोद नगर वार्ड 198 में स्थित मदर डेयरी प्लांट नरवाना रोड के स्टेट मैनेजर डॉक्टर करण सिंह ने मेघराज सिंह मलेरिया विभाग को किया सम्मानित। मदर डेयरी प्लांट नरवाना रोड के स्टेट मैनेजर डॉक्टर करण सिंह ने मेघराज सिंह मलेरिया विभाग नगर निगम के द्वारा किये गये कार्य की बहुत सराहना की और उन्हें सम्मानित किया। मदर डेयरी प्लांट नरवाना रोड के स्टेट मैनेजर डॉक्टर करण सिंह ने कहा कि समय-समय पर आकर मेघराज सिंह मलेरिया विभाग के द्वारा हमारे मदर डेयरी प्लांट में समस्त स्टाफ और कर्मचारियों को डेंगू मलेरिया चिकनगुनिया मच्छरों की संपूर्ण जानकारी देते आ रहे हैं और हम उनके कार्य और सुझावों से बहुत ही प्रभावित हुए हमने उनकी बताएं गई एमसीडी गाइडलाइन को फॉलो करते रहे जिससे हमारे मदर डेयरी प्लांट में कोई भी डेंगू मलेरिया से पीड़ित नहीं हुआ।

## आयुर्वेदिक तरीकों को अपनाने से बढ़ती है शरीर की प्रतिरोधक क्षमता: आचार्य मनीष

उत्तम भारत संवाददाता, नई दिल्ली। भारत में आयुर्वेद आधारित स्वास्थ्य व्यवस्था को नई दिशा देने के उद्देश्य से आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा विशेषज्ञ आचार्य मनीष ने नई दिल्ली में पेट-यकृत-प्लीहा शुद्धि किट जनता को समर्पित किया। यह किट देशभर में आयुर्वेद आधारित रोकथाम और उपचार स्वास्थ्य समाधान को सुलभ बनाने के उद्देश्य से शुरू की गई है। आचार्य मनीष ने कहा कि आयुर्वेद हमें सिखाता है कि असली उपचार हमेशा जड़ों से शुरू होता है। जब शरीर के प्रमुख अंग-खासकर पेट, यकृत लीवर और प्लीहा स्प्लीन शुद्ध और मजबूत होते हैं,तो रोग खुद-ब-खुद दूर हो जाते हैं। डिटॉक्सिफिकेशन केवल उपचार नहीं बल्कि स्वास्थ्य की बुनियाद है। ऐसे आयुर्वेदिक तरीकों को दिनचर्या में अपनाने से शरीर की प्रतिरोधक क्षमता और जीवनशक्ति बढ़ती है। आचार्य मनीष ने बताया कि यह किट जीना सीखो लाइफकेयर लिमिटेड की कई वर्षों की क्लीनिकल रिसर्च और परीक्षण का परिणाम है। संस्था को आयुष मंत्रालय से मंजूरी प्राप्त है। पेट-यकृत-प्लीहा शुद्धि किट सिर्फ बीमार व्यक्तियों के लिए ही नहीं बल्कि स्वस्थ लोगों के लिए भी फायदेमंद है। इसे शरीर की नियमित सफाई और रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करने के लिए उपयोग किया जा सकता है। किट में चार हफ्तों का एक तय प्रोटोकॉल है, जो पाचन प्रणाली को संतुलित करता है, लीवर की कार्यप्रणाली को बेहतर बनाता है और प्लीहा से जुड़ी प्रतिरक्षा क्षमता को मजबूत करता है। यह विशेष रूप से गैस,अम्लता,कब्ज,बदहजमी,मोटापा,लिवर की कमजोरी और खराब पाचन जैसी समस्याओं में उपयोगी है। उन्होंने बताया कि पेट-यकृत-प्लीहा शुद्धि किट शुद्धि ब्रांड की कई अन्य विशेष आयुर्वेदिक किट्स,जैसे डायबिटीज केयर, बीपी केयर, डिप्रेशन एंड एंग्जायटी,लिवर, किडनी,थायरॉयड, हृदय, फेफड़े, जोड़ और इम्यूनिटी केयर किट्स की आधारशिला भी है। आचार्य मनीष का मानना है कि आधुनिक जीवनशैली में बढ़ती बीमारियों का समाधान केवल आयुर्वेदिक डिटॉक्सिफिकेशन और जीवनशैली सुधार से ही संभव है। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि लोग बीमारी से पहले स्वास्थ्य की देखभाल को प्राथमिकता दें।

## दिल्ली में हरित पटाखों की बिक्री के लिए लाइसेंस दिल्ली पुलिस जारी करेगी

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद दिल्ली पुलिस अब व्यापारियों को हरित पटाखों की बिक्री के लिए लाइसेंस उपलब्ध कराएगी। यह लाइसेंस 18 से 20 अक्टूबर तक केवल तीन दिन के लिए मान्य होगा। पुलिस के अनुसार, लाइसेंस हर जिले के उपायुक्त द्वारा जारी किया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक हरित पटाखे के पैकेट पर क्यूआर कोड अनिवार्य होगा। इसके अलावा, एक व्यापारी अधिकतम 600 किलो पटाखे का भंडारण कर सकेगा। पटाखों की ई-कॉमर्स साइटों पर बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार, अन्य पटाखों की बिक्री पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी और पटाखे दूसरे राज्यों से लाने या बेचने पर पाबंदी लागू रहेगी। यदि कोई व्यापारी अस्थायी शेड पर बिक्री करना चाहता है, तो उसे एमसीडी से अस्थायी लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। लाइसेंस 18 अक्टूबर तक ही जारी किए जाएंगे, और व्यापारी को यह सुनिश्चित करना होगा कि बिक्री केवल निर्धारित तीन दिनों तक हो।

## डीयू के छात्रों ने जाना दिल्ली विधान सभा का गौरवशाली इतिहास

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा के अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय के कैम्पस लॉ सेंटर-2 के प्रथम और द्वितीय वर्ष के छात्रों से विधानसभा परिसर में संवाद किया। यह छात्र शैक्षणिक भ्रमण के लिए विधान सभा आए थे ताकि वे भारत की विधायी संस्थाओं के इतिहास और कार्यप्रणाली को नजदीक से समझ सकें। विधानसभा अध्यक्ष ने छात्रों का स्वागत करते हुए उन्हें दिल्ली विधान सभा की गौरवशाली इतिहास, विधायी प्रक्रिया और संवैधानिक ढांचे के बारे में जानकारी दी। अपने संबोधन में उन्होंने विधानसभा भवन के ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि जब भारत की राजधानी को कलकत्ता से दिल्ली स्थानांतरित किया गया था, तब पुराना सचिवालय भवन केंद्रीय विधान सभा के रूप में कार्य करता था। लुटियंस दिल्ली के तैयार होने से पहले यहीं से देश की विधायी गतिविधियां संचालित होती थीं। उन्होंने गोपाल कृष्ण गोखले, लाला लाजपत राय, मदन मोहन मालवीय और विट्ठलभाई पटेल जैसे महान स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान का उल्लेख करते हुए कहा कि इन व्यक्तित्वों ने भारत की लोकतांत्रिक परंपरा की मजबूत नींव रखी। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि वर्तमान विधान सभा परिसर लगभग 22 एकड़ में फैला है और यह देश के सबसे बड़े विधान परिसरों में से एक है। उन्होंने दिल्ली को मिले विशेष संवैधानिक दर्जे के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि बालकृष्णन समिति की सिफारिशों के आधार पर अनुच्छेद 239(एए) जोड़ा गया, जिसके अंतर्गत दिल्ली को 70 सदस्यों वाली विधानसभा का दर्जा प्राप्त हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि वर्ष 1993 में दिल्ली में पहली बार निर्वाचित विधानसभा का गठन हुआ था। गुप्ता ने छात्रों को आठवीं विधानसभा की वर्तमान संरचना और दिल्ली की विधायी यात्रा के विभिन्न ऐतिहासिक पड़ावों से भी अवगत कराया।

**मानसून** आईएमडी ने अतिरिक्त बारिश का श्रेय सक्रिय मानसून को दिया जिससे लगातार पश्चिमी विक्षोभों का समर्थन मिला

# बारिश की बूंदों को अपनी गठरी में समेट दक्षिण-पश्चिम मानसून वापस



नई दिल्ली। रिमझिम फुहारों से देश के पूरे हिस्से को भिगोने के बाद दक्षिण-पश्चिम मानसून 15 अक्टूबर की सामान्य तिथि के एक दिन बाद बृहस्पतिवार को पूरे देश से वापस चला गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने यह जानकारी दी।

विभाग ने बताया कि इसी समय पूर्वोत्तर मानसून तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल, तटीय आंध्र प्रदेश, रायलसीमा, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक और केरल-माहे में दस्तक दे चुका है। इस वर्ष मानसून 24 मई को केरल पहुंचा था जो 2009 के बाद से भारतीय मुख्य भूमि पर इसका सबसे जल्दी आगमन था। यह 2009 में 23 मई को भारत पहुंचा था। मानसून ने आठ जुलाई की सामान्य तिथि से नौ दिन पहले पूरे देश को कवर कर लिया। मानसून पूरे भारत में 2020 के बाद सबसे जल्दी पहुंचा है। मानसून ने 2020 में 26 जून तक पूरे देश को कवर कर लिया था। मानसून आमतौर पर एक जून तक केरल में प्रवेश करता है और आठ जुलाई तक पूरे देश को कवर कर लेता है। यह 17 सितंबर के आसपास उत्तर-पश्चिम भारत से वापस जाना शुरू करता है और 15 अक्टूबर तक पूरी तरह से चला जाता है। भारत में 30 सितंबर तक मानसून के दौरान चार महीने में सामान्य 868.6 मिमी के मुकाबले 937.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई जो आठ प्रतिशत अधिक है।

आईएमडी ने इस महीने की शुरूआत में कहा था कि उत्तर-पश्चिम के कुछ क्षेत्रों को छोड़कर भारत के अधिकतर क्षेत्रों में अक्टूबर से दिसंबर तक के मानसून के बाद के मौसम के दौरान सामान्य से अधिक वर्षा होने की संभावना है। आईएमडी महानिदेशक मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि जून-सितंबर के दौरान हुई भरपूर बारिश के बाद, अक्टूबर में वर्षा सामान्य से 15 प्रतिशत अधिक होने की संभावना है। पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में 1089.9 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य बारिश 1367.3 मिलीमीटर से 20 प्रतिशत कम है।

महापात्र ने कहा, इस मानसून में पूर्वी और पूर्वोत्तर भारत में बारिश 1901 के बाद से दूसरी बार सबसे कम रही। इस क्षेत्र में मानसून के दौरान सबसे कम बारिश (1065.7 मिलीमीटर) 2013 में दर्ज की गई थी। अध्ययनों से पता चलता है कि पिछले दो दशकों में इस क्षेत्र में वर्षा में कमी आई है। उन्होंने कहा कि पश्चिमोत्तर भारत में 747.9 मिलीमीटर बारिश हुई जो सामान्य बारिश से 27.3 प्रतिशत अधिक है। महापात्र ने कहा कि यह 2001 के बाद से सबसे अधिक और 1901 के बाद से छठी सबसे अधिक बारिश है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के सभी जिलों में जून, अगस्त और सितंबर में सामान्य से अधिक वर्षा दर्ज की गई। पंजाब में दशकों की सबसे भीषण बाढ़ आई तथा हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड एवं जम्मू कश्मीर में बादल फटने, अचानक बाढ़ और भूस्खलन की खबरें आईं, जिससे बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा और लोग विस्थापित हुए। आईएमडी ने अतिरिक्त बारिश का श्रेय सक्रिय मानसून को दिया जिससे लगातार पश्चिमी विक्षोभों का समर्थन मिला और क्षेत्र में बारिश में वृद्धि हुई। उन्होंने कहा कि मध्य भारत में 1125.3 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई जो सामान्य बारिश से 15.1 प्रतिशत अधिक है जबकि दक्षिणी प्रायद्वीप में 9.9 प्रतिशत अधिक बारिश दर्ज की गई।

# फरीदाबाद में इंटर स्कूल सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2025-26 का सफल आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा तथा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक हाईवे के आदेशानुसार पुलिस आयुक्त सत्येंद्र कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन एवं डीसीपी ट्रैफिक जयवीर राठी के निर्देशन में दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को जिलेभर में इंटर स्कूल सड़क सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता 2025 26 का सफल आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता जिले के 1581 शिक्षण संस्थानों में एक साथ आयोजित की गई, जिनमें 377 सरकारी स्कूल, 1180 निजी स्कूल तथा 24 कॉलेज, शैक्षणिक संस्थान शामिल थे। प्रतियोगिता में कुल 4,39,173 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह प्रतियोगिता सभी शिक्षण संस्थानों में सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक एक समान प्रश्नपत्र के माध्यम से संपन्न कराई गई। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों ने अत्यंत जोश, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ भाग लिया तथा सड़क सुरक्षा से संबंधित विभिन्न विषयों पर अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रश्न पत्र में ट्रैफिक नियमों की जानकारी, यातायात संकेतों की पहचान, सडक पर सावधानी, वाहन संचालन के दौरान सुरक्षा उपाय तथा जिम्मेदार नागरिकता जैसे विषय शामिल थे।

इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के प्रति व्यवहारिक समझ विकसित करना, यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना और भविष्य में सुरक्षित ड्राइविंग आदतों को बढ़ावा देना है। यह कार्यक्रम वर्ष 2013-14 से निरंतर रूप से आयोजित किया जा रहा है और प्रत्येक वर्ष विद्यार्थियों की भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की जा रही है। वर्ष 2024-25 में जिले के लगभग 1,54,000 छात्र-छात्राओं ने इसमें भाग लिया था, जबकि इस वर्ष यह संख्या बढकर 4,39,173 तक पहुंच गई है, जो इस अभियान की सफलता और जन जागरूकता में वृद्धि को दशार्ती है। यह उपलब्धि फरीदाबाद को सडक, सुरक्षा, शिक्षा और जन-जागरूकता के क्षेत्र में प्रदेश के अग्रणी जिलों में शामिल करती है।

एसीपी ट्रैफिक ने बताया कि सडक सुरक्षा शिक्षा का उद्देश्य बच्चों में प्रारंभिक स्तर से ही ट्रैफिक नियमों के प्रति अनुशासन और जागरूकता की भावना विकसित करना है ताकि वे भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनकर समाज में उदाहरण प्रस्तुत कर सकें।

फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस ने इस महा अभियान को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी स्कूल प्रिंसिपलों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। जिसका उद्देश्य सडक सुरक्षा को जन-आंदोलन का रूप देना है।

# विकास कार्यों और समस्याओं को लेकर शहर का प्रतिनिधिमंडल भाजपा जिलाध्यक्ष से मिला



**उत्तम भारत संवाददाता, पुन्हाना, ललित कुमार गर्ग।** शहर का एक प्रतिनिधिमंडल एमिनेंट पर्सन धर्मवीर सैनी के नेतृत्व में भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पिंटू से मिला। प्रतिनिधिमंडल में मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन संजीव सिकरैया, नोमिनेट पार्षद कैलाश सोनी और एमिनेंट पर्सन ललित कुमार शामिल रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र के विकास कार्यों एवं जनसमस्याओं पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने पानी, बिजली, सड़क, जल निकासी, सफाई व्यवस्था तथा बाजार क्षेत्र में बढ़ते ट्रैफिक जाम जैसी प्रमुख समस्याओं से जिलाध्यक्ष को अवगत कराया। बैठक के दौरान सदस्यों ने बताया कि कई क्षेत्रों में सड़कों की मरम्मत न होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है, वहीं बरसात के दौरान गलियों में जलभराव की स्थिति भी बन जाती है। व्यापारिक इलाकों में स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हैं, जिससे शाम के समय राहगीरों को असुविधा होती है।

इन मुद्दों पर गंभीरता दिखाते हुए जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पिंटू ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को तुरंत फोन कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का लक्ष्य जनहित को सर्वोपरि रखना है। किसी भी नागरिक को पानी, बिजली या सड़क जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित नहीं रहने दिया जाएगा। विकास कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा आमजन के हित में कई योजनाएँ प्रभावी रूप से लागू की जा रही हैं — जिनमें जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना और स्वच्छ भारत मिशन प्रमुख हैं। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह हमारी प्राथमिकता है। पार्टी कार्यकर्ता जनता की सेवा को सर्वोच्च धर्म मानते हुए निरंतर सक्रिय रहें। इस अवसर पर एमिनेंट पर्सन धर्मवीर सैनी ने कहा कि हमारा उद्देश्य क्षेत्र में विकास की रफ्तार को और तेज करना है। जनता की समस्याओं को दूर करने के लिए हम निरंतर प्रशासन और पार्टी नेतृत्व से संवाद बनाए हुए हैं, ताकि हर नागरिक तक सुविधाएं समय पर पहुंच सकें।

वहीं मार्केट कमेटी वाइस चेयरमैन संजीव सिकरैया ने कहा कि बाजारों में सफाई और जल निकासी की समस्या को प्राथमिकता से हल किया जाना चाहिए, ताकि व्यापारियों और आम नागरिकों को राहत मिल सके।

बैठक के अंत में जिलाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह पिंटू ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शहर में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराया जाएगा और किसी भी स्तर पर जनता को असुविधा नहीं होने दी जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार विकास और जनकल्याण की राजनीति में विश्वास रखती है।

# समाधान शिविर बन रहे हैं जनता की समस्याओं के त्वरित निपटान का सशक्त माध्यम : हिमांशु चौहान



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** हरियाणा सरकार की पहल समाधान शिविर जिलावासियों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। इस पहल से नागरिकों को अपनी समस्याओं का समाधान एक ही स्थान पर मिल रहा है। वीरवार को लघु सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता नगराधीश हिमांशु चौहान ने की। उन्होंने बताया कि वीरवार को आयोजित शिविर में सात शिकायतें प्राप्त हुईं।

नगराधीश हिमांशु चौहान ने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त सभी शिकायतों के त्वरित निपटान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं, ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन हर सोमवार और वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक लघु सचिवालय में जनता की समस्याएं सुनकर उनका त्वरित समाधान सुनिश्चित कर रहा है।

उन्होंने कहा कि शिकायत समाधान शिविरों में नागरिकों की बढ़ती भागीदारी सरकार और प्रशासन पर जनता के भरोसे को दशार्ती है। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों की विभिन्न प्रशासनिक और शासकीय विभागों से जुड़ी समस्याओं का तुरंत निपटारा किया जा रहा है।

नगराधीश ने बताया कि इन शिविरों में लोगों को स्वास्थ्य, शिक्षा, प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, भूमि पंजीकरण, समाज कल्याण पेंशन, राशन कार्ड, स्थानीय निकायों से नो-ड्यूज प्रमाण पत्र, नगरपालिका द्वारा नक्शा पास करवाने, बिजली, सिंचाई, सार्वजनिक स्वास्थ्य और आपराधिक शिकायतों जैसी सेवाओं का लाभ मिल रहा है।

उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि किसी नागरिक को इन विषयों में किसी भी प्रकार की परेशानी है तो वह निःसंकोच समाधान शिविर में आकर अपनी शिकायत दर्ज कराए। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और प्रदेश सरकार सदैव नागरिकों की सहायता के लिए तत्पर हैं तथा जनहित में यह पहल निरंतर जारी रहेगी।

# निशुल्क व सुलभ न्याय दिलाना डालसा का लक्ष्य: शशी चौहान

- प्रत्येक लाभपात्र को मिले सरकारी योजनाओं का भी उचित लाभ
- डालसा की ओर से राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नूंह-1 में मेगा जागरुकता एवं सेवा कैंप आयोजित
- कैंप में 40 से अधिक विभागों ने लगाए स्टॉल, 900 व्यक्तियों ने उठाया कैंप का लाभ



**उत्तम भारत, नूंह, अनिल मोहनियां।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की चेयरपर्सन शशी चौहान ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नूंह की ओर से लोगों को निशुल्क, सुलभ न्याय दिलाने के साथ-साथ सरकार की विभिन्न विभागों के संबंधित योजनाओं व कार्यक्रमों का लाभ दिलाना भी सुनिश्चित किया जाता है। प्राधिकरण का प्रयास है कि प्रत्येक लाभपात्र तक सरकारी योजनाओं को लाभ पहुंचे और इसके लिए प्राधिकरण की जनजागरुकता गतिविधियां निरंतर आयोजित की जाती हैं। राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नूंह-1 में आयोजित इस मेगा जागरुकता एवं सेवा कैंप में आज करीब 40 से अधिक विभिन्न सरकारी विभागों व सामाजिक संगठनों के स्टॉल लगाए गए, जिनमें बड़े स्तर पर लोगों को मदद का प्रयास किया गया है। इस कैंप का उद्देश्य यही है कि यहां पर लोगों को सरकारी योजनाओं व कार्यक्रमों का अधि से अधिक लाभ दिया जा सके।

प्राधिकरण की चेयरपर्सन शशी चौहान वीरवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, नूंह-1 में आयोजित मेगा जागरुकता एवं सेवा कैंप का शुभारंभ करने बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कैंप में सभी स्टॉल पर जाकर लोगों को दी रही सहायता की भी जानकारी ली और लाभपात्रों से बातचीत कर सरकारी योजनाओं को अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नालसा के दिशा-निर्देश पर डालसा ने जो मेगा सहायता कैंप लगाया है, यह प्रयास काफी सराहनीय है। उन्होंने उपस्थितजनों का आह्वान किया कि डालसा के माध्यम से हर व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित की जा रही है। प्राधिकरण का एक स्लोगन भी है- अब ये ना होगा कि ना समझे कोई दर्द तुम्हारा, अब न्यायालय खुद चलकर चौपालों पर आएगा। आज आयोजित इस कैंप में सरकार के सभी विभाग मौजूद हैं, जहां एक साथ लोग कई विभागों की योजनाओं की जानकारी भी प्राप्त कर सकते हैं और उनका लाभ भी ले सकते हैं। इस कैंप में आधार कार्ड बनवाने या अपडेट करवाने, परिवार पहचान पत्र बनवाने, कृषि, बागवानी, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग, समाज कल्याण विभाग, स्वास्थ्य व आयुष विभाग सहित अन्य विभागों की अनेक योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। इसके साथ ही रैडक्रॉस की ओर से सीपीआर तकनीक के बारे में सभी जानकारी दी जा रही है, जोकि बहुत ही महत्वपूर्ण है। प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नेहा गुप्ता ने कहा कि डालसा के माध्यम से राष्ट्रीय लोक अदालत में हर वर्ष बड़ी संख्या में केसों का निपटारा किया जाता है। इसके अलावा डालसा से सूचीबद्ध एडवोकेट के माध्यम से जागरुकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सस्ती व सुलभ न्याय प्राप्त करने की प्रक्रिया की निरंतर जानकारी दी जाती है। आज आयोजित इस कैंप का यही उद्देश्य है कि प्रत्येक लाभपात्र तक न्याय के साथ-साथ सरकारी योजनाओं का भी लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आज कैंप में एक हजार से अधिक लोगों ने विजिट किया तथा करीब 900 लोगों ने किसी न किसी योजनाओं का लाभ उठाया। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने लघु नाटिका से न्याय की सरल प्रक्रिया की जानकारी व सामाजिक बुराइयों से बचने का संदेश दिया। इससे पहले उन्होंने सभी अतिथियों का गीत की प्रस्तुति से स्वागत किया। इस अवसर पर उप जिला शिक्षा अधिकारी सगीर अहमद, प्रिंसीपल मुकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी, स्कूल स्टाफ उपस्थित था।

## समाचार

# जिला युवा महोत्सव 2025 की तिथियों में बदलाव अब 6 ओर 7 नवंबर 2025 को किया जाएगा: प्रधानाचार्य सुधीर कुमार

**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** निर्देशनालय, कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग, हरियाणा द्वारा जारी नवीन कार्यक्रम के अनुसार ह्लजिला युवा महोत्सव 2025ह्व की तिथियों में संशोधन किया गया है। यह महोत्सव युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने, पारंपरिक कला को सहेजने तथा सामाजिक एवं सांस्कृतिक समरसता को बढ़ावा देने का एक सशक्त मंच प्रदान करता है। जिले में जिला युवा महोत्सव का आयोजन 06 नवम्बर से 07 नवम्बर 2025 तक किया जाएगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 05 नवम्बर 2025 तय की गई है। इस महोत्सव के दौरान युवाओं के लिए विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक एवं रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जिनमें विशेष रूप से — समूह लोक नृत्य ,समूह लोक गीत, कहानी लेखन, कविता लेखन, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग, लोक वाद्य यंत्र एकल एवं समूह वादन, लोक कला एवं लोक नृत्य की प्रस्तुतियां तथा विज्ञान मेला जैसे आकर्षक कार्यक्रम शामिल हैं। इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से जिले के प्रतिभाशाली युवाओं को राज्य स्तर पर अपनी पहचान बनाने और आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। सभी शैक्षणिक व प्रशिक्षण संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि वे अधिक से अधिक विद्यार्थियों को इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करें। सभी जिलों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि वे संशोधित कार्यक्रम के अनुसार जिला युवा महोत्सव 2025 का सफलतापूर्वक आयोजन करें, ताकि अधिकाधिक युवा इसमें भाग लेकर हरियाणा की लोक संस्कृति और परंपराओं को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकें।

# शादी का झांसा देकर युवती से किया दुष्कर्म और फिर कराया गर्भपात

**गर्भपात के बाद युवती की हो गई थी मृत्यु, मामलें में 2 आरोपी गिरफ्तार**

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** गोच्छी बल्लबगढ वासी एक महिला ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी बड़ी बेटी के साथ अनिल नाम के लड़के ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म



किया और जब वह गर्भवती हो गई तो उसका गर्भपात करवा दिया। जिसके बाद उसकी बेटी की तबीयत खराब हो गई व इलाज के दौरान उसकी बेटी की मृत्यु हो गई। जिस शिकायत पर थाना मुजेसर में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस चौकी संजय कालोनी की टीम ने अनिल(27) वासी पर्वतीय कालोनी व दीपक(36) वासी नंगला इंक्लेव को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अनिल की करीब दो महीने पहले पीडिता से मुलाकात हुई थी, जिसने पीडिता को शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया तथा जब वह गर्भवती हो गई तो वह पीड़िता को एक मेडिकल स्टोर संचालक दीपक के पास ले गया, दीपक ने 35,000 रुपये लेकर 27 सितंबर को निदान अस्पताल में पीड़िता गर्भपात करवा दिया। अनुसंधान में पाया गया कि गर्भपात के बाद पीडिता की तबीयत खराब हो गई और 28 सितंबर को सफदरजंग अस्पताल में दाखिल कर दिया गया, जिसकी 10 अक्टूबर को ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई। अनिल व दीपक को जेल भेजा गया है, वहीं महिला डॉक्टर की तलाश जारी है।

# बाल दिवस-2025 की प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

- जिला बाल कल्याण परिषद, नूंह की ओर से विविध प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला बाल कल्याण परिषद, नूंह अखिल पिलानी, आईएएस के मार्गदर्शन में बाल दिवस-2025 के उपलक्ष्य में आयोजित प्रतियोगिताओं के तीसरे दिन तृतीय ग्रुप की विभिन्न प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला समाज कल्याण अधिकारी, नूंह वीरेन्द्र यादव, ने दीप प्रज्वलन कर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में सुरेंद्र कुमार, सेक्शन ऑफिसर, हरियाणा रोडवेज, नूंह एवं जी.एस. मलिक, आजीवन सदस्य, हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद उपस्थित रहे।

जिला बाल कल्याण अधिकारी अनिल दहिया ने बताया कि बाल दिवस के उपलक्ष्य में कुल 21 प्रतियोगिताएं 46 ग्रुप में आयोजित की जा रही हैं, जो 14 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक चलेंगी। ये प्रतियोगिताएं जिला स्तर पर आयोजित की जा रही हैं, जिनमें प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चे जोनल स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। आज आयोजित प्रतियोगिताओं में सोलो डांस, क्लासिकल सोलो डांस, सोलो सॉन्ग, देशभक्ति ग्रुप सॉन्ग, ग्रुप डांस, डिक्लेमेशन कॉन्टेस्ट, फन गेम्स, थाली/कलश सजावट, स्केचिंग ऑन द स्पॉट, पोस्टर मेकिंग, क्विज एवं रंगोली प्रतियोगिता शामिल थीं। जिला नूंह के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्य अतिथि वीरेन्द्र यादव ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि जिला बाल कल्याण परिषद बच्चों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक उत्कृष्ट मंच उपलब्ध करा रही है। इस प्रकार की प्रतियोगिताओं से बच्चों में आत्मविश्वास एवं सृजनात्मकता का विकास होता है।

जिला बाल कल्याण अधिकारी अनिल दहिया ने संदेश दिया कि प्रतियोगिता में भाग लेना ही वास्तविक जीत होती है। प्रत्येक बच्चे को अपने भीतर छिपी प्रतिभा को पहचानकर बड़े सपने देखने चाहिए। उन्होंने आह्वान किया कि जिला नूंह के सभी विद्यालयों के विद्यार्थी ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़कर भाग लें, जिससे उनका मानसिक एवं सामाजिक विकास हो सके। समाज कल्याण विभाग की ओर से सभी बच्चों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। निर्णायक मंडल में पिंकी, सीमा ठाकुर, प्रीति राघव, सुनील कुमार, वीना, सविता, लियाकत अली, प्रतिभा, सफलता, अब्दुल कय्यूम, दीपक शर्मा, विकास यादव, आकिल, पवन यादव एवं एम.पी. चौहान ने अपनी भूमिका निभाई। कार्यक्रम में बाल भवन स्टाफ राम मेहर, लोकेंद्र, प्रदीप सिंह, रिजवान, इकबाल, ज्योति, अंजना, हेमलता, आशा, संगीता, योगिता, एकता, दीपक, मनोज कुमार, लाखन कुमार, खालिद आदि उपस्थित रहे। लेखाकार उदय चंद ने बताया कि आगामी 17 अक्टूबर को चतुर्थ ग्रुप की विभिन्न प्रतियोगिताएं — सोलो डांस, क्लासिकल सोलो डांस, सोलो सॉन्ग, ग्रुप डांस, डिक्लेमेशन कॉन्टेस्ट, थाली/कलश सजावट, स्केचिंग ऑन द स्पॉट, पोस्टर मेकिंग, क्विज एवं रंगोली — आयोजित की जाएंगी।

# दान उत्सव नूंह की पंचायतों में बिखरी खुशियां




**उत्तम भारत संवाददाता, नूंह।** नूंह की 18 पंचायतों में अनुभूति समिति के सिविक फैलो ने दान उत्सव के मौके पर एक यादगार और प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर गांव के लोग, युवा, सरपंच, महिलाएं, स्कूल के शिक्षक और बच्चे, साथ ही स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी शामिल हुईं। कार्यक्रम का हर पल आनंद और सीख से भरा रहा।

सुबह से ही पंचायतों और स्कूलों में उत्साह और रौनक देखने को मिली। सिविक फैलो ने स्थानीय लोगों के साथ मिलकर खाना बनाना, सिलाई सीखना जैसी गतिविधियां आयोजित की। कुछ गांववासियों ने उत्साहपूर्वक इस कार्यक्रम में भाग लिया और बच्चों के लिए फल, चार्ट पेपर, पेन-पेंसिल, तथा आंगनवाड़ी में पानी के लिए कैम्पर दान किए।

पंचायत के सरपंच, विद्यालय के प्रधानाध्यापक और आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने अनुभूति टीम के सभी साथियों का हृदयपूर्वक आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम पंचायत में खुशियां और सकारात्मक ऊर्जा फैलाने का अवसर प्रदान करते हैं और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी यह उत्सव इसी उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। दान उत्सव के इस पावन अवसर पर गांव के बुजुर्गों, शिक्षक, सरपंच और आंगनवाड़ी कार्यकताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। सभी के सहयोग और सक्रिय भागीदारी ने इस आयोजन को विशेष और अविस्मरणीय बना दिया।

# सीही स्कूल में पटाखों रहित दिवाली मनाने के लिए संगोष्ठी आयोजित कर रैली निकाली



**उत्तम भारत संवाददाता, बल्लभगढ़, सुमित गोयल।** सीही गांव के राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के प्रांगण में संगोष्ठी आयोजित कर प्रदूषण मुक्त पटाखे रहित दिवाली मनाने के लिए छात्राओं को जनहित सेवा संस्था की टीम ने प्राचार्य डॉ जयप्रकाश वैष्णव की अध्यक्षता में जागरूक किया। इस अवसर पर अध्यापकों व छात्राओं ने गांव में जागरूकता रैली निकालकर ग्रीन व क्लीन प्रदूषण मुक्त पटाखे रहित दिवाली मनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्राचार्य डॉ जयप्रकाश वैष्णव ने कहा कि इस मौसम में प्रदूषण का स्तर बढ़ जाता है। पटाखों से वायु व ध्वनि प्रदूषण होता है। जिससे स्वास्थ्य को खतरा बढ़ता है।

पटाखों की बजाय दीयों, फूलों, व प्राकृतिक रंगों से रंगोली बनाकर, घर पर बने पकवान व मिठाईयों का आनंद लेकर, पुरानी परंपरा व संस्कृति की रक्षा करते हुए खिल - बतासे -खिलौने बांटकर दिवाली मनाएं। इस अवसर पर छात्राओं ने कला अध्यापक जावेद शेख व नीलम यादव के सहयोग से पोस्टर, स्लोगन और पेंटिंग, रंगोली प्रतियोगिता कर पटाखे व प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने का संदेश दिया। इस अवसर संस्था के प्रधान संतसिहं हुड्डा ने कहा कि पटाखे जलाना बेफजूल खर्चा है। सीधा पैसे में आग लगाना है। इससे प्रदूषण फैलता है। शरीर के जलने व अंग भंग होने का भी खतरा रहता है। दीपावली दीयों का व प्यार - प्रेम का त्योहार है। परिवार के साथ मिलकर पौधारोपण कर उपहार में पौधा भेंटकर नई परंपरा की शुरूआत कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे।

संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत व मुख्य सचिव देविचरण वैष्णव ने कहा कि दिवाली हमें सिखाती है कि जब मन रोशन होता है, जीवन भी चमक उठता है। इस अवसर पर संगोष्ठी व प्रतियोगिता एवं रैली को सफल बनाने में संस्था के महासचिव सुभाष गहलोत, मुख्य सचिव देविचरण वैष्णव, उपाध्यक्ष ओमदत्त शास्त्री, रोहित कुमार, नीलम यादव, निशा, संतोष, जावेद शेख, कमलेश शर्मा ने अहम भूमिका निभाई।


## उत्तर रेलवे

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई–प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती है:–

| क्र. सं. | निविदा सं. | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 04255032A | एंटी वियर हाइड्रोलिक ऑयल (एच एल पी 68 एन) | 73500 लीटर | 08.11.2025 |
| 2. | 07255037 | सेट ऑफ एस एस आर एम पी यू थ्रो असेंबली | 100 सेट | 10.11.2025 |
| 3. | 19255051 | ट्रैक्शन मोटर ब्लोअर इन्क्लूडिंग | 186 नग | 10.11.2025 |
| 4. | 01255046 | जॉइन्टलेस ग्रूवेद कॉपर कांटेक्ट वायर | 6 मेट्रिक टन | 13.11.2025 |
| 5. | 19255050 | सवंजे ब्लोअर टू टी एम/आयल | 184 नग | 13.11.2025 |
| 6. | 07244007A | व्हील मोनोब्लॉक रोल्ड | 157 नग | 13.11.2025 |
| 7. | 19255046 | मशीन रूम ब्लोअर विथ मोटर | 186 नग | 17.11.2025 |
| 8. | 19255054 | स्मूथिंग रिएक्टर टाइप एस एल – 30 | 6 नग | 17.11.2025 |
| 9. | 09252047 | मॉडिफाइड एलस्टोमेरिक पैड (डिजाइन ए) | 26850 नग | 17.11.2025 |
| 10. | 09252045 | साइड फ्रेम फ्रिक्शन लाइनर | 49185 नग | 09.12.2025 |
| 11. | 07251580 | ब्रेक हेड अस्सली (फैब्रिकेटेड) | 6400 नग | 09.12.2025 |

**निविदा शर्तें :** 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं.: **54/2025-2026** दिनांक: **15.10.2025** **3193/2025**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

P-05:28 paga09_jhn.qxd 10/16/2025 8:03 PM Page 1



# घर के बारमदे में सो रहे बुजुर्ग की हत्या

*** सिर पर किया हमला, दो लोग हिरासत में**


**उत्तम भारत संवाददाता**



**चांदपुर।** तहसील के ग्राम किरतपुर में 65 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति की सर पर वार कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान जयपाल सिंह पुत्र लल्लू सिंह निवासी ग्राम किरतपुर के रूप में हुई है। जयपाल सिंह घर के बरामदे में सो रहे थे। उसी समय हत्यारे ने उन्हें मौत की नींद सुला दिया।

गुरुवार सुबह परिवार के लोग सो कर उठे तो घटना का पता चला। हत्या की ख़बर से गांव में सनसनी फ़ैल गई। पुलिस क्षेत्राधिकार देश दीपक सिंह चांदपुर ने स्थानीय पुलिस के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है और जांच पड़ताल में जुट गई है।

घटना चांदपुर थाना क्षेत्र की है। गुरुवार सुबह हत्या की सूचना से इलाके में सनसनी फ़ैल गई। यहां गांव किरतपुर में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग की सर पर वार कर हत्या कर दी गई।



घटना के समय मृतक बुजुर्ग जयपाल सिंह अपने घेर के खुले बरामदे में चारपाई पर सौ रहे थे। बताया जा रहा है कि बीती रात ही गांव में परिवार के लोगों की शराब को लेकर गांव के युवक से बोलचाल हो गई थी। उसके बाद सभी लोग अपने-अपने घरों को चले गए। सुबह तड़के हत्या की घटना का पता चला। पुलिस द्वारा हर पहलू को देखते हुए कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया कार्यक्रम

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** गुलाब सिंह हिंदू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 16 अक्टूबर 2025 को राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्र एवं छात्रा इकाई के संयुक्त तत्वाधान में कार्यक्रम अधिकारी मोहम्मद आरिफ और डॉक्टर उदिता राजपूत के निर्देशन में मिशन शक्ति 5.0 के तहत ÷महिला स्वास्थ्य जागरूकता÷ विषय पर एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक एवं स्वयं सेविकाएं उपस्थित रहे।मुख्य वक्ता के रूप में प्रोफेसर दिनेश सिंह ने कामकाजी और ग्रहणी महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के संबंध में जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि कई बार महिलाएं अपने परिवार के सदस्यों को प्राथमिकता देते हुए अपने स्वास्थ्य को अनदेखा करती रहती हैं जिससे उनको कई गंभीर बीमारियां हो जाती हैं। उन्होंने समझाया की महिलाएं अपने स्वास्थ्य को अनदेखा न करें और अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर साधना ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम सभी को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है और साथ ही सभी महिलाओं को जागरूक करना होगा। सभी महिलाएं चाहे वह कामकाजी या ग्रहणी उन्हें अपने स्वास्थ्य का सर्वप्रथम ध्यान रखना चाहिए क्योंकि यदि महिलाएं स्वस्थ होगीं तभी वे अपने घर को भी अधिक अच्छी तरह से व्यवस्थित कर सकती हैं और बाहर के कार्यों को भी भली भांति कर सकती हैं। उन्होंने स्वयंसेवकों एवं स्वंयसेविकाओं को प्रेरित किया कि वे न केवल अपने परिवार की बल्कि आसपास रहने वाली अन्य महिलाओं को भी स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक करें और आमतौर पर होने वाली बीमारियों से परिचित कराएं। स्वस्थ महिलाएं ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकती हैं। कार्यक्रम में महाविद्यालय का अधिकांश स्टाफ उपस्थित रहा और कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी का सराहनीय योगदान रहा।




# भाकियू लोक शक्ति द्वारा बैठक कर दिया ज्ञापन

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति की मासिक बैठक तहसील में हुई। पंचायत में जलीलपुर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह काकरान ने कहा कि चांदपुर बास्टा रोड को तुरंत बनवाया जाए, हरिद्वार से प्रयागराज को निकल रहा गंगा एक्सप्रेसवे विदुर कुटी बिजनौर को होकर निकल जाए,।

गन्ना मिल शुरू होने से पहले गन्ने का रेट500 रुपए कुंतल घोषित किया जाए, बीएसएफ की तर्ज पर एएसएफ का गठन किया जाए, 60 साल के ऊपर किसानों को ज़10000 मासिक पेंशन दी जाए, बिजली विभाग द्वारा किसानों का शोषण बंद किया जाए, ।

धनौरा रोड पर ग्राम बबनपुर चौकी के पास नाला निर्माण जल्द से जल्द कराया जाए, किसानों का संपूर्ण कर्ज माफ किया जाए, आवारा पशुओं वह गुलदारो को पकड़वाकर किसानों को मुक्ति दिलाई जाए, ग्राम आकंडा ग्रामअकोधा मैं टंकी के पास तालाब खुदवा कर पानी की व्यवस्था सही कराई जाए, ग्राम शादीपुर में शूरवीर सिंह के खेतों की पैमाइश जल्द से जल्द कराई जाए, किसानो की खतौनी में गांव में कैंप लगाकर अंश सही कराए जाएं आदि



दूसरी और पंचायत में निर्णय लिया गया कि अगर समय रहते समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो आने वाले समय में भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति एक बड़ा आंदोलन शुरू करेगी जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की स्वयं होगी। भारतीय किसान यूनियन लोक शक्ति के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी जोरदार धरना प्रदर्शन करते हुए तहसील पहुंचे जोरदार धरना प्रदर्शन को देखते हुए तहसीलदार आलोक कटिहार बिजली एसडीओ को लेकर धरना स्थल पर पहुंचे। किसानों के बीच हुई वार्ता एसडीओ व तहसीलदार आलोक कटिहार ने सभी समस्याओं का समाधान कराने का ठोस आश्वासन दिया। तहसीलदार आलोक कटिहार के आश्वासन पर जलीलपुर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह काकरान ने धरना प्रदर्शन समाप्त करने की घोषणा कर दी। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह काकरान और संचालन जिला सचिव मनोज कुमार द्वारा किया गया

पंचायत में मुख्य रूप से जलीलपुर ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह काकरान प्रदेश महा सचिव सतबीर सिंह जिला संगठन मंत्री ओमकार सिंह जिला उपाध्यक्ष विजेंद्र प्रधान जिला सचिव योगेंद्र सिंह तोमर जिला सचिव मनोज कुमार क्षेत्रीय अध्यक्ष सविता वर्मा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष लक्ष्मी देवी कमलेश सैनी ब्लॉक प्रभारी नीरज देवी महिला मोर्चा ब्लॉक उपाध्यक्ष सतबीर सिंह ब्लाक महासचिव कमल सिंह सूरज सिंह नूरपुर ब्लॉक अध्यक्ष टिल्लू भैया नगर अध्यक्ष नईम अहमद सचिन कुमार गजराज सिंह बल्लू सैनी अक्षय सैनी सुधीर कुमार नाथू यादव कन्हैया प्रकाश प्रजापति कर्मेंद्र सिंह भूदेव यादव योगेश शर्मा धीरज त्यागी गजेंद्र चौधरी केहर सिंह दयाराम सतीश कुमार पवन कुमार नाथू सिंह गजेंद्र सिंह सलीम अहमद सचिन कुमार सुरेंद्र कुमार विजयपाल सिंह अक्षय कुमार आदि भारी मात्रा में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षा का आयोजन



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** नगर के धनौरा रोड स्थित जे0पी0 पब्लिक स्कूल में 16 अक्टूबर 2025 को कक्षा 5 से 10 तक के विद्यार्थियों के लिए अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षा 2025 का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में हिंदी भाषा के प्रति रुचि और कौशल बढ़ाना था। सभी विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिंदी व्याकरण, साहित्य और भाषा कौशल से जुड़े सवालों के उत्तर दिए। परीक्षा पूरी होने के बाद सभी कॉपियां पैक कर हिंदी विकास संस्थान दिल्ली को मूल्यांकन के लिए भेज दी गई हैं। परिणाम जल्द ही घोषित किया जाएगा और अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इस आयोजन ने छात्रों को हिंदी भाषा में अपनी दक्षता दिखाने और सीखने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने सभी छात्र-छात्राओं को परीक्षा में अच्छे अकं लाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस परीक्षा को संपन्न कराने में कोऑर्डिनेटर रूपा त्यागी जी एवं पीजीटी अकाउंटेंसी अध्यापक नवनीत चौधरी जी का विशेष योगदान हैं।

# पत्रकारों संग दीपावली स्नेह मिलन समारोह संपन्न

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, के सौजन्य से दीपावली का पावन पर्व पत्रकार बंधुओं के साथ आध्यात्मिक वातावरण में बड़ी ही हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी साधना दीदी जी के स्नेहपूर्ण स्वागत भाषण से हुआ। दीदी जी ने उपस्थित सभी पत्रकार भाइयों का हार्दिक अभिनंदन किया तथा दीपावली के आध्यात्मिक रहस्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ÷सच्ची दीपावली तब होती है जब हम अपने अंतर के अंधकार को ज्ञान, योग और सद्गुणों के प्रकाश से दूर करें।÷ दीदी जी ने बताया यह त्यौहार घर की साफ सफाई का और स्वच्छता का तो है ही लेकिन श्री लक्ष्मी जी का वास्तविक हमारे जीवन में आह्वान तब होगा जब हम स्वयं व्यावहारिक शुद्धता और विचार शुद्धता को अपने जीवन में हर दिन अपनाते हैं तो हमारे अंदर की अंतरात्मा का दीपक जग जाता है उन्होंने हमें बताया कि पिता श्री ब्रह्मा बाबा जो जिन्होंने अपने जीवन को परिवार में रहकर कमल फूल समान बनाया बनाया। ऐसे ही हम सबको परिवार में रहकर अपने जीवन को कमल फूल सामान बनाने की प्रेरणा दी।





दीदी जी ने सभी पत्रकार बंधुओं का तिलक लगाकर शुभ स्वागत किया और ईश्वरीय सौगातें प्रदान कीं। कार्यक्रम में उपस्थित पत्रकारों ने कैंडल लाइटिंग कर आध्यात्मिक दीप जलाए और शांति, सुख व समृद्धि की मंगलकामनाएं कीं।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पत्रकार बंधु –राजीव अग्रवाल, रामअवतार पवन शर्मा, विनोद शर्मा, जितेन्द्र शर्मा, सचिन शर्मा गौरव त्यागी, मनोज कटारिया मुनेश शर्मा जी एवं राधा बहन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में राजयोगी ब्रह्माकुमार महावीर भाई जी तथा राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी पूजा दीदी जी की भी विशेष उपस्थिति रही। अंत में साधना दीदी जी ने सभी पत्रकारों को शुभ दीपावली की ईश्वरीय बधाई देते हुए कहा कि इस दीपावली हम सब संकल्प लें – ÷हर हृदय में प्रेम, हर घर में प्रकाश, और हर जीवन में शांति का दीप जले।

# कामराजपुर टीम ने जीता डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच

**उत्तम भारत संवाददाता**

**नांगल सोती।** क्षेत्र के समीपवर्ती ग्राम सोफतपुर में स्पोर्ट्स अकादमी के मैदान में बीती रात्रि प्रदेश स्तरीय डे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआद्य जिसका उद्घाटन ग्राम प्रधान विवेक कुमार ने फीता काट कर किया गया। सौफतपुर स्पोर्ट्स अकादमी में आयोजित प्रदेश स्तरीय डे -नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच कमराजपुर की टीम ने जीता। बुधवार की देर रात्रि कुल तीन लीग मैच खेले गएद्य टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच कमराजपुर ओर शेखपुरा टीम के बीच खेला गया। अंपायर अशयंत व मोहित की देखरेख में उद्घाटन मैच शेखपुरा आलम की टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित आठ ओवर में 7 विकेट पर 35 रन बनाए। जिसमें कप्तान शिवम का 12 रनों योगदान रहा।



लक्ष्य का पीछे करने उतरी कामराजपुर की टीम,ओपनर बल्लेबाज अमन के 17 रनों के सहयोग से एक विकेट गवा कर तीसरे ओवर में मैच में जीत दर्ज की। अमन को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

वहीं दूसरा मैच भागूवाला और नांगल टीम के बीच खेला गयाद्य जिसमें भागूवाला के कप्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में दो विकेट पर 100 रन बनाएद्य सर्वाधिक मनीष फौजी ने 72 रनों का योगदान दिया।

लक्ष्य का पीछे करने उतरी नांगल की टीम अपने निर्धारित आठ ओवर में 6 विकेट पर 59 रन ही बना सकीद्य जिसमें मनीष फौजी ने दो विकेट झटके। आयोजकों की ओर से मनीष फौजी को मैन ऑफ द मैच चुना गया। तीसरा मैच नाईवाला और सौफ़तपुर बी टीम के बीच खेला गया। जिसमें नईवाला की टीम ने जीत दर्ज की। टूर्नामेंट के सहयोगी में मुख्य रूप से कमेटी अध्यक्ष कपिल राणा,संजीव पहलवान,रोहित राणा,जावेद, हनि जटराणा,डॉ अरुण कुमार,टीकम सिंह, वीरेन्द्र,भोले, मिथुन,भीम, अजय सागर,नीरज,विनित राणा, हनी जटराणा,हर्ष, रोबिन,शालू आदि का योगदान रहा।

# मिशन शक्ति कार्यक्रम के तहत सांकेतिक जिलाधिकारी बनीं

*** जीजीआईसी बिजनौर की कु. रिया रानी, आईएएस अधिकारी बनने का बताया संकल्प**

*** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बुके देकर सांकेतिक जिलाधिकारी का किया सम्मान और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की**




**बिजनौर।** मिशन शक्ति अभियान फेज 5.0 के 16 अक्टूबर 2025 को मिशन शक्ति के अंतर्गत राजकीय कन्या इंटर कॉलेज बिजनौर की 11वीं कक्षा की मेधावी छात्रा कु. रिया रानी पुत्री श्री रविदत्त सिंह, निवासी ग्राम इनामपुरा, विकासखंड मोहम्मदपुर देवमल को एक दिन के लिए सांकेतिक जिलाधिकारी बनाया गया। सांकेतिक जिलाधिकारी कु. रानी ने जनसुनवाई में आए फरियादियों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनकर संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी शिकायतें पूर्ण गुणवत्ता एवं निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत निस्तारित करने के लिए निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी जसजीत कौर, उप जिलाधिकारी चांदपुर नितिन तेवतिया, प्रधानाचार्य राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, बिजनौर, आईसीडीएस रविता राठी आदि मौजूद थे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 बालिकाओं को प्रोत्साहित करने के लिए जिले की मेधावी छात्रा कु. रिया रानी को बुके देकर सम्मानित किया भी किया गया। सांकेतिक जिलाधिकारी द्वारा कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया और निर्देश दिए की सभी अधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण गुणवत्ता के आधार पर करें ताकि सरकार द्वारा संचालित कार्यक्रमों एवं योजनाओं का आम जनता को भरपूर लाभ प्राप्त हो सके।उन्होनें सरकार के मिशन शक्ति कार्यक्रम की सराहना करते हुए बताया कि इसका उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को प्रोत्साहित, मजबूत और उनमें आत्मविश्वास पैदा करना है। उन्होंने आह्वान किया कि महिलाएं खुद को कमजोर न समझें और स्वयं को शिक्षित एवं सशक्त बनाते हुए देश और समाज के निर्माण अपनी भूमिका निभाए।

# गौ रक्षा दल के कार्यकर्ताओं ने मिल जुलकर मनाया राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश पंवार का जन्मोत्सव



**उत्तम भारत संवाददाता**

**चिलकाना।** आज बृहस्पतिवार को पिज्जा पोइंट चिलकाना पर सभी कार्यकर्ताओं ने बड़े ही धूमधाम के साथ अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश पंवार का जन्म दिन मनाया।हरीश पंवार के जन्मोत्सव पर सुबह से शाम तक बधाई देने वाले उनके प्रशंसकों व कार्यकर्ताओं का तांता लगा रहा। हरीश पंवार ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि सभी कार्यकर्ता संगठन में पुरी लग्न के साथ लग जाए।गौ माता की सेवा करना ही हम सबका कर्तव्य है।किसी भी सुरत में गौ माता का अपमान नहीं होने दिया जाएगा।जन्मोत्सव में सभी ने गौ रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरीश पंवार के हाथों से जन्मदिन का केक कटवाया इस दोरान गौरक्षा दल के राष्टीय अध्यक्ष हरिश पवार ने चिलकाना के पत्रकार अनुराग गर्ग को गौरक्षा दल का जिला मिडिया प्रभारी बनाया गया ।उसके बाद केक सभी को आवंटित किया गया।कार्यक्रम में जलपान की पुर्ण व्यवस्था थी।जन्मदिन मनाने में गौ रक्षा दल के सहारनपुर जिला अध्यक्ष आयुष महाराज की मुख्य भूमिका रही।सभी ने हरीश पंवार की दीर्घायु की कामना की।जन्मदिन सभी के साथ मिलकर मनाने से क्षेत्र में भाई चारे का संदेश गया।इस मौके पर आयुष महाराज जिला अध्यक्ष,प्रियांशु,डॉ कुलदीप पत्रकार, जिला मिडिया प्रभारी गौरक्षा दल के अनुराग(काका) पत्रकार,प्रशान्त,अनुज प्रधान,आशु पवांर,सोरव सैनी,नितिन सैनी, विनय कश्यप,सोरभ पंवार,आशु चौधरी,अनुज तोमर,शुभम कश्यप,विनोद कश्यप,अनुज प्रधान आदि काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिक्षक नेता मेजर डॉ. देवेंद्र सिंह के आकस्मिक निधन से शिक्षकों में दोड़ी शोक की लहर

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष मेजर डॉ. देवेंद्र सिंह के आकस्मिक निधन पर संघ के जनपदीय नेताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। डॉ देवेंद्र सिंह चित्रगुप्त इंटर कॉलेज मुरादाबाद के पूर्व प्रधानाचार्य, शिक्षक नेता एवं राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित सफल शिक्षक तथा स्काउट एंड गाइड के कमिश्नर के रूप में अपनी अद्वितीय सेवाएं दे चुके हैं। मंगलवार को मुरादाबाद में उनका आकस्मिक निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रहे थे।

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की जनपदीय इकाई के जिला अध्यक्ष सोमदेव सिंह, जिला उपाध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह त्यागी, जिला मंत्री वसीमुद्दीन सिद्दीकी एवं प्रांतीय मंत्री सुधीर कुमार अग्रवाल ने मेजर साहब के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है।



प्रांतीय मंत्री सुधीर अग्रवाल ने कहा कि उनके आकस्मिक निधन से शिक्षक जगत को अपूर्णिय क्षति हुई है। वे संघर्षो के पर्याय, कर्मठ, निडर एवं संघर्षशील व्यक्तित्व के धनी थे।

जिला अध्यक्ष सोमदेव सिंह ने उन्हें संगठन का सच्चा सिपाही बताते हुए कहा कि डॉक्टर साहब संघ के विभिन्न आंदोलनों में सक्रिय प्रतिभाग किया करते थे।

जिला उपाध्यक्ष डॉ महेंद्र सिंह त्यागी ने उन्हें शिक्षकों का मसीहा बताते हुए कहा की वह विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य नहीं छोड़ते थे। एनसीसी के मेजर एवं स्काउट कमिश्नर होने के साथ साथ वह एक सफल शिक्षक, उत्कृष्ट प्रधानाचार्य एवं शिक्षक संघ के लोकप्रिय नेता थे। उनके आकस्मिक निधन से शिक्षक समुदाय स्वयं को ठगा सा महसूस करता है। मेजर साहब बहुत ही हंसमुख एवं मिलनसार व्यक्ति थे। उनका जन्म अमरोहा जनपद के पप्सरा गांव में 1950 में हुआ था। वे अपने पीछे दो पुत्रीयाँ छोड़ गए हैं। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व एमएलसी चेतनारायण सिंह, वर्तमान शिक्षक विधायक एवं प्रांतीय संरक्षक राज बहादुर सिंह चंदेल तथा रामबाबू शास्त्री जैसे प्रखरवादी नेताओं के साथ वे शिक्षकों की लड़ाई में सदैव आगे रहते थे। ऐसे शिक्षक नेता को जनपदीय कार्यकारणी एवं संपूर्ण शिक्षक समाज कोटि-कोटि नमन करता है।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत किया गया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता**

**चांदपुर।** मिशन शक्ति फेज 5 अभियान के अंतर्गत 16 अक्टूबर 2025 को महिला आरक्षी 87 प्रीति तोमर,आरक्षी 711 विपिन कुमार,महिला होमगार्ड 299 बीना व प्रधानाचार्य मोहम्मद असलम,उप प्रधानाचार्या मोनिका ठाकुर,सहायक अध्यापक मोहित कुमार व अक्षय नागर द्वारा कंपोजिट स्कूल हिलालपुर थाना चांदपुर जनपद बिजनौर में महिलाओं , छात्राओं व बालिकाओं को जागरूक किया मिशन शक्ति लघु फिल्मों को बालिकाओं को दिखाया गया तथा

*1. महिला हेल्प लाइन नंबर 181*
*2. वूमेन पावर लाइन नंबर 1090*
*3. आपातकालीन नंबर 112*
*4. स्वास्थ्य सेवा नंबर 102*
*5. एंबुलेंस नंबर 108*



*6. चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098*
7. *

साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 व योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। महिला सुरक्षा घरेलू हिंसा के विरुद्ध आवाज उठाएं व उनके अधिकारों के संबंध में जानकारी दी तथा मोबाइल से लड़कियों को परेशान करने , सोशल मीडिया के द्वारा परेशान करने , अश्लील मैसेज भेजने की शिकायत संबंधी जागरूक किया गया महिलाओं के साथ मारपीट लड़कियों के साथ छेड़छाड़ से बचाव संबंधी जागरूक किया एवं साइबर अपराध के बारे में अवगत कराया गया एवं साइबर अपराध होने के बाद की कार्यवाही से भी अवगत कराया गया एवं महिलाओं को जागरूक किया गया

# हिन्दी संस्कृत के विद्वान डॉ. विष्णुकांत शुक्ल का निधन

*** साहित्य व शिक्षा जगत में शोक**

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** हिन्दी व संस्कृत के प्रकाण्ड विद्वान, श्रीमद्भागवत गीता के मर्मज्ञ, जैन डिग्री कॉलेज में हिन्दी के पूर्व विभागाध्यक्ष तथा एक दर्जन से अधिक



पुस्तकों के रचयिता डॉ. विष्णुकांत शुक्ल का आज दोपहर प्रद्युमन नगर स्थित अपने आवास पर निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे और पिछले कुछ माह से बीमार चल रहे थे। उनके निधन से शिक्षा जगत व साहित्य जगत में शोक व्याप्त है।

# बड़ा फैसला : नगर निगम ने ईईएसएल के साथ किया अनुबंध समाप्त

**उत्तम भारत संवाददाता**

**सहारनपुर।** नगर निगम ने एक बड़ा फैसला लेते हुए महानगर में एलईडी लाईट का कार्य कर रही कंपनी मै. ईईएसएल के साथ किये गए अपने दोनों अनुबंध समाप्त कर दिए हैं। कंपनी के खिलाफ यह कदम कंपनी द्वारा कार्य में लापरवाही, समयबद्धता के साथ लाईट ठीक न करने, लगायी गयी लाईटों का रखरखाव ठीक से न करने के कारण उठाया है। नगरायुक्त शिपू गिरि ने कंपनी द्वारा प्रस्तुत बिलों की जांच के लिए अपर नगरायुक्त प्रदीप यादव की अध्यक्षता में एक चार सदस्यीय समिति का गठन करते हुए 15 दिनों के भीतर अपनी आख्या देने को कहा है। पथ प्रकाश प्रभारी वी बी सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश शासन द्वारा स्ट्रीट लाईट को कम उर्जा खपत वाली एलईडी लाईट्स में परिवर्तित किये जाने हेतु ईईएसएल को कार्यदायी संस्था नामित करते हुए स्थानीय निकायों को अनुबंध किये जाने के निर्देश दिए गए थे।

P-06:28 paga09_jhn.qxd 10/16/2025 6:00 PM Page 1



# सम्पादकीय

## भारत एआई का गढ़

भारत कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का गढ़ बनने जा रहा है। यही आकलन करने के बाद गूगल ने आंध्रप्रदेश के विशाखापट्टनम में एआई का डाटा सेंटर स्थापित करने की घोषणा की है। यह डाटा केंद्र, अमरीका से बाहर, सबसे बड़ा केंद्र होगा। गूगल ने आगामी पांच सालों में 15 अरब डॉलर खर्च करने का ऐलान राजधानी दिल्ली में आयोजित एक मेगा इवेंट में किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव, आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू आदि इस मेगा आयोजन में उपस्थित रहे। गूगल क्लाउड के सीईओ थॉमस कूरियन ने खुलासा किया कि आज 14, 000 से अधिक भारतीय गूगल के साथ जुड़े हैं और गूगल की 5 एआई लैब्स पहले से ही भारत में सक्रिय हैं। विशाखापट्टनम का केंद्र गूगल के संपूर्ण एआई सिस्टम का हिस्सा होगा, जो भारत में क्लाउड इंफ्रास्ट्रक्चर, डाटा सॉल्यूशंस और एआई मॉडल्स को तेजी से स्केल करेगा।

गूगल के थॉमस ने यह स्पष्ट घोषणा की कि भारत अब सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि एआई नवाचार का जेनरेटर बन रहा है। ह्ल भारत में अदाणी समूह के साथ मिल कर यह एआई केंद्र बनाया जाएगा। गूगल का इतना बड़ा निर्णय भारतीय बाजार और भारत में एआई को ग्रहण करने की संभावनाओं की ताकत को सत्यापित करता है। भारत सरकार ने एआई मिशन के लिए 5 साल के दौरान 10, 300 करोड़ रुपए से अधिक की राशि आवंटित की है। उसके तहत 38, 000 ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट (जीपीयू) लगाई गई हैं। प्रौद्योगिकी और एआई पारिस्थितिकी तंत्र में करीब 60 लाख लोग कार्यरत हैं। इस साल प्रौद्योगिकी क्षेत्र का राजस्व 280 अरब डॉलर को पार कर सकता है। भारत की अर्थव्यवस्था में 2035 तक एआई 1.7 ट्रिलियन डॉलर जोड़ सकता है। अंतरराष्ट्रीय डाटा कॉरपोरेशन के मुताबिक, भारत का एआई बाजार 2025 में करीब 8 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। दरअसल भारत विश्व में सबसे बड़ा ऐसा देश और समाज है, जो अभी से एआई के साथ परिवर्तन लाने को उत्साहित है। विशाखापट्टनम को इसलिए चुना गया है, क्योंकि आंध्रप्रदेश की राजधानी रहते हुए हैदराबाद को साइबर सिटी का विशेषण मिला था। तेलंगाना के गठन के बाद समीकरण बदले। अब हैदराबाद उसकी राजधानी है, लिहाजा आंध्र के विशाखापट्टनम को गूगल की विराट परियोजना के लिए चुना गया। यहां गूगल के विकास और बढ़ोतरी की अपार क्षमताएं हैं, क्योंकि रणनीतिक तौर पर यह क्षेत्र एआई की रीढ़ है। सवाल है कि क्या भारत का विकास और उसकी बढ़ोतरी भी गूगल के अनुपात में ही होगी? इस मौके पर गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने एक्स पर यह लिखा कि उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से बात की थी और विशाखापट्टनम में पहले गूगल एआई हब स्थापित करने की योजना बताई थी। पिचाई के मुताबिक, इस एआई केंद्र में गीगावॉट स्केल कंप्यूट क्षमता, अंतरराष्ट्रीय सबसी गेटवे और बड़े ऊर्जा आधारभूत ढांचे का गेटवे शामिल होंगे। इससे भारत में उपयोगकर्ता और उद्यमियों को उद्योग संबंधी प्रौद्योगिकी मिल सकेगी, जिससे देश में एआई नवाचार बढ़ेगा। बेशक ऐसे बुनियादी ढांचे के साथ भारत अपनी डाटा संप्रभुता में सुधार कर सकता है, एआई का सशक्त गढ़ बन सकता है, लेकिन यह सवाल मौजू है कि एआई कैसे तैनात की जाएगी? एआई कंपनियां भविष्य में ह्वद्वारपालह्न की शक्तियों के साथ मानविकी पर भारी पड़ेंगी। क्या भारत में ऐसा होना चाहिए कि मानविकी बिल्कुल पिछड़ जाए, जिसमें कला-साहित्य, भाषा, अर्थशास्त्र आदि क्षेत्र शामिल हैं। गूगल ने सत्यापित किया है कि कैसे प्रौद्योगिकी के नवाचार आधुनिक संपन्नता के इंजन साबित हो सकते हैं, लेकिन यह भी बताया कि कैसे ऐसी आर्थिक बढ़ोतरी न तो प्राकृतिक है और न ही गारंटीशुदा है। अंततः एआई ही भविष्य को तय करेगी।

# पराली जलाने की आग में झुलसता उत्तर भारत

–डॉ. प्रियंका सौरभ–

हर वर्ष जब धान की कटाई का मौसम आता है, तब पंजाब और हरियाणा के खेतों से उठने वाला धुआँ आसमान को धुंध से भर देता है। यह केवल खेतों की आग नहीं होती, बल्कि भारत की कृषि नीति, आर्थिक असमानता और पर्यावरणीय असंतुलन की जलती हुई तस्वीर होती है। दिल्ली तथा उसके आस-पास के क्षेत्र इस धुएँ से ढक जाते हैं और वायु गुणवत्ता अत्यंत गंभीर स्तर तक पहुँच जाती है। कानूनी रूप से पराली जलाना प्रतिबंधित है, फिर भी किसान इसे हर साल दोहराते हैं क्योंकि इसके पीछे अनेक सामाजिक और आर्थिक कारण जुड़े हैं।

पराली जलाने का मूल कारण खेतों में बचा हुआ धान का ठूँठ होता है। जब धान की फसल कट जाती है, तब खेत में रह गए अवशेष को हटाने के लिए किसानों के पास न समय होता है न साधन। पंजाब और हरियाणा की कृषि व्यवस्था मुख्य रूप से धान और गेहूँ पर आधारित है। सन 1960 के दशक की हरित क्रांति ने इन राज्यों को देश का अन्न भंडार तो बना दिया, परंतु कृषि को एकरूपी और जल-प्रधान भी बना दिया। भूजल के अत्यधिक दोहन को रोकने के लिए सन 2009 में पंजाब में ह्लउप-जल संरक्षण अधिनियमह्न लागू किया गया, जिसके अंतर्गत धान की रोपाई जून के अंत तक करने का निर्देश दिया गया ताकि मानसूनी वर्षा का लाभ लिया जा सके। परिणामस्वरूप धान कटाई और गेहूँ की बुवाई के बीच केवल दस से बीस दिन का अंतर रह गया। इतने कम समय में किसान पराली को एकत्रित या सड़ाकर खेत तैयार नहीं कर सकते, इसलिए वे सबसे तेज और सस्ता उपाय-जलाना-चुन लेते हैं।

दूसरा बड़ा कारण आर्थिक है। पराली हटाने या निपटाने के लिए जो मशीनें चाहिए-जैसे सुपर स्ट्रॉ प्रबंधन प्रणाली, हैप्पी सीडर, बेलर या रोटावेटर-वे अत्यंत महँगी हैं। छोटे और सीमांत किसान जिनकी जोत तीन हेक्टेयर से भी कम है, वे इन मशीनों को खरीदने या किराए पर लेने में असमर्थ हैं। उदाहरण के लिए, हैप्पी सीडर का किराया लगभग दो से तीन हजार रुपये प्रति एकड़ पड़ता है, जबकि पराली जलाने में केवल माचिस और थोड़े डीजल का खर्च आता है। यही व्यावहारिकता इस समस्या को गहराई तक जकड़े हुए है।

तीसरा कारण पराली का कम उपयोग मूल्य है। पंजाब और हरियाणा में बोई जाने वाली अधिकतर धान की किस्में साधारण होती हैं, जिनमें सिलिका की मात्रा अधिक होती है। ऐसी पराली पशु चारे के रूप में प्रयोग योग्य नहीं होती और न ही इससे जैव ईंधन या खाद आसानी से बनाई जा सकती है। पूर्वी भारत के राज्यों में धान की पराली पशुओं के चारे के रूप में प्रयोग में आती है, परंतु पंजाब-हरियाणा में यह उपयोग सीमित है। इसीलिए यहाँ पराली किसानों के लिए किसी आर्थिक लाभ का साधन नहीं बन पाती।

चौथा कारण है श्रम की कमी और जोत का विखंडन। प्रवासी मजदूरों की संख्या घट रही है, और छोटे खेतों में मशीनरी लगाने की क्षमता नहीं है। समय की कमी और श्रमिकों के अभाव में किसान अगली फसल बोने की जल्दी में पराली को जला देते हैं।

सामाजिक दृष्टि से भी पराली जलाना वर्षों से एक स्वीकृत प्रक्रिया बन चुकी है। किसानों को यह लगता है कि खेत की सफाई का यही सबसे आसान और पारंपरिक तरीका है। कानूनों और जुर्मानों के बावजूद यह प्रथा इसलिए जारी है क्योंकि प्रवर्तन ढीला है और राजनीतिक दबावों के कारण प्रशासन कठोर कार्रवाई नहीं कर पाता। वर्ष 2023 में पंजाब में लगभग साठ हजार पराली जलाने की घटनाएँ दर्ज की गईं, जबकि जुमार्ना और निगरानी दोनों व्यवस्था में थे।

अब प्रश्न यह है कि इस समस्या का स्थायी समाधान क्या हो सकता है?

स्पष्ट है कि केवल प्रतिबंध या दंड इस समस्या को समाप्त नहीं कर सकते। आवश्यक है कि ऐसी रणनीति अपनाई जाए जो किसान की आजीविका और पर्यावरण संरक्षण दोनों को साथ लेकर चले। पहला समाधान है फसल विविधीकरण। पंजाब और हरियाणा की भूमि लगातार धान-गेहूँ चक्र से थक चुकी है। जल स्तर भी नीचे जा रहा है। अतः मक्का, दलहन, तिलहन और बागवानी फसलों को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। इन फसलों के लिए यदि सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य, बीमा सुरक्षा और निश्चित खरीद सुनिश्चित करे तो किसान धीरे-धीरे धान पर निर्भरता कम कर सकते हैं। हरियाणा की भावांतर भरपाई योजना इस दिशा में एक अच्छा उदाहरण है, जिसमें किसानों को मूल्य अंतर की भरपाई दी जाती है। दूसरा समाधान है यंत्रीकरण और साझा संसाधन। किसानों को मशीनें साझा उपयोग के लिए उपलब्ध कराई जाएँ। पंचायत या सहकारी समितियों के स्तर पर कस्टम हायरिंग केंद्र स्थापित हों, जहाँ से किसान कम किराए पर हैप्पी सीडर या सुपर स्ट्रॉ प्रबंधन प्रणाली जैसी मशीनें ले सकें। केंद्र सरकार की ह्लफसल अवशेष प्रबंधन योजनाह्न के अंतर्गत पंजाब और हरियाणा में एक लाख से अधिक मशीनें बाँटी गई हैं, पर इनकी पहुँच सभी किसानों तक नहीं हो पाई है। यदि हर गाँव में सामुदायिक यांत्रिक केंद्र बने, तो किसान पराली जलाने से बचेंगे।

तीसरा उपाय है पराली का औद्योगिक उपयोग। पराली को कचरा न मानकर एक संसाधन के रूप में देखा जाए। इससे जैव ऊर्जा, एथेनॉल, कागज, पैकेजिंग और निर्माण सामग्री तैयार की जा सकती है। उदाहरण के लिए, भारतीय तेल निगम की पानीपत जैव रिफाइनरी प्रतिवर्ष लगभग दो लाख टन पराली से एथेनॉल बनाती है। यदि इस प्रकार की परियोजनाएँ हर जिले में स्थापित हों तो पराली किसानों के लिए आय का स्रोत बनेगी और जलाने की आवश्यकता कम होगी। सरकार को परिवहन सहायता, खरीद अनुबंध और स्थायी बाजार उपलब्ध कराने की नीति बनानी चाहिए।

चौथा कदम होना चाहिए कृषि-पर्यावरणीय समय निर्धारण। धान की छोटी अवधि वाली किस्में जैसे पी. आर.-126 या डी. आर. आर. धान-44 अपनाने से किसानों को फसल कटाई और बुवाई के बीच कुछ अतिरिक्त दिन मिल सकते हैं। इस समय का उपयोग पराली प्रबंधन में किया जा सकता है। इसके साथ-साथ परिशुद्ध कृषि यानी सटीक तकनीकी साधनों का प्रयोग, जल-सिंचाई प्रणाली में सुधार और जैविक खाद उपयोग से भी पर्यावरणीय लाभ मिलेगा।

पाँचवाँ, सामुदायिक प्रोत्साहन और जनजागरूकता। पराली न जलाने वाले किसानों को आर्थिक प्रोत्साहन दिया जाए, गाँव स्तर पर प्रतियोगिता आयोजित हो और शून्य दहन ग्राम घोषित किए जाएँ। दिल्ली, पंजाब और हरियाणा में ह्लपुसा डीकंपोजरह्न नामक जैविक घोल के प्रयोग से पराली को खेत में ही खाद में बदला जा रहा है। यदि इस तकनीक को बड़े पैमाने पर अपनाया जाए तो पराली जलाने की आवश्यकता नहीं बचेगी।

छठा, प्रशासनिक तालमेल और नीति-समन्वय। केंद्र तथा राज्य सरकारों के बीच सामंजस्य होना चाहिए ताकि कृषि, पर्यावरण और ऊर्जा विभाग एक साझा योजना के अंतर्गत काम करें। पराली प्रबंधन को ग्रामीण रोजगार योजना, जैव ऊर्जा मिशन और जलवायु परिवर्तन कार्यक्रमों से जोड़ा जा सकता है। उदाहरण के लिए, मनरेगा के अंतर्गत पराली एकत्रीकरण या जैव खाद इकाइयों में कार्य को रोजगार से जोड़ा जा सकता है। सातवाँ, शहरी-ग्रामीण सहभागिता भी इस दिशा में उपयोगी होगी। दिल्ली जैसे महानगर जहाँ प्रदूषण का सबसे अधिक प्रभाव होता है, उन्हें अपने सामाजिक उत्तरदायित्व निधि के माध्यम से पंजाब-हरियाणा के किसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करनी चाहिए। इससे प्रदूषण के स्रोत और पीड़ित क्षेत्र के बीच साझा जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी। इसके साथ-साथ तकनीकी निगरानी प्रणाली को भी सशक्त बनाना चाहिए। उपग्रह आधारित आँकड़ों से पराली जलाने की घटनाओं की त्वरित जानकारी मिल सकती है, जिससे स्थानीय प्रशासन समय रहते हस्तक्षेप कर सके। परंतु यह हस्तक्षेप केवल दंडात्मक न होकर सहयोगात्मक होना चाहिए। इन सभी उपायों का उद्देश्य यह है कि किसान को दोषी नहीं बल्कि भागीदार बनाया जाए। किसान पराली इसलिए जलाते हैं क्योंकि उनके पास व्यावहारिक विकल्प नहीं हैं।

# केबीसी का चर्चित एपीसोड- अनुशासन भूलता बचपन! अति आत्मविश्वास आखिर क्यों?

–आयुषी दवे–

भारत के बेहद लोकप्रिय टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति का एक चर्चित एपीसोड काफी सुर्खियों में है। इसमें बच्चे का अति आत्मविश्वास शुरू में तो सबको खूब भाया लेकिन शो आगे बढ़ने के साथ, जवाब देने के तरीके ने सबको हैरान किया। बच्चों के एक एपीसोड में 10 साल के बच्चे ने अमिताभ बच्चन को नियम समझाने और विकल्प न बताने की न केवल हिदायत दी बल्कि अपनी अति आत्मविश्वासी छवि पेश कर कुछ देर के लिए बोलती भी बंद कर दी हालाकि थोड़े ही सवालों के बाद वह खेल से बाहर हो गया लेकिन बच्चा जितनी देर रहा, कई अनसुलझे सवालों को छोड़ गया। शो को नियमित देखने वालों और इस बारे में सुनने वालों में इसकी काफी चर्चा है कुछ इसे बच्चे के अहम तो कुछ शिष्टाचार से जोड़कर देखते हैं। तमाम तरह की आलोचनाओं के बावजूद बच्चे के समर्थन में भी कुछ सामने आए। हालाकि कई का यह भी मानना है कि ऐसे एपीसोड केबीसी को नहीं दिखाना था। टीआरपी और प्रतिस्पर्धा की होड़ में एक्सीडेण्टली बैठे बिठाए हाथ आए ऐसे मामले भला प्रसारण कंपनी क्यों छोड़े? निश्चित रूप से बच्चे के प्रति तरह-तरह के कमेण्टस आने का सिलसिला जल्द थमने वाला नहीं। लेकिन विचारणीय यह है कि इसका बच्चे की मनःस्थिति पर कैसा और कितना गहरा असर पड़ेगा? संभव है कि जल्द इस पर डिबेट्स का दौर भी शुरू हो जाए।

लेकिन गंभीरता से सोचना होगा कि आखिर बच्चे ने ऐसा व्यवहार क्यों किया? शो के दौरान बीच-बीच में बच्चे के जवाब देने के अनुचित तरीके से उसके माता-पिता भी असहज दिखे। ऐसा लगा कि ऐसी वातार्लाप बच्चे की दिनचर्या का अंग ही है। बच्चे के लिए भले यह नया न हो और आम हो लेकिन क्या यह सही है? इस पर मनोवैज्ञानिक और मनोचिकित्सकों का ध्यान स्वाभाविक है। इस तरह की प्रवृत्ति कैसे रुके, गहन मंथन का विषय है। टीवी में ऐसे कार्यक्रम आएं न आएं यह नियामकों का जिम्मा है। लेकिन दस साल के बच्चे के व्यव्हार से ढ़ेरों सवाल जरूर उठ खड़े हुए हैं।

आज की आपाधापी और भागदौड़ भरी जिंदगी में बच्चों को अभिभावक कितना वक्त दे पाते हैं? वो संस्कार कहां गुम हो गए जिसके लिए भारत दुनिया में जाना जाता है? पश्चिमी सभ्यता इतना सर चढ़ बोल रही है कि पहले फटी जींस और अब फटे शर्ट की फैशन हमारी आत्ममुग्धता है? बच्चों का बदलता व्यवहार, उनमें रूखापन और अतिविश्वास क्यों है? इस पर मनोविज्ञानिकों की राय को भी देखना होगा जो बताते हैं कि ऐसे व्यव्हार का कारण कहीं ना कहीं बच्चे का विकासात्मक असंतुलन है जिस बच्चे को लेकर यह शुरूआत हुई है वह जेन अल्फा से ताल्लुक रखता है। यह सबसे तेज और सबसे हाईटेक पीढ़ी मानी जाती है 2010 से 2024 के बीच पैदा यह, वह पहली पीढ़ी है जो पूरी तरह से 21वीं सदी में जन्मीं है। जन्म से ही तकनीक, स्मार्टफोन और टैबलेट के साथ पले-बढ़े ये बच्चे पूरी तरह डिजिटल और सायबर परिवेश में रहते हैं। यही नए डिजिटल युग के असल प्रतिनिधि कहे जा सकते हैं। तेजी और हाजिर जवाबी इनकी पहचान है। इनके लिए, सब कुछ तुरंत होता है जैसे जवाब, खेल, प्रशंसा और ध्यान।

ऐसी प्रवृत्ति के भयावह दुष्परिणामों के बारे में सोचे बिना हम अपनी पीढ़ी को कहां ले जा रहे हैं? इस पर कौन सोचेगा? क्या हम, आप इस गति या तेजी की कीमत समझते हैं? उनके मस्तिष्क का फ्रंटल लोब, जो निर्णय लेने, धैर्य और भावनात्मक नियंत्रण के लिए ज़िम्मेदार है, बहुत धीमा विकसित हो रहा है। इनमें एक स्पष्ट पैटर्न दिखता है। इनमें विचारों में तेजी तो काम पर नियंत्रण कम रहता है। इनके व्यव्हार से मस्तिष्क का असंतुलन भी झलकता है। इसे तंत्रिका-विकासात्मक विकार कहते हैं जो ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई, अतिसक्रियता और आवेग जैसी समस्याओं का कारण बनता है। यह मस्तिष्क की वह स्थिति है जो बच्चों और किशोरों में उनके स्कूल, घर, रिश्तों में दैनिक कामकाज को प्रभावित कर सकती है। यह वयस्कता तक बनी रहती है। इसे एडीएचडी यानी अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसऑर्डर कहते हैं। वहीं यह एक तरह का ओडीडी यानी ऑप्जिशनल डिफिएंट डिसऑर्डर है। यह भी व्यवहार संबंधी विकार है जिससे बच्चों में लगातार अवज्ञाकारी, असहयोगी और शत्रुतापूर्ण व्यवहार झलकता है। बच्चे दूसरों के साथ बहस करते हैं, नियमों का पालन करने से इनकार करते हैं और चिड़चिड़े होते हैं। यदि यह व्यवहार लंबे समय तक बना रहता है, तो यह रिश्तों और दैनिक जीवन को गंभीर रूप से बाधित कर सकता है। दूसरों से बात करते समय बीच में बोलना या बीच में ही टोक देना, बेचैनी और इंतजार करने में असमर्थता, अतिसक्रियता, आवेग में आकर जवाब देना, अधिकार प्राप्त लोगों से बहस करना या उनका विरोध करना, जिद और मैं हमेशा सही हूँ वाला रवैया अपनाना, गलत होने पर भी गलतियाँ न मानना वो लक्षण हैं जो भावनात्मक असंतुलन दशार्ते हैं। ऐसी स्थितियों में भावनाएँ मस्तिष्क को नियंत्रित करती हैं, न कि मस्तिष्क भावनाओं को। इसमें बुद्धिमान दिखने खातिर आंतरिक दबाव और अपने डर को प्रभुत्व या आज्ञाकारी लहजे से छुपा लेना ठीक नहीं होता।

> **वास्तव में आपाधापी और प्रतिस्पर्धा में रात-दिन लगे माता-पिता भी तो उसी दौड़ में शामिल है जिसमें बच्चा है। भला क्या और क्या उम्मीद की जाए? समय से पहले गैर जरूरी मामलों में बच्चों की संलिप्तता और इसके लिए मददगार डिजिटल संसाधन पकड़ाना कितना उचित है? यह सवाल शुरूआत से बहस में रहा।**

केबीसी के जिस एपीसोड से यह मुद्दा गमार्या, उसमें एक अहम बातचीत पर भी ध्यान जरूरी है जब बच्चा कहता है कि अगर मैं कम से कम 12 लाख नहीं जीता तो मुझे बताया गया कि आपके साथ फोटो नहीं खिंचवा सकता! यह कहना बेहतर प्रदर्शन के लिए उस पर दबाव और चिंता को बताता है। कहने की जरूरत नहीं कि वजह माता-पिता या सामाजिक अपेक्षाओं से जुड़ा दबाव है। अहम यह कि माता-पिता अपने बच्चे की बुद्धिमत्ता और जीत की तारीफ तो करते हैं लेकिन उसकी भावनाओं को नहीं समझते, शांत या धैर्यवान होना नहीं सिखाते।

वास्तव में आपाधापी और प्रतिस्पर्धा में रात-दिन लगे माता-पिता भी तो उसी दौड़ में शामिल है जिसमें बच्चा है। भला क्या और क्या उम्मीद की जाए? समय से पहले गैर जरूरी मामलों में बच्चों की संलिप्तता और इसके लिए मददगार डिजिटल संसाधन पकड़ाना कितना उचित है? यह सवाल शुरूआत से बहस में रहा। लेकिन सवाल वही कि क्या हम वक्त से पहले अपने बच्चों को बिना सोचे, समझे बड़ा कर रहे हैं?

बचपना, मिट्टी में खेलने की आजादी, गांव, गलियां, गिल्ली डण्डा, गेड़ी चलना, लंगड़ी कूद, बोरा कूद, लुका-छिपी और तमाम पुराने पारंपिक खेल गायब होते जा रहे हैं। सबका स्थान मोबाइल और गेमिंग ने लेकर बच्चों को समय से पहले बड़ा और बूढ़ा जरूर बना दिया है। कितना अच्छा होता कि समय रहते ऐसी उच्छश्रृंखलता को रोक पाते? क्या फिर लौट पाएगा बच्चा, बचपन और अनुशासन और बच्चों का झुण्ड, आंगन में किलकारी, दौड़ना, कूदना, लड़ना और एक हो जाना! शायद लंबा इतंजार करना होगा, कितना? यह तो किसी को नहीं पता।

# विशेष

## सामान्य पटाखे बनाम ग्रीन पटाखे

बारिश खत्म होते ही, ठंड की हल्की दस्तक के साथ प्रदूषण का अनचाहा आगमन भी हो चुका है। साल दर साल बीतते जा रहे हैं और प्रदूषण की समस्या से निजात ही नहीं मिल रहा है, क्योंकि इसकी जड़ों तक जाने की कोशिश ही नहीं हो रही है। केवल ऊपरी तौर पर नियम बनाकर प्रदूषण जैसी गंभीर और जटिल समस्या का समाधान नहीं किया जा सकता, ये बात नीति नियंता भी अच्छे से जानते हैं। मगर शायद प्रदूषण दूर करना उनके लिए जीने-मरने का सवाल कभी रहा ही नहीं। उन्हें वातानुकूलित दफ्तरों में बैठकर काम करना है, तमाम सुविधा-संपन्न घरों में रहना है, छुट्टियों पर प्रदूषण रहित पर्यटक स्थलों पर वे जाते हैं और अगर बीमार पड़ें तो सात सितारा अस्पतालों में महंगा इलाज उनके लिए उपलब्ध है। लेकिन आम आदमी प्रदूषण की मार बारह महीने झेलता है, फिर भी समझ नहीं पाता कि उसे खुश करके आखिर में उसे ही धीरे-धीरे मारने का इंतजाम किया जा रहा है।

दीपावली से पहले सुप्रीम कोर्ट ने हरित पटाखों की बिक्री और उपयोग की जो इजाजत दी है, वो इसी धीमी मौत का एक और उदाहरण है। सुप्रीम कोर्ट को कम नुकसानदायक पटाखों को जलाने की मंजूरी इसलिए देनी पड़ी क्योंकि दीपावली अब रोशनी, रंगों और मिठास से ज्यादा उस हिंदुत्व का त्योहार बन चुका है, जिसे अपने प्रचार के लिए कानफोडू शोर की जरूरत पड़ती है। न जाने किस तरह बहुतेरे हिंदुओं के दिमाग में यह बात भर दी गई कि दीपावली पर पटाखे जलाने से रोकना धर्म का अपमान है। कहने की आवश्यकता नहीं कि भाजपा का इस मुहिम में बड़ा योगदान रहा। प्रधानमंत्री मोदी दुनिया को पर्यावरण संरक्षण का ज्ञान बांटते हैं, लेकिन अपनी पार्टी के लोगों और समर्थकों को यह नहीं समझा सकते कि धर्म की राजनीति चलती रहेगी, कम से कम त्योहार को इसमें बख्श दें। अगर आज मोदी लोगों से अपील करें कि वे पटाखे न जलाएं, दीए, कंदील जलाकर, रंगोली सजाकर दीवाली मना लें, तो उनके अनुयायी खुशी-खुशी इस बात को मानेंगे। जब बालकनी में आकर थाली पीट सकते हैं, तो ये काम भी कर ही सकते हैं। मगर मोदी को भी ये डर है कि हिंदुत्व के नाम पर जिन लोगों को पूरी तरह गुमराह किया जा चुका है, वे इस बात को गलत तरीके से ले कर अपनी नाराजगी मोदी पर ही उतार सकते हैं। इसलिए भाजपा में अब पटाखों की नहीं, ग्रीन यानी हरित पटाखों की बात होती है। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट का आभार माना है कि उसने इन पटाखों के लिए मंजूरी दी। शीर्ष अदालत ने सिर्फ नीरी (नेशनल एनवायरनमेंटल इंजीनियरिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट) द्वारा प्रमाणित ग्रीन पटाखों की बिक्री और इस्तेमाल की अनुमति दी है। जो केवल 18 से 21 अक्टूबर तक के लिए दी गई है। अदालत ने साफ किया कि इस अवधि के बाद किसी भी प्रकार के पटाखों की बिक्री या इस्तेमाल पर प्रतिबंध जारी रहेगा। अगर कोई विक्रेता या निमार्ता इस आदेश का उल्लंघन करता पाया गया, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यह आदेश भी दिया गया है कि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मिलकर विशेष निगरानी दल गठित करें। इन टीमों का काम यह सुनिश्चित करना होगा कि सिर्फ प्रमाणित ग्रीन पटाखों का ही निर्माण, बिक्री और उपयोग हो रहा है।

# गरीबी के खिलाफ सबसे बड़ा हथियार है सम्मान की संस्कृति

–अतुल गोयल–

गरीबी केवल आर्थिक संसाधनों की कमी नहीं है बल्कि एक बहुआयामी संकट है, जिसमें गरिमा, अवसर और सामाजिक सुरक्षा का अभाव गहराई से जुड़ा है। हर साल 17 अक्तूबर को ह्यअंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवसह्ण के रूप में मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य गरीबी में जी रहे लोगों और व्यापक समाज के दुखों के बारे में समझ को बढ़ावा देना है। यह दिवस समरण कराता है कि मानवता के सामने सबसे बड़ी चुनौती आज भी गरीबी और उससे उपजने वाला सामाजिक अन्याय ही है। अंतर्राष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस का इस वर्ष का विषय ह्यपरिवारों के लिए सम्मान और प्रभावी समर्थन सुनिश्चित करके सामाजिक और संस्थागत दुर्व्यवहार को समाप्त करनाह्ण हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि गरीबी के विरुद्ध संघर्ष केवल आर्थिक सहायता तक सीमित नहीं रह सकता बल्कि यह एक सामाजिक और नैतिक उत्तरदायित्व है, जिसमें संस्थागत ढ़ांचे और सामाजिक व्यवहार दोनों का पुनर्निर्माण आवश्यक है।

संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, गरीबी का सीधा संबंध उन व्यवस्थाओं और सोच से है, जो गरीबों को सहयोग के बजाय नियंत्रण, निगरानी और दोषारोपण के दायरे में बांध देती हैं। गरीबी में जी रहे लोगों को अक्सर सहायता की आवश्यकता वाले मानव के रूप में नहीं बल्कि अक्षम या जिम्मेदारीहीन के रूप में देखा जाता है। यही दृष्टिकोण सामाजिक और संस्थागत दुर्व्यवहार की जड़ है। परिवारों को गरिमा से जीने का अवसर तभी मिलेगा, जब समाज उन्हें बराबरी और सम्मान की दृष्टि से देखे और संस्थाएं उन्हें सहयोगी के रूप में स्वीकार करें। इस वर्ष का विषय उस बदलाव की ओर संकेत करता है, जिसमें नीतियां और सेवाएं निगरानी से देखभाल, नियंत्रण से समर्थन और ऊपर से थोपी जाने वाली नीतियों से भागीदारीपूर्ण निर्णय की दिशा में अग्रसर हों।

दुनिया में आज भी लगभग 690 मिलियन लोग प्रतिदिन 2.15 डॉलर से कम आय पर जीवन यापन कर रहे हैं। विश्व स्तर पर लगभग 1.1 अरब लोग बहुआयामी गरीबी में फंसे हुए हैं, जिनमें स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच का अभाव है। कोविड-19 महामारी के बाद भी विश्व की बड़ी आबादी सामाजिक सुरक्षा के कवच से बाहर है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्टों के अनुसार, 4 अरब से अधिक लोग किसी न किसी रूप में असुरक्षित हैं। यह स्थिति केवल आर्थिक असमानता नहीं दशार्ती बल्कि इस बात का प्रमाण है कि वैश्विक संस्थागत ढ़ांचा अभी भी मानव गरिमा की सुरक्षा में असफल है।

सामाजिक और संस्थागत दुर्व्यवहार की जड़ें बहुत गहरी हैं। यह केवल सरकारी तंत्र या नीतियों की समस्या नहीं बल्कि एक सामाजिक सोच का प्रतिबिंब है, जो गरीबी को व्यक्तिगत विफलता मानती है। गरीब परिवारों को सहायता की जगह संदेह की निगाह से देखा जाता है। कई देशों में सामाजिक सुरक्षा या कल्याण योजनाओं के लिए पात्रता की प्रक्रियाएं इतनी जटिल हैं कि सबसे वंचित लोग ही उनसे वंचित रह जाते हैं। पहचान पत्र, दस्तावेजी प्रमाण, आय का विवरण या निवास का प्रमाण, इन औपचारिकताओं के बीच गरिमा का स्थान कहीं खो जाता है। परिणामस्वरूप गरीबी के साथ-साथ अपमान, असहायता और असमानता भी बढ़ती जाती है।

भारत जैसे विकासशील देशों में भी यह स्थिति किसी हद तक झलकती है। यहां भी लाखों परिवार सरकारी योजनाओं के लाभ से वंचित रहते हैं क्योंकि प्रक्रिया कठिन, तंत्र असंवेदनशील और व्यवस्था अविश्वसनीय है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली, स्वास्थ्य बीमा, पेंशन, छात्रवृत्ति या रोजगार गारंटी जैसी योजनाएं कई बार उन्हीं तक सीमित रह जाती है, जो पहले से अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में हैं। ग्रामीण और शहरी गरीबों, प्रवासी मजदूरों, महिलाओं, वृद्धजनों और एकल माता-पिता वाले परिवारों को वास्तविक सहायता तक पहुंचाने में प्रशासनिक दूरी और सामाजिक उदासीनता बड़ी बाधा बनती है। यही कारण है कि गरीबी केवल आय का नहीं बल्कि सम्मान और अवसर का प्रश्न बन गई है।

सामाजिक और संस्थागत दुर्व्यवहार के परिणाम गहरे और दीर्घकालिक होते हैं। जब परिवारों को अपमान, उपेक्षा और असमान व्यवहार झेलना पड़ता है तो इसका असर उनके बच्चों के विकास, शिक्षा और मानसिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। पीढ़ियों तक गरीबी का चक्र चलता रहता है क्योंकि गरीबी केवल संसाधनों की कमी नहीं बल्कि आत्मविश्वास और सामाजिक स्वीकृति की भी कमी बन जाती है। जो परिवार सहायता के बजाय आरोप का सामना करते हैं, वे शासन और समाज दोनों से दूर हो जाते हैं। इससे सरकारी कार्यक्रमों की विश्वसनीयता घटती है और असमानता की खाई और गहरी होती जाती है। गरीबी उन्मूलन के लिए आवश्यक है कि परिवारों को सम्मान और सुरक्षा मिले। समाज को नियंत्रण के बजाय सहयोग की संस्कृति अपनानी होगी। संस्थानों को ऐसी नीतियां बनानी होंगी, जिनमें गरीबों की आवाज शामिल हो। नीतियों और योजनाओं का निर्माण उन्हीं लोगों की भागीदारी से होना चाहिए, जिन पर उनका प्रभाव पड़ता है। जब नीति निर्माण में गरीब परिवारों की राय और अनुभव शामिल किए जाते हैं तो योजनाएं अधिक यथार्थवादी और प्रभावी बनती हैं। इसके लिए जरूरी है कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को सरल और सुलभ बनाया जाए। पात्रता मानदंड पारदर्शी हों, आवेदन प्रक्रियाएं डिजिटल विभाजन से मुक्त हों और लाभार्थियों को उनकी भाषा और संस्कृति के अनुसार जानकारी दी जाए। परिवार-केंद्रित दृष्टिकोण को प्राथमिकता दी जाए, ऐसी सेवाएं, जो बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखें। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों को समान रूप से सुनिश्चित करना गरीबी उन्मूलन का सबसे स्थायी मार्ग है।

संस्थागत स्तर पर सबसे अहम बदलाव दृष्टिकोण का है। कल्याण योजनाओं को दया या अनुग्रह पर नहीं बल्कि अधिकार-आधारित बनाना होगा। सार्वजनिक सेवा प्रदाताओं, जैसे सामाजिक कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कर्मी, शिक्षक या प्रशासनिक अधिकारी, को संवेदनशीलता और मानवाधिकार दृष्टिकोण से प्रशिक्षित करना आवश्यक है ताकि गरीबों के साथ किसी प्रकार का अपमानजनक या भेदभावपूर्ण व्यवहार न हो। शिकायत निवारण और जवाबदेही तंत्र भी मजबूत किए जाने चाहिए ताकि किसी परिवार के साथ अन्याय होने पर उसे न्याय का अवसर मिल सके। दूसरा महत्वपूर्ण पहलू संसाधनों की उपलब्धता है। गरीबी उन्मूलन केवल योजनाएं घोषित करने से संभव नहीं होगा, इसके लिए पर्याप्त वित्तीय निवेश और निरंतर निगरानी की आवश्यकता है। सरकारों को बजट का बड़ा हिस्सा शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा में लगाना होगा, साथ ही यह सुनिश्चित करना होगा कि नीति का केंद्र केवल आर्थिक वृद्धि नहीं बल्कि सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा भी हो। स्थानीय स्तर पर काम करने वाले संगठन परिवारों के अनुभवों को सामने लाकर नीतियों में सुधार की दिशा दिखा सकते हैं। तकनीकी नवाचारों के माध्यम से डेटा आधारित निर्णय, पारदर्शिता और समावेशिता को बढ़ाया जा सकता है।

स्वामीः गायत्री मीडिया, मुद्रकः रजनी कुमारी, प्रकाशक व संपादकः शैलेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रैस, डी-85, नोएडा, सेक्टर-6, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश से मुद्रित कराकर कार्यालय, बी-102, पांडव नगर, नियर एमसीडी स्कूल, नई दिल्ली-110092 से प्रकाशित। सभी विवादों के न्याय क्षेत्र दिल्ली न्यायालय में होगा। RNI No-DELHIN/2017/75336 (M) 9818087861

# सपाईयों ने मनाईं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती




**अमरोहा।** सपा जिला कार्यालय पर बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति एवं भारत रत्न डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने की। इस अवसर पर डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके वैज्ञानिक, सामाजिक और प्रेरणादायी व्यक्तित्व पर विचार गोष्ठी आयोजित की गई।जिला अध्यक्ष मस्तराम सिंह यादव ने कहा कि डॉ. कलाम का जीवन अनुशासन, परिश्रम और सपनों की शक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कलाम साहब ने कठिन परिस्थितियों में भी अपने सपनों को पूरा किया और देश को मिसाइल तकनीक व अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नई ऊँचाइयाँ दीं। विज्ञान संचारक व साइंस एक्टिविस्ट सन्तराम सिंह यादव ने बताया कि डॉ. कलाम ने लगभग 40 विश्वविद्यालयों से डॉक्टर ऑफ साइंस की मानद उपाधि प्राप्त की थी। उन्होंने पोखरण परमाणु परीक्षण को सफल बनाकर भारत को आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित किया। समाजवादी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि डॉ. कलाम के विचारों में समाजवाद की भावना निहित थी। उन्होंने मानवता को सर्वोपरि रखते हुए युवाओं को राष्ट्र निर्माण का संदेश दिया। कार्यक्रम का संचालन जिला महासचिव चन्द्रपाल सैनी ने किया। इस अवसर पर शाजिद खां, अतीक अहमद, महेश यादव, मुमताज खां, अशोक यादव, सन्तराम यादव, मौहम्मद अकरम, रविपाल चिकारा, सलमान प्रधान, सरफराज अनवर, राधेलाल रघुवंशी, विक्रम रघुवंशी, दुष्यंत रघुवंशी, धर्मपाल सिंह यादव, मलखान सिंह यादव, जयराम सिंह, शाहजेब खां सहित अनेक समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# इस बार आतिशबाजी की दुकानों से नहीं होगी वसूली, प्रवीण अग्रवाल



**मंडी धनौरा।** दीपों का त्यौहार दीपावली का पर्व नजदीक आ रहा है जिसके चलते हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर के रामलीला मैदान पर पटाखों की अस्थाई दुकानें लगनी की तैयारी शुरू हो चुकी है।लेकिन हर वर्ष की तरह इस वर्ष पटाखा दुकानदारों के लिए राहत भरी खबर है इस बार नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने घोषणा की है कि इस बार आतिशबाजी की दुकानों से किसी भी प्रकार की कोई वसूली नहीं की जाएगी। बताते चले पूर्व में यहां आतिशबाजी की दुकानें लगाने व्यापारियों से ठेकेदारों द्वारा मनमानी वसूली की जाती थी लेकिन इस वर्ष पालिकाध्यक्ष ने इस पर रोक लगाई है।पालिकाध्यक्ष द्वारा किए गए इस सराहनीय कार्य से व्यापारी पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल की सराहना कर रहे हैं।

# नायाब अब्बासी डिग्री कॉलेज में सड़क सुरक्षा पर गोष्ठी आयोजित




**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** मिशन शक्ति फेज-5 के अंतर्गत नायाब अब्बासी डिग्री कॉलेज में सड़क सुरक्षा के संबंध में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. लुबना हामिद ने की। इस अवसर पर अंग्रेज़ी विभागाध्यक्ष डॉ. तशकील हैदर ने कहा कि सड़क पर चलते समय सभी को यातायात नियमों का पालन करना चाहिए, क्योंकि जरा-सी लापरवाही जीवन को संकट में डाल सकती है। शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. नसीम अहमद ने कहा कि सड़क सुरक्षा के प्रति समाज को जागरूक करने की आवश्यकता है। वहीं चीफ़ प्रॉक्टर डॉ. महताब अमरोहवी ने कहा कि असावधानी से हर वर्ष लाखों लोग दुर्घटनाओं का शिकार होकर अपनी जान गंवा बैठते हैं या विकलांग हो जाते हैं। प्राचार्या डॉ. लुबना हामिद ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि सड़क दुर्घटना के घायलों को अस्पताल पहुँचाने वालों से अब किसी प्रकार की पूछताछ या गवाही नहीं ली जाएगी। इसलिए मानव जीवन की रक्षा के लिए सभी को आगे आना चाहिए। कार्यक्रम में क़सीम अशरफ़, डॉ. एम. अथर कमाल, अर्चना शर्मा, डॉ. रेशम ज़ैदी, डॉ. निकहत नकवी, डॉ. रुचि अग्रवाल, अरमान सिद्दीक़ी, जुनैद आलम पम्मी, रुमाना आबिदी, नदीम ख़ान, दुरदाना फ़ारूक़ी, डॉ. फ़राह सिद्दीक़ी, उज़्मा सैफ़ी, अंबर सुल्ताना सहित सभी स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। अंत में सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई।

# एक दिन की थाना प्रभारी बनी एम एस स्कूल की छात्रा निष्ठा यादव




**उत्तम भारत संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** गुरुवार को नगर के मौहल्ला महादेव निवासी एम एस पब्लिक स्कूल 12 वीं की छात्रा निष्ठा यादव ने सोमवार को एक अलग ही जिम्मेदारी निभाई। मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत निष्ठा यादव को एक दिन के लिए धनौरा थाना का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया। थाना प्रभारी की कुर्सी पर बैठते ही निष्ठा ने काम को गंभीरता से लिया। उन्होंने थाने में आने वाली शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना और पुलिसकर्मियों को निर्देश दिए कि हर शिकायत का निष्पक्ष और प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण हो इस दौरान धनौरा थाना प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने निष्ठा यादव को थाने की कार्यप्रणाली, महिला सुरक्षा योजनाओं और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। निष्ठा ने साइबर अपराध पर भी विशेष रुचि दिखाई उन्हें बताया गया कि आजकल डिजिटल ठगी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं और इससे बचाव के लिए जागरूक रहना कितना जरूरी है। इस दौरान निष्ठा ने खुद भी अन्य छात्राओं को सतर्क रहने और जरूरत पड़ने पर 1090, 112 जैसे हेल्पलाइन नंबरों का इस्तेमाल करने का संदेश दिया। इस दौरान थाना परिसर में निष्ठा यादव का फूलों के गुलदस्ते से स्वागत किया गया। उनका यह अनुभव न केवल उनके लिए यादगार रहा बल्कि यह उन तमाम युवतियों के लिए भी प्रेरणास्रोत बनेगा जो भविष्य में समाज की सेवा करने का सपना देखती हैं। एक दिन की थाना प्रभारी बनी निष्ठा ने यह साबित कर दिया कि बेटियां सिर्फ किताबों तक सीमित नहीं होती जिम्मेदारी उठाने में भी किसी से कम नहीं हैं।

# छात्रा निष्ठा बनी एक दिन की थाना प्रभारी, पुलिस की कार्यप्रणाली से हुई रूबरू

*** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत मण्डी धनौरा पुलिस की विशेष पहल**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** मिशन शक्ति फेज-5 के तहत महिला सुरक्षा, साइबर जागरूकता एवं यातायात नियमों के प्रति छात्राओं को जागरूक करने के उद्देश्य से थाना मण्डी धनौरा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान एमएस सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल कस्बा मण्डी धनौरा की कक्षा 12वीं की छात्रा निष्ठा को एक दिवस का थाना प्रभारी बनाया गया। थाना प्रभारी की भूमिका निभाते हुए छात्रा निष्ठा ने थाना परिसर में जनसुनवाई की, वाहनों की चेकिंग कराई और पुलिस कार्यप्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया। इस दौरान छात्राओं को थाना परिसर का भ्रमण कराया गया तथा उन्हें विभिन्न शाखाओं के कार्यों से परिचित कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री अमित कुमार आनंद के निर्देशन में तथा प्रभारी निरीक्षक थाना मण्डी धनौरा बालेन्द्र सिंह की देखरेख में किया गया। श्री सिंह ने छात्राओं को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, आपातकालीन सेवाओं एवं यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी।

छात्राओं को बताया गया कि वर्तमान समय में साइबर ठग विभिन्न तरीकों से लोगों को धोखाधड़ी का शिकार बनाते हैं। अतः अनजान कॉल, संदिग्ध लिंक अथवा फर्जी ऑफ़र से सतर्क रहें। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन धोखाधड़ी की स्थिति में साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 या www.cybercrime.gov.in पर तत्काल शिकायत दर्ज करने की अपील की गई। इसके अतिरिक्त छात्राओं को महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112 तथा अन्य उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी भी दी गई। कार्यक्रम में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और पुलिस विभाग के प्रयासों की सराहना की।

# विकसित उत्तर प्रदेश/ 2047 के लिए नागरिकों के सुझावों से बन रहा समर्थ उत्तर प्रदेश का खाका

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** उत्तर प्रदेश को वर्ष 2047 तक एक विकसित राज्य के रूप में स्थापित करने के लक्ष्य के साथ राज्य नियोजन विभाग द्वारा ÷समर्थ उत्तर प्रदेशः विकसित उत्तर प्रदेश/ 2047 अभियान संचालित किया जा रहा है। इस महत्वाकांक्षी पहल के अंतर्गत नागरिकों से प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए बहुमूल्य सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने बताया कि राज्य सरकार ने जनभागीदारी को और व्यापक बनाने के उद्देश्य से सुझाव देने की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2025 तक बढ़ा दी है। उन्होंने कहा कि ÷विकसित भारत बनाने के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। आइए, हम सब अपने सुझाव देकर प्रदेश और देश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाएं।÷ इस अभियान के तहत शिक्षा, कृषि, चिकित्सा, ग्रामीण विकास, उद्योग, रोजगार, अवसंरचना और पर्यावरण संरक्षण जैसे प्रमुख क्षेत्रों में आमजन, विशेषज्ञों, नोडल अधिकारियों और प्रबुद्धजनों से सुझाव मांगे जा रहे हैं। डीएम ने बताया कि अमरोहा जनपद में भी नागरिकों से सक्रिय रूप से सुझाव आमंत्रित किए जा रहे हैं। ÷विकसित उत्तर प्रदेश/ 2047÷ के विज़न में हर नागरिक की भागीदारी को महत्वपूर्ण माना गया है, ताकि नीतिगत निर्णय जनता की अपेक्षाओं और आवश्यकताओं के अनुरूप बन सकें। उन्होंने कहा कि नागरिक अपने सुझाव पोर्टल https://samarthuttarpradesh.up.gov.in पर दर्ज कर सकते हैं। पोर्टल पर क्यूआर कोड स्कैन कर मोबाइल नंबर से लॉगिन करें, ओटीपी भरें और खुले फॉर्म में अपने सुझाव लिखकर या बोलकर दर्ज करें। मूल्यवान सुझावों की समीक्षा कर उन्हें राज्य की नीतियों में शामिल किया जाएगा तथा उत्कृष्ट सुझाव देने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा। जिलाधिकारी ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे 31 अक्टूबर 2025 तक अपने विचार और सुझाव अवश्य दर्ज करें तथा ÷विकसित उत्तर प्रदेश 2047÷ के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

# विश्व खाद्य दिवस-2025 पर श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन

*** हैंड इन हैंड फॉर बेटर फूड्स एंड बेटर फ्यूचर थीम पर हुआ मंथन**




**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय में ''स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साईसेज'' की ओर से विश्व खाद्य दिवस-2025 पर ''हैंड इन हैंड फॉर बेटर फूड्स एंड बेटर फ्यूचर'' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें देश के विभिन्न हिस्सों से आये एक दर्जन से अधिक कृषि वैज्ञानिक ने हिस्सा लिया। राष्ट्रीय संगौष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे विश्व के पहले पांच कृषि वैज्ञानिकों मं शुमार ''इंडियन एग्रीकल्चर रिसर्च संस्थान'' पूसा के प्रधान वैज्ञानिक प्रो0 (डॉ0) रमेश कुमार यादव ने कहा हमारी सेहत सीधे तौर पर ''मिट्टी की सेहत'' से जुड़ी है। आज अंधाधुंध रसायनों एवं कृत्रिम खाद के बेतहाशा प्रयोग से यदि हम तेजी से ''बंजर'' होती भूमि को बचाने के साथ-साथ खाद्य पदार्थो में बढ़ते रसायनों एवं कीटनाशकों से होने वाली कैंसर, अल्सर समेत सैकड़ों बिमारियों से अपने आप को बचाना चाहते है तो हमे फिर से ''जैविक खेती'' की ओर लौटना होगा। मोटे अनाज एवं रसायनविहीन खाद्य पदार्थो को अपनी ''डाईट'' में शुमार करना होगा। फसलों का उत्पादन बढ़ाने के लिए कृत्रिम रासायनिक खादों के बजाय, गोबर, गोमूत्र, गुड़, सूखे पत्तों को खाद के तौर पर उपयोग में लाना होगा। इस अवसर पर एग्रीकल्चर के छात्र-छात्राओ ने ''हैंड इन हैंड फॉर बेटर फूड्स एंड बेटर फ्यूचर'' के विभिन्न स्टाल लगाकर जैविक खेती को बढ़ावा देने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि ने संस्थान प्रबंधन के साथ मिलकर विजेता छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। श्री वेंक्टेश्वरा विश्वविद्यालय/संस्थान के सरदार पटेल सभागार में ''स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर'' की ओर से ''विश्व खाद्य दिवस पर आयोजित खाद्य सुरक्षा के लिए ''हैंड इन हैंड फॉर बेटर फूड्स एंड बेटर फ्यूचर'' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय सेमिनार का शुभारम्भ संस्थापक अध्यक्ष श्री सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, मुख्य अतिथि डॉ0 रमेश कुमार यादव, कुलपति प्रो0 कृष्ण कान्त दवे, डीन एग्रीकल्चर डॉ0 टी0पी0 सिंह, प्रभारी डीन प्रो0 थॉमस एब्राहिम आदि ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। विश्व खाद्य दिवस-2025 पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमीनार को प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी, पंतनगर कृषि विश्वविद्यालय एवं कुमायूं विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति विख्यात कृषि वैज्ञानिक प्रो0 वी0पी0एस0 अरोड़ा, कुलपति प्रो0 कृष्ण कान्त दवे, कृषि वैज्ञानिक एवं संगौष्ठी के मुख्य आयोजक डॉ0 टी0पी0 सिंह आदि ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर कुलसचिव डॉ0 पीयूष पांडे, डीन एग्रीकल्चर डॉ0 टी0पी0 सिंह, डॉ0 नीतू पंवार, डॉ0 योगेश्वर, डॉ0 राजवर्द्धन, डॉ0 दर्पण कौशिक, डॉ0 माता प्रसाद, डॉ0 लक्ष्मीकान्त, डॉ0 ज्योति सिंह, डॉ0 विनय कुमार सिंह, डॉ0 शेषनाथ सिंह, डॉ0 वरूण त्रिपाठी डॉ0 आशिया वाहिद, डॉ0 कौशल कुमार, उदित तिवारी एवं मेरठ परिसर से डॉ0 प्रताप सिंह, विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शानदार संचालन डॉ0 ज्योति सिंह ने किया।

# काठ रोड नाला निर्माण को मिली 19 करोड़ की स्वीकृति, वर्षों पुरानी समस्या का हुआ समाधान

*** नगर के कई मोहल्लों के लोगों ने ली राहत की सांस, भाजपा सरकार की पहल से संभव हुआ कार्य**




**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** नगर के बड़े हिस्से, मोहल्ला अफगानान, कटकुई, नियाजयान, शिवद्वारा, अहमदनगर, तकिया हुसैन शाह, चौक, गुरैशी सहित आसपास के क्षेत्रों के निवासियों के लिए राहत की खबर है। वर्षों से चली आ रही जलभराव की गंभीर समस्या का अब समाधान हो गया है। सरकार ने काठ रोड के अधूरे पड़े नाले के निर्माण के लिए 19 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत कर दी है। पूर्व में खराब प्लानिंग के चलते मोहल्ला गुजरी, काली पगड़ी, मछरटटा, बसावनगंज, मण्डीचीब, बड़ा दरबार, गशितयान आदि क्षेत्रों का पानी कुशक तालाब से होते हुए राम तालाब में भरने लगा था। इसके ओवरफ्लो होने से आसपास के इलाकों, खासकर कटकुई अफगानान के खानदानी कब्रिस्तान, पुराने अन्त्येष्टि स्थल और सैकड़ों बीघा कृषि भूमि में पानी भर जाता था। इस कारण स्थानीय लोगों को अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि जब-जब वह किसी शोक कार्यक्रम में जाती थीं, तब लोग कब्रिस्तान और अन्त्येष्टि स्थल में भरे पानी की समस्या से व्यथित होकर अपनी पीड़ा साझा करते थे। इसी समस्या के स्थायी समाधान के लिए उन्होंने अपने पिछले कार्यकाल से ही लगातार प्रयास शुरू कर दिए थे। नगर पालिका के अनुरोध पर शासन को 30 नवम्बर 2018, 21 मार्च 2025 और 23 जून 2025 को पत्र भेजे गए थे। नगर पालिका अध्यक्ष ने बताया कि उन्होंने इस विषय को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सीधे मुलाकात की और उनके अमरोहा दौरे के दौरान भी बार-बार यह मांग रखी। उन्होंने अमरोहा के सांसद कंवर सिंह तंवर और धनौरा विधायक राजीव तरारा का विशेष आभार जताते हुए कहा कि इन दोनों जनप्रतिनिधियों ने सरकार तक यह मुद्दा पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। नगर पालिका अध्यक्ष शशि जैन ने कहा ÷मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और हमारी सरकार की जनहितैषी नीति के कारण आज 19 करोड़ की स्वीकृति मिली है। यह हमारे क्षेत्रवासियों के लिए बड़ी राहत की बात है। भाजपा सरकार 'सबका साथ, सबका विश्वास और सबका विकास' के सिद्धांत पर कार्य कर रही है।÷ उन्होंने मीडिया बंधुओं का भी धन्यवाद किया कि उन्होंने इस समस्या को बार-बार समाचारों के माध्यम से उजागर किया और जनहित की आवाज़ को शासन तक पहुंचाने में सहयोग किया।

# तिगरी मेले में मीडिया सेंटर व इंटरनेट सुविधा की उठी मांग, प्रेस क्लब धनौरा की बैठक में गूंजी आवाज़

*** पत्रकारों ने कहा— रिपोर्टिंग के दौरान इंटरनेट व सुविधाओं के अभाव में होती है भारी दिक्कतें**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा/ मंडी धनौरा।** आगामी कार्तिक पूर्णिमा पर लगने वाले ऐतिहासिक गंगा धाम तिगरी मेले में पत्रकारों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की मांग को लेकर प्रेस क्लब धनौरा (रजि.) की एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को नगर स्थित द ग्रैंड सेलिब्रेशन बैंकट हॉल में आयोजित की गई। बैठक में मेले में मीडिया प्रतिनिधियों को समुचित कार्य वातावरण प्रदान करने और प्रशासन से सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। बैठक की अध्यक्षता संरक्षक महिपाल सिंह ने की। उन्होंने कहा कि तिगरी मेला सिर्फ धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण आयोजन है। प्रतिवर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु और व्यापारी यहां पहुंचते हैं। ऐसे विशाल मेले में मीडिया की भूमिका अहम होती है, क्योंकि पत्रकार ही वह कड़ी हैं जो मेले की झलक देश-दुनिया तक पहुंचाते हैं। बावजूद इसके, मेले में पत्रकारों को मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझना पड़ता है। उन्होंने बताया कि रिपोर्टिंग के दौरान सुबह से देर रात तक मेले में मौजूद रहने के बावजूद इंटरनेट कनेक्टिविटी की समस्या के कारण पत्रकारों को समाचार लिखने और भेजने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार देर रात शहर लौटकर खबरें भेजनी पड़ती हैं, जिससे समय और संसाधन दोनों की बर्बादी होती है। बैठक में उपस्थित पत्रकारों ने एकमत से मांग की कि प्रशासन द्वारा मेले में एक ÷मीडिया सेंटर÷ स्थापित किया जाए, जहां पर तेज़ इंटरनेट/वाई-फाई सुविधा, लैपटॉप चार्जिंग पॉइंट, भोजन एवं ठहराव की व्यवस्था तथा समाचार लेखन हेतु शांत वातावरण उपलब्ध कराया जाए। इससे न केवल समाचार संप्रेषण में सुगमता होगी, बल्कि पत्रकारिता की गुणवत्ता में भी वृद्धि होगी।बैठक में यह भी प्रस्ताव रखा गया कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए बुजुर्गों, महिलाओं, बच्चों एवं दिव्यांगों के लिए अलग जोन बनाया जाए, ताकि वे सुरक्षित और सुविधाजनक ढंग से स्नान एवं दर्शन कर सकें। इसके साथ ही पत्रकारों ने यह सुझाव भी दिया कि तिगरी मेले की परंपरा, आस्था और सामाजिक एकता के प्रतीक स्वरूप पूरे मंडल के पत्रकारों, साधु-संतों एवं सामाजिक संगठनों को एक साझा मंच पर आमंत्रित किया जाए, जिससे मेले की गरिमा और भव्यता और भी बढ़ सके। बैठक में प्रेस क्लब अध्यक्ष धर्मेन्द्र सैनी, महासचिव सचिन विश्नोई, सचिव सुमित अग्रवाल, सचिव परविंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र शर्मा, सदस्य गौरव शर्मा, इकरामुद्दीन मलिक, आकाश कुमार देव सहित अनेक पत्रकार उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि पत्रकार समाज का दर्पण हैं, और प्रशासन को उनकी कार्य सुविधा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। अंत में यह सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रेस क्लब धनौरा की ओर से इन सभी मांगों को एक औपचारिक ज्ञापन के माध्यम से जिला प्रशासन एवं मेले की आयोजन समिति तक पहुंचाया जाएगा। सदस्यों ने आशा जताई कि प्रशासन इस बार पत्रकारों की समस्याओं को प्राथमिकता देगा और गंगा तिगरी मेले को पत्रकारिता की दृष्टि से भी ऐतिहासिक बनाने में सहयोग करेगा।

# हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज में छात्राओं ने ली यातायात जागरूकता की शपथ



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** हाशमी गर्ल्स डिग्री कॉलेज, अमरोहा में आज एक विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत छात्राओं को यातायात नियमों के पालन एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर छात्राओं में उत्साह और जिम्मेदारी का भाव स्पष्ट रूप से देखने को मिला। कार्यक्रम की शुरुआत कॉलेज की प्राचार्या डॉ. रिजवाना कुलसुम के संबोधन से हुई। उन्होंने कहा कि ÷यातायात नियमों का पालन केवल कानून की बाध्यता नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा का मूल मंत्र है। यदि प्रत्येक व्यक्ति थोड़ी सी सावधानी बरते तो सड़क दुर्घटनाओं को काफी हद तक रोका जा सकता है।÷ उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे स्वयं ट्रैफिक नियमों का पालन करें और अपने परिवार व समाज को भी इसके लिए जागरूक करें। इस अवसर पर छात्राओं ने सामूहिक रूप से शपथ ली कि वे हमेशा हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग करेंगी, सड़क पार करते समय निर्धारित ज़ेब्रा क्रॉसिंग का उपयोग करेंगी तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करेंगी।कार्यक्रम में मौजूद शिक्षकों ने भी छात्राओं को ट्रैफिक नियमों की जानकारी दी और सड़क पर जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि भारत में प्रतिवर्ष बड़ी संख्या में सड़क दुर्घटनाएं सिर्फ लापरवाही के कारण होती हैं, इसलिए छोटी-छोटी सावधानियाँ जीवन को सुरक्षित बना सकती हैं। कॉलेज परिसर में आयोजित इस शपथ कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और जिम्मेदार नागरिकता की भावना विकसित करना था। अंत में प्राचार्या डॉ. रिजवाना कुलसुम ने सभी छात्राओं को यातायात के प्रति सतर्क रहने और समाज में सुरक्षा के संदेश को प्रसारित करने के लिए प्रेरित किया।

# डीएम - एसपी ने किया तिगरी गंगा मेला स्थल का निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद द्वारा गंगा तिगरी मेला की तैयारी का मौके पर जाकर जायजा लिया गया। इस अवसर पर डीएम-एसपी ने प्रस्तावित ले आउट देखा और चल रहे कार्यो की प्रगति जानने के बाद बन रही सड़कों के कार्यों में तेजी लाते हुए दीपावली तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विद्युत, प्रकाश, शौचालय और पेयजल की व्यवस्था का कार्य शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने बन रहे घाटों का निरीक्षण किया और बाढ़खंड के अधिकारियों को घाटों का निर्माण सुरक्षात्मक उपायों को अपनाते हुए मजबूत बल्लियां लगाने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने तिगरी गंगा मेला को भव्य, सुरक्षित और आकर्षक बनाने के लिए सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला में लाखों श्रद्धालु आते हैं। इसलिए, सभी अधिकारी समय रहते आवश्यक व्यवस्थाएं बेहतर ढंग से पूर्ण करें, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर से बेहतर सुविधाएं प्राप्त हों। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद ने बताया कि मेले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। पुलिस के साथ-साथ पीएसी भी तैनात रहेगी। सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। ड्रोन कैमरों के माध्यम से भी नजर रखी जाएगी। फायर सर्विस उपलब्ध रहेगी। यातायात व्यवस्था को सुचारू रखा जाएगा।

# सीएम डैशबोर्ड पर आधारित विकास कार्यों की जिलाधिकारी ने की समीक्षा

*** गुणवत्ता और समयबद्धता से परियोजनाएं पूर्ण करने के निर्देश**



**उत्तम भारत संवाददाता**

**अमरोहा।** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर दर्ज विभागीय रैंकिंग, विकास कार्यों, जीरो पॉवर्टी सूची, तथा 50 लाख से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डीएम ने विकसित उत्तर प्रदेश 2047 - समृद्धि का शताब्दी पर्व महाअभियान में अधिकतम जनसहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी ग्राम पंचायतों, नगर पंचायतों और पालिकाओं में आमजन को सुझाव देने के लिए प्रेरित करें ताकि प्रत्येक नागरिक की भागीदारी से ÷विजन डाक्यूमेंट÷ तैयार हो सके। यह मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाला साझा लक्ष्य है जो जनता के विश्वास और सहयोग से साकार होगा।जिलाधिकारी ने कहा कि जीरो पावर्टी सूची में चयनित लाभार्थियों का सत्यापन कर उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं में वरीयता दी जाए। उन्होंने पीएम सूर्य घर योजना में सभी विभागों से अद्यतन पंजीकरण विवरण उपलब्ध कराने को कहा। बैठक से अनुपस्थित अधिकारियों पर नाराजगी जताते हुए जिला पूर्ति अधिकारी और अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण का स्पष्टीकरण मांगा गया। डीएम ने निर्देश दिए कि जनपद में किसी भी दशा में पराली जलाने की घटना न हो। इसके लिए ग्राम प्रधानों सहित स्थानीय स्तर पर संवेदीकरण अभियान चलाने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि सभी कार्यदायी संस्थाएं विकास एवं निर्माण कार्यों को गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ पूर्ण करें। पूर्ण परियोजनाओं को सीएमआईएस पोर्टल पर अपलोड किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, जिला विकास अधिकारी सरिता द्विवेदी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. आभा दत्त, उप कृषि निदेशक डॉ. राम प्रवेश, अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी पुनीत कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी पारुल सिसौदिया सहित संबंधित अधिकारी व कार्यदायी संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

P-08:28 paga09_jhn.qxd 10/16/2025 7:39 PM Page 1



## विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज रामपुर में आज मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अतिथि डॉ वंदना शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर राजकीय रजा डिग्री कॉलेज रामपुर उपस्थिति रही इसके अलावा थानागंज से मिशन शक्ति प्रभारी श्रीमती रीना शर्मा और विनीता भी उपस्थित रही कार्यक्रम का संचालन मिशन शक्ति की नोडल कु रेणु देवी ने किया रेणु देवी ने छात्राओ को सभी महत्वपूर्ण नंबर के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी ।

## पोस्टर प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, रामपुर में शासन के निर्देशानुसार सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पोस्टर प्रतियोगिता में महाविद्यालय के छात्राओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। इसमें छात्राओं को सड़क सुरक्षा और नियम व संकेतों को सुंदर तरीके प्रस्तुत किया,जिसमें हिफ़्ज़ा ने प्रथम, विशाखा ने द्वितीय, पूजा बिष्ट ने तृतीय तथा आंशिक सक्सेना ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। डॉ मनोरमा चौहान और डॉ प्रतिभा यादव ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सुनीता ने सभी छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में पोस्टर एक प्रभावी और प्रेरक माध्यम है जो न केवल प्रतिभागियों बल्कि आम जन को भी सुरक्षित यातायात की दिशा में सोचने और कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।

## मरम्मत का कार्य प्रारम्भ हुआ

**उत्तम भारत संवाददाता**

**रामपुर।** कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मुरादाबाद मण्डल, मुरादाबाद पूर्व में कोषागार मुरादाबाद के भवन में संचालित था। कोषागार मुरादाबाद के भवन के जर्जर होने के कारण उसके निर्माण/मरम्मत का कार्य प्रारम्भ हो चुका है।वरिष्ठ कोषाधिकारी श्री रणजीत सिंह ने बताया कि निर्माण कार्य के दौरान कार्यालय संचालन में किसी प्रकार की बाधा न हो, इस हेतु कार्यालय अपर निदेशक, कोषागार एवं पेंशन, मुरादाबाद मण्डल को अस्थायी रूप से कार्यालय खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, मुरादाबाद विभाग के नवनिर्मित भवन के तृतीय तल (कटघर रेलवे स्टेशन के निकट, रामगंगा नदी के तट पर) स्थानान्तरित किया गया है। कार्यालय से समस्त शासकीय कार्य अगले आदेश तक वहीं से संचालित किए जाएंगे।

## प्रमुख सचिव कृषि का बिलासपुर दौरा

**उत्तम भारत संवाददाता**



* **बिलासपुर।**सरकार के प्रमुख सचिव कृषि रवींद्र कुमार नगर पहुंचें इस दौरान उन्होंने बीज उत्पादको से मुलाकात कर दो गांवों का भ्रमण भी किया और ड्रेगनफ्रूट और पराली प्रबंधन का जायजा लिया।प्रमुख सचिव बृहस्पतिवार की सुबह सबसे पहले कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख के कैम्प कार्यालय पहुंचें थें जहां तराई उत्पादक संघ के अध्यक्ष अमृतपाल सिंह गिल के नेतृत्व में सीड प्लांट स्वामियों का प्रतिनिधि मंडल मिला और स्वागत करने के बाद अपनी समस्याओं से उन्हें अवगत कराया।स्वामियों की उत्पादन बढ़ाने के लिए तहसील को बीज पट्टी घोषित किए जाने और क्षेत्र में लैब स्थापित आदि की मांग प्रमुख थी।

## धान क्रय केन्द्रों का डीएम ने किया औचक निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता**



**बिलासपुर।**जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने पुलिस अधीक्षक विद्या सागर मिश्र एवं अपर जिलाधिकारी (प्रशासन)/प्रभारी अधिकारी धान खरीद डा.नितिन मदान के साथ बृहस्पतिवार की दोपहर हाईवे स्थित नवीन मंडी परिसर में स्थापित धान क्रय केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सभी केन्द्रों पर धान क्रय कार्य सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी रूप से संचालित पाया गया।किसानों से क्रय किए जा रहे धान की गुणवत्ता,तौल प्रक्रिया तथा भुगतान व्यवस्था निर्धारित मानकों के अनुरूप पाई गई।जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान संबंधित केंद्र प्रभारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो,इसके लिए सभी क्रय केंद्रों पर पेयजल,विश्राम स्थल एवं छाया की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

## स्काउट गाइड शिविर का हुआ शुभारम्भ

**उत्तम भारत संवाददाता**



**मिलक / रामपुर।** भारत स्काउट एवं गाइड, उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित तीन दिवसीय स्काउट एवं गाइड शिविर गुरुवार को दर्शन अकादमी, राठौड़ा में प्रधानाचार्य डॉक्टर अरिंदम मोहनता की अध्यक्षता में शुरू हुआ। तीन दिवस तक चलने वाले इस कार्यक्रम में पूरे क्षेत्र के स्काउट, गाइड, शावक और बुलबुल एक साथ आए हैं, जिनका उद्देश्य युवा प्रतिभागियों में आवश्यक जीवन कौशल विकसित करना और उनमें मूल्यों को स्थापित करना है। भारत स्काउट एवं गाइड, रामपुर के जिला प्रशिक्षण आयुक्त प्रेमपाल सिंह ने शिविर का ध्वजारोहण कर उद्घाटन किया और स्काउट एवं गाइड आंदोलन में चरित्र विकास, नेतृत्व और सामुदायिक सहभागिता के महत्व पर भाषण के साथ उपस्थित लोगों को संबोधित किया।

## दौड़ का आयोजन कराया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** प्रदेश में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन हेतु मिशन शक्ति चरण 5.0 की थीम पार्टनर्स फार इम्पावरमैण्ट ऑफ वूमेन एण्ड चिल्ड्रेन योजना के अर्न्तगत महिलाओं की जनपद स्तर पर एक दौड रन फार इम्पावरमेण्ट के अन्तर्गत जिला खेल कार्यालय एवं महिला कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं की ओपन वर्ग मे एक दौड़ का आयोजन बरेली गेट से शहीद-ए-आजम स्पोर्ट्स स्टेडियम बमनपुरी तक कराया गया। महिलाओं की दौड़ का शुभारम्भ पुलिस अधीक्षक श्री विद्या सागर मिश्र द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया।

## थाना केमरी क्षेत्र का किया औचक निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** जिलाधिकारी श्री जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री विद्या सागर मिश्र ने थाना केमरी क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर की व्यवस्थाओं, अभिलेखों के संधारण, साफ-सफाई की स्थिति तथा पुलिस कर्मियों की उपस्थिति का जायजा लिया गया। तत्पश्चात क्षेत्र में पैदल मार्च कर आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं जनसुरक्षा से संबंधित तैयारियों का अवलोकन किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि त्यौहारों के दौरान कानून-व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु विशेष सतर्कता बरती जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रों में सुगम एवं सुरक्षित आवागमन सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी दशा में अवैध अतिक्रमण न होने दिया जाए।

## फीडर ऊर्जीकृत किया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**

**स्वार।** घड़ियाल विद्युत 33/11 ग्र1 उपकेंद्र से नवनिर्मित 11kv औद्योगिक फीडर का निर्माण कर पूर्ण करने के उपरांत फीडर ऊर्जीकृत कर दिया गया है नये फीडर का निर्माण बिजनेस प्लान के अंतर्गत विभाग द्वारा किया गया है 11 केवी फीडर के निर्माण से क्षेत्र के औद्योगिक बड़े संयोजनों को सुचारू रूप से बिना ट्रिपिंग के विद्युत आपूर्ति प्राप्त होगी। विद्युत विभाग सदैव आपकी सेवा के लिए तत्पर है।

## अहमद अंसारी के प्रयासों से मिली स्वीकृति

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** माननीय विधायक विधानसभा 34 स्वार टाण्डा, शफीक अहमद अंसारी जी ने लोक निर्माण विभाग को विधानसभा क्षेत्र की टूटी सड़कों से अवगत कराते हुए बिभिन्न मार्गो के सम्बंध में अवगत कराया। माननीय विधायक जी के पत्र पर कार्यवाही करते हुए लोक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न मार्गो की विशेष मरम्मत हेतु संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया है। उपरोक्त मार्गो में , मुरादाबाद टाण्डा दढ़ियाल मार्ग से फत्ता वाला की मिलक से सितला मार्ग, चूंडामणि मबाना लाम्बा खेड़ा मार्ग, शहपुरा से तोढ़ीपुरा मार्ग, रामनगर लतीफपुर से सीकम पुर मार्ग, नरपत नगर नानकार रानी मार्ग से छिद्दावाला हुसैन गंज मार्ग, मुरादाबाद टाण्डा दढ़ीयाल मार्ग से चूंडामढी मवाना मार्ग नारायण पुर से पीपली नायक मार्ग, छप्परां से शिवपुरी से इमरतपुर भोट बक्काल मार्ग आदि मार्गो पर जल्द ही लोक निर्माण विभाग द्वारा विशेष मरम्मत का कार्य कराया जायेगा।

## पैदल गश्त की गयी

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थाना केमरी का आकस्मिक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान कार्यालय, मालखाना, भोजनालय, हवालात, थाना परिसर में आवासों की स्थिति, साफ-सफाई, रख-रखाव व थाना कार्यालय पर बने अपराध रजिस्टर, त्यौहार रजिस्टर, मालखाना रजिस्टर, विवेचना रजिस्टर, फ्लाई शीट आदि एवं उनके रख रखाव, साफ-सफाई, उनमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टियों को चैक किया गया, साथ ही थाना परिसर में बने मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । तदोपरान्त आगामी पवित्र त्योहार दीपोत्सव(दीपावली), अपराध नियन्त्रण, कानून/शान्ति व्यवस्था, मिशन शक्ति अभियान-5(सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु) तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना केमरी क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण/भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर मय पुलिस बल पैदल गश्त कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये । इस दौरान क्षेत्राधिकारी, शाहबाद मौजूद रहे ।

## रुहेला तटबंध को प्राणपुर पुल तक पूर्ण कराए

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** लालपुर रुहेला तटबंध को पूर्ण करवाने को लेकर रामपुर जिला योजना समिति के सदस्य एवं जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने सिंचाई विभाग पर मनमानी का आरोप लगाया है और किसानों से वार्ता कर रवन्ना से प्राणपुर पुल तक बांध बनवाने का अनुरोध किया है। उन्होंने ट्वीट करके अधिकारियों से प्रकरण से अवगत कराया है। रामपुर जिला पंचायत के सदस्य मुस्तफा हुसैन ने मजरा अटरिया में कोसी नदी किनारे कई वर्ष से अधूरे पड़े तटबंध के निर्माण के लिए स्थलीय निरीक्षण किया और ग्राम वासियों से वार्ता की। ग्राम वासियों ने बताया कि सिंचाई विभाग के अधिकारी पुरानी डिजाइन के स्थान पर नई डिजाइन तैयार कर स्थानीय किसानों को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

## सभासदों के साथ कियास्ट्रीट लाइटों का शुभारंभ

**उत्तम भारत संवाददाता**



**बिलासपुर।**पालिका के प्रत्येक वार्डो के नागरिकों को अंधेरे से निजात दिलाने के लिए पालिकाध्यक्ष ने कवायद शुरू कर रखी है।इसी क्रम में बुधवार की रात पालिकाध्यक्ष चित्रक मित्तल ने सभासदों के साथ वार्ड नं पांच और एक के अंतर्गत आने वाले एमआरएफ सेंटर के पास नगरपालिका द्वारा लगाई गई नवनिर्मित करीब तीन स्ट्रीट लाइटों का शुभारंभ किया।इस पर नागरिकों ने पालिकाध्यक्ष के कार्यो की प्रशंसा करते हुए आभार जताया। नागरिकों का कहना था कि आवाजाही वाले इस मार्ग पर अंधेरे की वजह से उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था जबकि यह समस्या लंबे समय से बनी हुई थी।

## नुक्कड नाटक के माध्यम से जागरुक किया

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत आज दिनांक 15.10. 2025 को महिला सुरक्षा दल थाना गंज द्वारा राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में छात्राओं को पम्पलेट वितरित कर/नुक्कड नाटक के माध्यम से जागरुक किया गया । महिला सुरक्षा दल थाना गंज द्वारा राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में मिशन शक्ति फेस 5 के अंतर्गत छात्राओं/शिक्षकों को सुरक्षा, आत्मरक्षा और साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया । इस दौरान छात्राओं ने रंगोली बनाकर एवं नुक्कड नाटक के माध्यम से मिशन शक्ति कार्यक्रम में बढ चढकर प्रतिभाग किया गया ।

## 06 वाहन किए गये नीलाम

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपर द्वारा जनपद के थानो के निरीक्षण के दौरान पाया गया कि जनपद के थानो मे लावारिस/माल मुकदमाती वाहनो का अम्बार लगा हुआ है, जिसके कारण थाना परिसर का आधा हिस्सा माल मुकदमाती एवं लावारिस वाहनों से घिरा हुआ है, जिसके क्रम मे पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा थानों मे दाखिल लावारिस/माल मुकदमाती वाहनों के निस्तारण हेतु अभियान चलाया गया । उक्त अभियान को आपरेशन वाहन क्लीन का नाम दिया गया । वाहन/माल निस्तारण अभियान (ऑपरेशन क्लीन) के अनुपालन मे अपर पुलिस महानिदेशक बरेली जोन बरेली एवं श्रीमान पुलिस उपमहानिरीक्षक मुरादाबाद परिक्षेत्र मुरादाबाद के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक, रामपुर व अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर के पर्यवेक्षण मे मा0 न्यायालय से आदेश प्राप्त कर नियमानुसार थाना अजीमनगर जनपद रामपुर द्वारा 06 वाहनों की नीलामी की प्रक्रिया की गयी ।

## विशेष अभियान चलाया गया

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** जिलाधिकारी के निर्देशन में आगामी दीपावली, गोवर्धन पूजा एवं भाईदूज पर्व के दृष्टिगत आम जन मानस को सुरक्षित खाद्य/पेय पदार्थ उपलब्ध कराए जाने हेतु खाद्य एवं पेय पदार्थों में मिलावट पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य)/अभिहित अधिकारी श्री सुनील कुमार शर्मा द्वारा विशेष अभियान चलाया गया। विशेष छापामार अभियान में बाजार अब्दुल्ला गंज स्थित मुमताज स्वीटस के मुमताज अहमद पुत्र श्री अब्दुल तमीज से छेना मिठाई, दूध, मावा का 01-01 नमूना, तहसील मिलक स्थित ग्राम परम स्थित दूधिया उरमान अली पुत्र श्री अकबर अली से दूध का 01 नमूना लिया गया। बजोडी टोला स्थित अहमद हसन मिल्क डेयरी के समी उल हसन से मावा और दूध का 01-01 नमूना, ग्राम इमरता स्थित संजय पुत्र टीका राम की नमकीन निर्माण इकाई से नमकीन और रिफाइण्ड का 01-01 नमूना लिया गया।

## हाईटेक नर्सरी का किया निरीक्षण

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** प्रमुख सचिव कृषि, उत्तर प्रदेश शासन श्री रविन्द्र कुमार के साथ जिलाधिकारी श्री जोगिन्दर सिंह एवं पुलिस अधीक्षक श्री विद्या सागर मिश्र द्वारा धमोरा स्थित कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र परिसर में विभिन्न प्रजातियों के उत्पादित बीजों एवं पौधों का अवलोकन किया तथा केंद्र में संचालित गतिविधियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को कृषि क्षेत्र में नवाचार, अनुसंधान एवं गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन को बढ़ावा देने के निर्देश किए।

## सैफनी नगर में भव्य शोभायात्रा और राम-रावण युद्ध

**उत्तम भारत संवाददाता**



**सैफनी।** नगर के जनता इंटर कॉलेज के समीप गुरुवार को आयोजित रामलीला मंचन की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा से पूर्व कमेटी अध्यक्ष सुशील फौजी, जितेंद्र गुप्ता, रंजीत जोशी और सुन्दर पाण्डेय ने विधि-विधान से भगवान राम की आरती उतारी। इसके उपरांत, नगर अध्यक्ष फैजान खां ने फीता काटकर शोभायात्रा का विधिवत शुभारंभ किया। शोभायात्रा में भगवान श्रीराम, माता सीता, भगवान हनुमान, जटायु और रावण सहित कई मनमोहक सुंदर झांकियां बैंड-बाजों के साथ नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरीं। शोभायात्रा का समापन रामलीला मैदान में हुआ। समापन के पश्चात रामलीला मंच पर भगवान राम और लंकापति रावण के बीच घमासान युद्ध का रोमांचक दृश्य प्रस्तुत किया गया। दोनों के बीच तीव्र युद्ध हुआ, जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। अंत में, भगवान राम ने अपने दिव्य बाण से अहंकार के प्रतीक रावण को मार गिराया। इस दृश्य से दर्शकों में उत्साह और आनंद की लहर दौड़ गई, और उन्होंने भगवान राम के जयकारों का उदघोष किया। इसके बाद, भगवान राम ने रावण के पुतले का दहन किया। रामलीला मैदान में इस दौरान भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। मैदान में लगे मेले में चाट-पकौड़ी, बच्चों के खेल-खिलौने सहित अन्य दुकानों पर खरीददारों की खासी भीड़भाड़ देखने को मिली। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए शोभायात्रा और रामलीला मैदान में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात रहा। इस अवसर पर कमेटी अध्यक्ष सुशील फौजी, जितेंद्र गुप्ता, विमल जोशी, सुन्दर पाण्डेय, रंजीत जोशी, शिशुपाल कश्यप, मनोज जोशी, रजत जोशी सहित समस्त कार्यकर्ता शामिल रहे।

## 250 मीटर लंबी रोड का कार्य शुरू

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** रामपुर की नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला में ट्रांसफार्मर से बेसिक स्कूल तक 250 मीटर रोड कार्य शुरू कराया ।
यह नगर का मेन रास्ता था इस रास्ते की वजह से नगरवासियो को काफ़ी परेशानी हो रही थी अब रास्ते का काम शुरू होगया है पहले पानी की पाइप लाइन लगेगी उसके ऊपर से रोड पड़ेगा ।इस मौके पर चेयरमैन खालिद अली के साथ मसरूर अहमद ,सभासद जिलानी ,आमिर ,सादिक ठेकेदार ,एडवोकेट मोहम्मद आसिफ ,कैसर अली मुल्लाजी,हाफिज इश्तियाक,रहमत अली ,फ़ज़ले अहमद,जाकिर हुसैन आदि लोग मौजूद रहे ।

## अत्याचार को लेकर जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन


**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** भारत में दलित समाज बहुजन समाज के लोगो पर हो रहे अत्याचारो हिंसा,हत्या,आत्म हत्या एंव प्रताड़ित किए जाने के वाली जघन्य घटनाओ को अपने स्तर से रोकने हेतु भारत सरकार एंव राज्य सरकारो को कडे निर्देश प्रदान करने एंव दोषियो अपराधियो के विरुद्ध कठोर कार्रवाई किए जाने जाना जरूरी है भारत वर्ष में दलितो के साथ अत्याचार बढते ही जा रहे हैं विगत दिनो चंडीगढ में दलित समाज के आई पी एस अधिकारी पूरन कुमार को प्रताड़ित किया गया जिससे उनको आत्महत्या करने के लिए विवश होना पडा।

## हर पॉइंट पर तैनात रहे पुलिसकर्मी

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** रेलवे पुल की मरम्मत को लेकर रूट को डायवर्जन किया गया है कई प्वाइंटों पर यातायात पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है जिससे कि बाहर से आने वाले वाहन और भारी वाहनों को शहर की तरफ ना आने दिया जाए वहीं अजीतपुर बाईपास पुल के नीचे यातायात पुलिसकर्मी और होमगार्ड रूट डायवर्जन के नियम को तोड़ते दिखाई दिए शाहबाद की तरफ से आ रही लकड़ी की ट्रैक्टर ट्रॉली को शहर की तरफ पास कर दिया गया जबकि नियमानुसार कोई भी भारी वाहन शहर की तरफ ना आने दिया जाएगा लेकिन पॉइंट पर तैनात यातयात पुलिस कर्मी और होमगार्ड भारी वाहनों को शहर की तरफ छोड़ते हुए नजर आए इसकी वीडियो कैमरे में कैद हो गई

## ऑटो रिक्शा पलटने से मां पुत्र चोटिल

**उत्तम भारत संवाददाता**



**शाहबाद।** गुरुवार को ऑटो रिक्शा पलटने से रिश्तेदारी में घूमने जा रहे हैं मां और बेटा गंभीर रूप से घायल। मिलक थाना क्षेत्र के ग्राम पुरेनीया निवासी सुनीता देवी अपने 7 वर्षीय पुत्र लखन के साथ ऑटो रिक्शा से चंदौसी रिश्तेदारी में जा रही थी। रेवड़ी चौराहे पर सामने आ रहे ऑटो से बचाने के चक्कर में ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। ऑटो रिक्शा में सवार मां बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुंचाया डॉक्टर ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर घर वापस भेज दिया।

## पुलिस पैंसनर्स संग आयोजित हुई बैठक

**उत्तम भारत संवाददाता**



**शाहबाद।** थाना शाहबाद में गुरुवार को क्षेत्र में निवासित पुलिस पैंसनर्स की आगामी त्यौहार दीपावली के संबंध में मीटिंग ली गयी । इस दौरान कोतवाल संजय कुमार द्वारा सभी पैंसनर्स को दीपावली की शुभकामनायें देते हुये मिष्ठान और फूल बुके वितरण किया गया ।

## व्यापारियों के साथ की गयी गोष्ठी

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** अपर पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा पुलिस लाइन, रामपुर में व्यापारियों के साथ गोष्ठी आयोजित की गयी । इस दौरान उनकी समस्याओं/सुझाव को सुना गया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देशि दिये गये । गोष्ठी के दौरान व्यापारियों को मिशन शक्ति अभियान 5.0 एवं साइबर फ्रॉड से बचाव के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा जागरूक रहने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

## आमजन को किया गया जागरूक

**उत्तम भारत संवाददाता**



**रामपुर।** साइबर जागरूकता अभियान के अन्तर्गत थाना साइबर क्राइम व थाना अजीमनगर पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से थाना अजीमनगर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम रतनपुरा शुमाली में साइबर जागरूकता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

# संक्षिप्त समाचार

## 02 अभियुक्त गिरफ्तार



**भोट।** अज्ञात अभियुक्तगण द्वारा वादी की नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर ले जाने के सम्बन्ध में वादी द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर दिनांक दिनांक 07.04.2025 को थाना भोट पर मु0अ0सं0 35/25 धारा 137(2) बीएनएस पंजीकृत किया गया ।

## शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**खजुरिया ।** थाना खजुरिया, रामपुर पुलिस द्वारा चैकिंग व गस्त के दौरान दलकी धावनी मार्ग पर सराय कदीम को जाने वाले खडन्जे से धर्मेन्द्र पुत्र रामचरन निवासी ग्राम दलकी थाना खजुरिया जिला रामपुर को एक प्लास्टिक जरीकैन मे 10 लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया । बरामदगी के आधार पर थाना खजुरिया पर मु0अ0स0 143/25 धारा 36(1) आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार



**सिविल लाइन।** थाना सिविल लाईन, रामपुर पुलिस द्वारा गश्त/चैकिंग के दौरान बकार पुत्र आसिफ खांन निवासी पक्का बाग घेर आलफ थाना गंज जिला रामपुर को वाकर इण्टर कॉलेज के पास से एक अदद नाजायज चाकू के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर अभियुक्त बकारउ परोक्त के विरूद्ध थाना सिविल लाइन पर मु0अ0सं0 412/25 धारा 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी ।

## 01 वारण्टी गिरफ्तार



**पटवाई।** थाना पटवाई, रामपुर पुलिस द्वारा 01 वारण्टी कुवंर सैन पुत्र चेतराम निवासी ग्राम खिरका थाना पटवाई जनपद रामपुर, सम्बन्धित वाद संख्या- 600/015, मु0अ0सं0 1234/2010 धारा 60 अबकारी अधि0 को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही की गयी ।

## अजय कुमार शर्मा को पीएच.डी. की उपाधि प्रदान



**रामपुर/बांदा।** बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, बांदा (उत्तर प्रदेश) में आयोजित 11वें दीक्षांत समारोह में ग्राम अनवा, तहसील शाहाबाद, जनपद रामपुर निवासी अजय कुमार शर्मा, पुत्र श्री रविन्द्र कुमार शर्मा, को सब्जी विज्ञान में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पीएच.डी.) की प्रतिष्ठित उपाधि से सम्मानित किया गया। यह समारोह विश्वविद्यालय के लिए एक गौरवपूर्ण अवसर रहा, जिसमें शैक्षणिक उत्कृष्टता और अनुसंधान के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

## पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया




**स्वार।** मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अंतर्गत आज दिनांक 16.10.2025 को क्षेत्राधिकारी, स्वार द्वारा महिला सुरक्षा दल थाना स्वार के साथ जूनियर हाई स्कूल, थाना स्वार क्षेत्रान्तर्गत, स्वार में छात्राओं को पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया । जागरुकता के क्रम में महिला सम्बन्धी अपराध, विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों (1930- साइबर क्राइम, 1090-वूमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108-एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा) एवं साइबर क्राइम से बचने के उपाय की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया तथा मिशन शक्ति से संबंधित पंपलेट वितरित किया गया ।

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बढ़ा आकर्षण



**रामपुर।** मुख्यमंत्री जी के निर्देशन में प्रदेश के सभी 75 जनपदों में स्थानीय उत्पादों के प्रोत्साहन हेतु स्वदेशी मेलों का आयोजन किया जा रहा है। जनपद रामपुर में यू0पी0 ट्रेड शो ÷स्वदेशी मेला÷ का आयोजन रोशन बाग पार्क में किया गया है। मेले में जनपद के विद्यालयों के छात्र-छात्राओं सहित बड़ी संख्या में आमजन द्वारा उत्साहपूर्वक भ्रमण जा रहा है और लोगों द्वारा स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी में विशेष रुचि दिखा रहे हैं। स्थानीय लोगों में स्वदेशी उत्पादों के प्रति उत्साह एवं आत्मनिर्भरता की भावना स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है। स्वदेशी मेले में प्रतिदिन स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मेले के आठवें दिन रोजाना की भांति आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों में रेडियंस स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति की गयी ।
इसके अतिरिक्त कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय नगर द्वारा ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित इतनी बेहतरीन प्रस्तुति दी गयी कि दर्शकों ने खड़े होकर तालियां बजाई और उनका उत्साहवर्धन किया। अक्की डांस ग्रुप के छोटे-छोटे बच्चों ने भी मंच पर खूब धूम मचाई और साथ ही रामपुर के मशहूर राय म्यूजिक ग्रुप द्वारा संगीत संध्या का आयोजन भी किया गया।
जिलाधिकारी श्री जोगिंदर सिंह ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में मेले में पहुँचकर स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा दें और ÷वोकल फॉर लोकल÷ अभियान को सफल बनाएं।
यह स्वदेशी मेला 18 अक्टूबर, 2025 तक प्रतिदिन रोशन बाग पार्क में जारी रहेगा।

## सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत की गयी पैदल गश्त



**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा आगामी आगामी त्यौहार, अपराध नियन्त्रण, कानून/शान्ति व्यवस्था , मिशन शक्ति अभियान-5 ( सुरक्षा, सम्मान एवं स्वाबलम्बन हेतु) तथा जनमानस में सुरक्षा की भावना जागृत करने के दृष्टिगत थाना सिविल लाइन क्षेत्रान्तर्गत महत्वपूर्ण/भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर मय पुलिस बल पैदल गश्त की गयी।

## प्राकृतिक आपदाओं को रोकने के लिए पर्वतीय क्षेत्रों की तलहटी में 'मैंग्रोव' लगाए जाएं : ममता का सुझाव


**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक अनोखा सुझाव देते हुए उत्तर बंगाल के पर्वतीय इलाकों की तलहटी में 'मैंग्रोव' और खसखस के पौधे लगाने को कहा है ताकि नदियों के किनारों पर प्राकृतिक अवरोधक बनाए जा सके और भारी बारिश के दौरान होने वाली तबाही को रोका जा सके। बनर्जी ने सुंदरबन में गंगासागर का उदाहरण दिया जहां 'मैंग्रोव' (नदी मुहानों और समुद्र के किनारों पर पनपने वाली वनस्पति) चक्रवातों और बारिश के खिलाफ दीवार की तरह खड़े रहते हैं। उन्होंने कहा कि तटीय क्षेत्र में पांच करोड़ मैंग्रोव पौधे लगाए गए और इस कदम के अच्छे परिणाम मिले। उन्होंने बुधवार को एक प्रशासनिक बैठक में कहा, ''हमें प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए सुंदरबन की तरह पर्वतीय क्षेत्रों और तलहटी में प्राकृतिक अवरोधक बनाने की जरूरत है।

P-09:28 paga09_jhn.qxd 10/16/2025 7:09 PM Page 1



## गुरुग्राम-एनसीआर में 18 से 20 अक्टूबर तक दी गई ग्रीन पटाखों की अनुमति

- सुप्रीम कोर्ट के निर्देश एनसीआर में एनईईआरआई से प्रमाणित हरित पटाखों की ही तय समय में हो सकेगी बिक्री
- दिवाली से एक दिन पहले और दिवाली के दिन सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात 8 बजे से रात 10 बजे तक ही उपयोग कर सकेंगे हरित पटाखे



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम, प्रवेश शर्मा।** सुप्रीम कोर्ट के सख्त दिशा-निर्देशों के साथ गुरुग्राम-एनसीआर में दिवाली पर्व पर केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री और चलाने की अनुमति प्रदान की है। डीसी अजय कुमार ने गुरुवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट की ओर से जारी निदेर्शों के अनुसार नीरी (एनईईआरआई) की वेबसाइट से प्रमाणित हरित पटाखों की बिक्री 18 अक्टूबर 2025 से 20 अक्टूबर 2025 तक ही जारी रहेगी। इसकी निगरानी के लिए जिला और खण्ड स्तर पर टीम भी गठित की गई है। जिलाधीश अजय कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शों अनुसार इन उत्पादों की बिक्री पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में केवल निर्दिष्ट स्थानों से ही की जा सकेगी। जिन्हें जिला कलेक्टर/आयुक्त द्वारा पुलिस अधीक्षक के परामर्श से चिन्हित किया जाएगा और व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा। पुलिस अधिकारी, जिला प्रशासन के परामर्श से बिक्री के निर्दिष्ट स्थानों पर निगरानी रखने के लिए गश्ती दल गठित करेंगे, जिनमें राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्डों के क्षेत्रीय कार्यालयों से नामित अधिकारी भी शामिल होंगे। यह गठित दल नीरी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए हरित पटाखा उत्पादों और दिए गए पंजीकरणों के साथ व्यक्तिगत निमार्ताओं को जारी किए गए क्यूआर कोड की जांच करेगी। यह निर्धारित स्थानों पर नियमित रूप से जांच कर यह सुनिश्चित करेगी कि केवल अनुमति वाले स्थानों पर क्यूआर कोड के साथ उत्पाद ही बेचे जाएं। टीम द्वारा जांच के लिए इन पटाखा उत्पादों के नमूने भी लेंगे, जिन्हें पीईएसओ को भेजा जाएगा। उल्लंघन पाए जाने पर, प्रतिबंधित उत्पादों के निर्माण या बिक्री में शामिल लोगों की जिम्मेदारी होगी, जिन्हें न केवल दंडित किया जाएगा, बल्कि पीईएसओ या नीरी से उनका लाइसेंस/पंजीकरण भी रद्द कर दिया जाएगा।

डीसी ने बताया कि जिला प्रशासन और पुलिस यह सुनिश्चित करेंगे कि पटाखों का उपयोग दिवाली से एक दिन पहले और दिवाली के दिन सुबह 6 बजे से 7 बजे तक और रात 8 बजे से रात 10 बजे तक ही सीमित रहे। नीरी द्वारा प्रमाणित हरित पटाखों की बिक्री केवल पीईएसओ से लाइसेंस प्राप्त व्यापारियों के माध्यम से ही की जाएगी। ऐसे पटाखे जो पंजीकृत/लाइसेंस प्राप्त निमार्ताओं द्वारा निर्मित नहीं है, उन्हें तुरंत जब्त कर लिया जाएगा।

# ट्रिपल इंजन की सरकार का एक साल पूरा, गुडगांव के ना गड्ढे भरे ना गंदगी साफ हुई: पंकज डावर

- ट्रिपल इंजन सरकार बनाकर गुडगांव की कायापलट करने के सपने दिखाए, हकीकत पहले से बदतर
- भाजपा को अपनी राजनीति के अलावा जनता के हितों से नहीं है कोई सरकार



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** जिला कांग्रेस (शहरी) के अध्यक्ष पंकज डावर ने कहा कि हरियाणा में भाजपा की ट्रिपल इंजन की सरकार को एक साल पूरा हो गया है, मगर इस एक साल में सरकार ना तो गुडगांव के गड्ढे भर पाई और ना ही गंदगी से मुक्ति दिला पाई। अगर कुछ हुआ है तो वह भ्रष्टाचारियों का विकास हुआ है। कहीं सडकें बनाने में तो कहीं किसी अन्य कार्य में अधिकारी और ठेकेदार मालामाल हो रहे हैं। भ्रष्टाचार का ताजा उदाहरण तो निगम व जीएमडीए के अधिकार क्षेत्र की सडकें हैं, जहां एक दिन पहले बनाई गई सडक या तो उसी दिन या फिर अगले ही दिन उखड़ गई। हरियाणा में नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार का एक साल पूरा होने पर कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष पंकज डावर ने सरकार के कामकाज पर सवाल उठाए। प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल उठाए। विकास कार्यों के नाम पर किए जा रहे दावों पर सवाल उठाए और भ्रष्टाचार मुक्त शासन, प्रशासन देने पर सवाल उठाए। पंकज डावर ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2024 के दौरान भाजपा के गुडगांव विधानसभा से प्रत्याशी ने कहा था कि 100 दिन में वे शहर को गंदगी से मुक्त कर देंगें। अब 365 दिन हो चुके हैं, मगर गुडगांव गंदगी मुक्त होने की बजाय और ज्यादा गंदगी युक्त हो गया है। शहर में जगह-जगह सार्वजनिक स्थानों, सडकों, गलियों, मंदिर, गुरुद्वारों के आसपास गंदगी के ढेर लगे रहते हैं। उन्होंने कहा कि ना तो सरकार को चिंता, ना जनप्रतिनिधि को और ना ही अधिकारियों को कोई चिंता है। गंदगी के अलावा शहर में टूटी सडकें भी ट्रिपल इंजन की सरकार के एक साल के कार्यकाल को सिर्फ छलावा बता रही हैं। किसी भी सडक पर चले जाएं, वहीं पर गड्ढों से होकर गुजरना पड़ता है। पैचवर्क के नाम तो सिर्फ भ्रष्टाचार ही हो रहा है। गुडगांव में तीन स्तर का प्रशासन (जिला प्रशासन, नगर निगम, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण) है, मगर तीनों प्रशासन में या तो तालमेल की कमी है या फिर काम करने की इच्छाशक्ति कमी है। लाख दावे करके भी शहर का सुधार नहीं किया जा रहा।

### नगर निगम के शौचालयों की भी हालत खराब

कांग्रेस के शहरी जिला अध्यक्ष पंकज डावर ने कहा कि नगर निगम की ओर से जनसुविधाओं के लिए शौचालयों को संचालित किया जा रहा है। इन शौचालयों के हालात बहुत बुरे हैं। कमला नेहरू पार्क के बाहर बना शौचालय बदहाल है। लंबे समय से शौचालय के दरवाजे तक टूटे पड़े हैं, मगर उन्हें नया नहीं लगाया जा रहा। सफाई के नाम पर खानापूर्ति होती है। इसी तरह से नया रेलवे रोड पर गुडगांव गांव के पास का शौचालय, पुराना रेलवे रोड पर भीम नगर का शौचालय, शिवाजी नगर के कोने पर बना शौचालय, नेहरू स्टेडियम की मार्केट के पास बना शौचालय सहित अनेक जगहों पर नगर निगम के शौचालय बदहाल हैं।

## कार पर बजरी से भरा ट्राला पलटने से एक की मौत व दो घायल



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** सेक्टर-49/50 स्थित गोल्फ कोर्स रोड एक्सटेंशन के ट्रैफिक सिग्नल के पास गुरुवार की सुबह साढ़े छह रोड़ियों से भरा ट्राला विप्रो कंपनी की गाड़ी पर पलट गया। इस हादसे में कार में सवार कंपनी की एक महिला कर्मचारी व गार्ड बैठे थे। ड्राइवर के साथ वाली सीट पर बैठे गार्ड की इस दुर्घटना में मौत हो गई। ड्राइवर व महिला कर्मचारी घायल हुए हैं। कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। क्रेन की मदद से लोगों को कार से निकाला गया। हादसे के बाद ट्राला चालक मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार गुरुवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे सेक्टर-49/50 के ट्रैफिक सिग्नल के पास से ट्राला गुजर रहा था। एक टैक्सी कार सेक्टर-65 की तरफ से आ रही थी। ट्राला वाटिका चौक की तरफ से आया था। कुशल साध चौक पर आगे से गाड़ी आई तो ट्राला चालक ने ब्रेक लगा दिए। इस दौरान ट्राले का टायर फट गया और वह अनियंत्रित होकर कार पर पलट गया। रोड़ियां कार पर आ गिरीं और कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसा देखते ही लोग बचाव के लिए दौड़े, लेकिन रोड़ियों के नीचे कार में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालना आसान नहीं था। घटना की सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। कार को निकालने के लिए क्रेन बुलाई गई। कड़ी मशक्कत के बाद कार में फंसे लोगों को निकाला गया। हादसे में कार में चालक, कंपनी की महिला कर्मचारी घायल हो गए। इस हादसे में कार सवार गार्ड की मौत हो गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद ट्राला चालक मौके से फरार हो गया। सेक्टर 50 थाना में ट्राला चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि ट्राला के मालिक का पता लगाया जा रहा है। मालिक से बात करने के बाद ही पता चल सकेगा कि ट्राला को कौन चला रहा था।

## गुरुग्राम के दो सबसे व्यस्त चौराहों पर यातायात प्रबंधन का काम शुरू

- गुरुग्राम यातायात पुलिस व आईआरटीई संबंधित नागरिक एजेंसियां मिलकर कर रहीं काम




**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** गुरुग्राम यातायात पुलिस और इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रैफिक एजुकेशन (आईआरटीई) के साथ मिलकर मिलेनियम शहर के 22 प्रमुख चौराहों पर यातायात प्रबंधन प्रणालियों में क्रांति लाने का काम करेंगीं। दो सबसे व्यस्त चौराहों पर काम शुरू हो चुका है। ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों को अनुशासित करने के लिए गुरुग्राम यातायात पुलिस आने वाले दिनों में नियमों को और सख्त करेगी। कार्यक्रम में हरियाणा सरकार के शहरी विकास सलाहकार दीपेंद्र सिंह देसी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। गुरुग्राम पुलिस के आयुक्त विकास अरोड़ा, गुरुग्राम मेट्रो विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के सीईओ श्यामल मिश्रा, गुरुग्राम के पुलिस उपायुक्त डॉ. राजेश मोहन की भी मौजूदगी रही।

गुरुग्राम यातायात पुलिस के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ रोड ट्रैफिक एजुकेशन (आईआरटीई) द्वारा शुरू की गई और हुंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन (एचएमआईएफ) द्वारा एक अनूठी यातायात प्रबंधन पहल का उद्देश्य गुरुग्राम में यातायात प्रबंधन प्रणालियों में क्रांति लाना और 22 प्रमुख चौराहों पर सडक सुरक्षा प्रवर्तन को मजबूत करना है। राजीव चौक और शंकर चौक सहित दो चौराहों पर यातायात प्रबंधन में सुधार का काम शुरू हो चुका है। ट्रैफिक इंजीनियरिंग सेंटर (टीईसी) को गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस के तत्वावधान में गुरुग्राम के लिए टिकाऊ ट्रैफिक प्रबंधन प्रणाली विकसित करने के लिए वैज्ञानिक रूप से ऑडिट करने के लिए डिजाइन किया गया है, जहां आईआरटीई के सडक सुरक्षा इंजीनियर भीड़भाड़ से संबंधित कारणों का अध्ययन करने के साथ-साथ कमजोर सडक उपयोगकताओं के ट्रैफिक आंदोलन, उल्लंघन और व्यवहार संबंधी मुद्दों का निरीक्षण करते हैं। आईसीसीसी गुरुग्राम के बहुमूल्य समर्थन से 218 जंक्शनों के कैमरा इनपुट के माध्यम से इनकी निगरानी और विश्लेषण किया जाएगा।

आईआरटीई के अध्यक्ष डॉ. रोहित बलूजा ने फोरेंसिक रोड सेफ्टी और ट्रैफिक इंजीनियरिंग ऑडिट की प्रगति और परिणामों को प्रस्तुत करते हुए कहा कि जो शहर में वैज्ञानिक सडक सुरक्षा प्रबंधन को बढ़ावा देने के लिए आईआरटीई इंजीनियरों के नेतृत्व में एक अग्रणी पहल है। ईजी रोड्स परियोजना के अनुसार आईआरटीई इंजीनियरिंग टीम ने 22 प्रमुख जंक्शनों और चौराहों पर फोरेंसिक सुरक्षा और ट्रैफिक इंजीनियरिंग ऑडिट करने में गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस को विशेषज्ञ सहायता प्रदान की थी। बच्चों के लिए सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करने के लिए स्कूल क्षेत्रों के लिए सुरक्षा और यातायात प्रबंधन उपायों का विकास करना।

## डीएलएसए गुरुग्राम और गुरुग्राम विश्वविद्यालय के नेतृत्व में हार्वेस्टिंग हामोर्नी अभियान

- छात्रों ने पराली जलाने और प्लास्टिक उपयोग के दुष्प्रभावों पर लोगों को किया जागरूक



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला के मार्गदर्शन में, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) गुरुग्राम द्वारा हार्वेस्टिंग हामोर्नी: लीगल अवेयरनेस फॉर पॉल्यूशन-फ्री फील्ड्स अभियान के तहत जिले में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य किसानों और स्थानीय समुदाय को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और खेतों को प्रदूषण मुक्त बनाना है। इस अभियान के अंतर्गत गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कानून विभाग ने ह्यपॉल्यूशन फ्री फील्ड्स ड्राइवह्न का आयोजन किया। कार्यक्रम का फोकस दो प्रमुख मुद्दों—पराली जलाने की समस्या और प्लास्टिक के अत्यधिक उपयोग को रोकने—पर था। यह कार्यक्रम सेक्टर 90 मार्केट, हॉलिडे इन में आयोजित हुआ, जिसमें लगभग 40 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, लायंस क्लब और नगर निगम मानेसर ने सहयोग प्रदान किया ।छात्रों ने एंटी स्टबल बर्निंग प्लेज कैंपेन के माध्यम से किसानों को फसल अवशेष जलाने के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक किया। पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है, मिट्टी की गुणवत्ता प्रभावित होती है और श्वसन रोगों का खतरा बढ़ता है। प्रतिभागियों ने कंपोस्टिंग या मशीनों के उपयोग जैसे पर्यावरण-अनुकूल विकल्प अपनाने की शपथ ली। इसके साथ ही, कार्यक्रम में पर्यावरण कानूनों के तहत पराली जलाने की रोकथाम पर भी चर्चा की गई ।साथ ही, कार्यक्रम में प्लास्टिक प्रतिबंध प्रवर्तन अभियान भी शामिल था। इसके तहत एकल-उपयोग प्लास्टिक के दुष्प्रभावों पर प्रकाश डाला गया, जो खेतों, नालों और पारिस्थितिक तंत्र को प्रदूषित करता है। छात्रों ने प्लास्टिक थैलों के स्थान पर पर्यावरण-अनुकूल विकल्प वितरित किए और समुदाय को टिकाऊ आदतें अपनाने तथा प्लास्टिक प्रतिबंध कानूनों का पालन करने के लिए प्रोत्साहित किया ।डीएलएसए गुरुग्राम के सचिव राकेश कादियान ने किसनों से आग्रह किया कि कोई भी किसान पराली न जलाए और यदि किसी को पराली जलाने की जानकारी मिले, तो तुरंत नजदीकी पुलिस स्टेशन या डीएलएसए गुरुग्राम के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क करें।

## विद्यार्थियों व स्टाफ ने ली स्वच्छता की शपथ

- हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान 2025 के तहत हुआ कार्यक्रम



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** लायंस पब्लिक स्कूल में हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान 2025 के अंतर्गत एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना और स्वच्छ भारत मिशन को गति देना रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त डॉ. नरेश कुमार ने शिरकत की ।विद्यालय की प्रधानाचार्या दीपिंदर कौर ने शॉल व पौधा देकर मुख्य अतिथि नगर निगम गुरुग्राम के संयुक्त आयुक्त डॉ. नरेश कुमार का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के परिचय और अभियान की रूपरेखा से हुई। इसके पश्चात प्रियंका यादव ने स्वच्छता के महत्व पर एक प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। डॉ. नरेश कुमार ने नगर निगम की योजनाओं और नागरिक सहभागिता पर बल दिया। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे गीला व सूखा कूड़ा अलग अलग कूड़ेदान में डालें ताकि कचरे का प्रबंधन उचित तरीके से किया जा सके। उन्होंने कहा कि छात्र श्रमदान कर सार्वजनिक स्थानों की सफाई में भाग ले सकते हैं, जिससे उनमें सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। तत्पश्चात छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। अंत में प्रिंसिपल दीपिंदर कौर ने डॉ. नरेश कुमार को इस ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सत्र के लिए धन्यवाद दिया। यह आयोजन स्वच्छता के प्रति जनजागरुकता बढ़ाने की दिशा में एक सफल प्रयास सिद्ध हुआ।

## दीपावली की तैयारियों में जुटे हैं लोग

- बाजार में रंग-गिरंगी झालरों व सजावटी सामान की सज गई हैं दुकानें



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** दीपावली में कुछ दिन शेष हैं, लेकिन तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। रंग-बिरंगे दीये, झालरें और सजावटी सामान से दुकानें सज चुकी हैं। व्यापारियों में भी खासा उत्साह है। इस बार दीपावली कई मायनों में खास होगी। बाजार में चाइनीज की बजाय मेक इन इंडिया की धूम रहेगी। झालर से लेकर टीवी और खिलौनों से लेकर गिफ्ट आइटम तक सौ फीसद भारतीय होंगे। कई व्यापारियों ने चीनी सामान का पूर्ण रूप से बहिष्कार किया है। इसका असर बाजार पर दिखाई देगा। कई वर्षों से देश के बाजारों पर चीनी उत्पादों का कब्जा है। खासकर त्योहारों को ध्यान में रखकर चीन उत्पाद तैयार करता है। गुणवत्ता पर भले ही खरा न उतरे, लेकिन सस्ता होने की वजह से लोग पसंद करते थे। बीते कुछ महीनों से चाइनीज उत्पादों के बहिष्कार की मुहिम के चलते स्वदेशी उत्पादों की बाजार में मांग बढ़ी है। स्वदेशी झालर, लडियां, सजावटी मूर्तियां, रंग-बिरंगी लाइटें आदि तमाम उत्पादों से दुकानें भरी हुई हैं। ग्राहक पहले ही कह दे रहे हैं कि चाइनीज सामान नहीं चाहिए। घरों को सजाने और पूजा के लिए लोग चाइनीज सामान से परहेज कर रहे हैं। महंगा होने के बावजूद लोग बच्चों के लिए स्वदेशी खिलौनों को तव्वजो दे रहे हैं, जबकि पिछले साल दीपावली के पचास फीसद से ज्यादा बाजार पर चाइनीज उत्पादों का कब्जा था। कारोबारी विपिन कुमार ने बताया कि दो साल पहले तक भारत में लडियों-झालरों का निर्माण बहुत ज्यादा नहीं था। दुकानदारों की मजबूरी थी कि चाइनीज उत्पाद लाकर बेचें और लोगों के पास भी विकल्प कम ही थे। अब स्थिति ऐसी नहीं है। बाजार में अपने देश में निर्मित सजावटी उत्पादों की भरमार है। भले ही थोड़े दाम ज्यादा हों, लेकिन गुणवत्ता चाइनीज उत्पादों से काफी बेहतर है। दीपावली पर लक्ष्मी, गणेश, हनुमान, ब्रह्मा विष्णु महेश, दुर्गा और सरस्वती की मूर्तियों की मांग रहती है।

## हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष ललित बत्रा ने खुशबू वेलफेयर सोसाइटी का किया दौरा

- संस्था के बच्चों और शिक्षकों के प्रयासों को बताया सराहनीय



**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) ललित बत्रा ने गुरुवार को गुरुग्राम स्थित खुशबू वेलफेयर सोसाइटी का दौरा किया। यह संस्था बीते तीन दशकों से दिव्यांगजनों के पुनर्वास, प्रशिक्षण और आत्मनिर्भरता के लिए निरंतर कार्य कर रही है। अध्यक्ष ललित बत्रा संस्था के सेक्टर 10 स्थित केंद्र पहुंचे, जहाँ निदेशक और उनकी टीम ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने स्पेशल एजुकेशन रूम, फिजियोथेरेपी यूनिट, कम्युनिकेशन और असिस्टिव टेक्नोलॉजी लैब, स्पीच थैरेपी सेंटर तथा मल्टी-सेंसरी इंटीग्रेशन रूम सहित संस्था के विभिन्न विभागों का विस्तार से अवलोकन किया ।संस्था की ओर से बताया गया कि वर्तमान में 103 नियमित छात्र, 2 ओपीडी लाभार्थी और 5 दीर्घकालिक आवासीय देखभाल प्राप्त करने वाले विशेष बच्चे संस्था से जुड़े हुए हैं। इन सभी को शिक्षा, चिकित्सा, परामर्श, जीवन-कौशल विकास, संगीत, योग, नृत्य और खेलकूद जैसी विविध गतिविधियों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। संस्था को पहले ही महात्मा अवॉड्र्स फॉर सोशल गुड्स 2019 और गौरव सम्मान पुरस्कार 2020 जैसे सम्मान प्राप्त हो चुके हैं, जो इसके कार्यों की गुणवत्ता और समाज में योगदान को दशार्ते हैं। हरियाणा मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष ने बच्चों के साथ समय बिताया और शिक्षकों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि खुशबू वेलफेयर सोसाइटी जैसे संस्थान मानवता की सच्ची मिसाल हैं। यहां कार्यरत शिक्षक और चिकित्सक न केवल सेवा कर रहे हैं, बल्कि समाज के प्रति संवेदनशीलता और करुणा का संदेश भी दे रहे हैं। उन्होंने खुशबू वेलफेयर सोसाइटी की अत्यंत सराहना की और इसे बच्चों के लिए एक आदर्श संस्था बताया। इस दौरान जिला सामाजिक कल्याण अधिकारी सरफराज खान, खुशबू वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राकेश जांसी, उपाध्यक्ष रेनू महेश्वरी, कोषाध्यक्ष पंकज जैन, कार्यकारी समिति सदस्य उषा मलिक, डायरेक्टर विजयपाल सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## समाचार

### सैक्टर 7 एक्सटेशन में पेयजल की किल्लत से जूझ रहे हैं क्षेत्रवासी

**प्रशासन नहीं दे रहा कोई ध्यान**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** शहर के विभिन्न आवासीय क्षेत्रों में पेयजल की किल्लत दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। अन्य मूलभूत सुविधाएं भी क्षेत्रवासियों को नहीं मिल पा रही हैं। उच्चाधिकारियों से शिकायत करने के बावजूद समस्याओं का समाधान होता दिखाई नहीं दे रहा है। सैक्टर 7 एक्सटेशन के निवासी व हरियाणा कला परिषद के पूर्व निदेशक प्रो. संजय भसीन का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से पेयजल की किल्लत का सामना क्षेत्रवासियों को करना पड़ रहा है। पिछले एक सप्ताह से क्षेत्र में पेयजल की किल्लत बनी हुई है। क्षेत्रवासियों को पानी के टैंकर खरीदने पड़ रहे हैं। उच्चाधिकारियों व क्षेत्र के निगम पार्षद से भी कालोनीवासियों ने शिकायत की है। मोटर खराब होने की समस्या बताई जा रही है। क्षेत्रवासियों में रोष व्याप्त होता जा रहा है। त्यौहारों का सीजन चल रहा है। ऐसे मे भी पानी की किल्लत का सामन क्षेत्रवासियों को करना पड़ रहा है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से आग्रह किया है कि पेयजल की आपूर्ति को सुचारु बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएं, ताकि पेयजल की किल्लत से सैक्टरवासियों को निजात मिल सके।

### रमा एकादशी पर व्रत रखकर श्रद्धालु आज करेंगे भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** सनातन धर्म में भगवान विष्णु को समर्पित कार्तिक माह का विशेष महत्व है। इस माह में जहां रमा और देवउठनी एकादशी मनाई जाती है, वहीं भगवान विष्णु संग तुलसी माता की पूजा की जाती है। कार्तिक माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी यानि कि आज शुक्रवार को रमा एकादशी मनाई जाएगी। इस दिन श्रद्धालु व्रत रखकर विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना करेंगे। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि सनातन धर्म में एकादशी पर्व का विशेष महत्व है। मंदिरों में विशेष पूजा व भजन-कीर्तन का आयोजन भी होगा। इस व्रत के करने से साधक को अमोघ फल की प्राप्ति होती है। साथ ही जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख एवं संकट दूर हो जाते हैं। उनका कहना है कि कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को ब्रह्म बेला में दैनिक कार्यों से निवृत होकर स्नानादि करना चाहिए। पीले वस्त्र धारण कर सूर्य देव को अर्घ्य देकर भगवान विष्णु की पूजा करनी चाहिए। उन्हें पीले रंग के फूल व फल अर्पित करें। विष्णु चालीसा का पाठ व आरती करनी चाहिए।

### पांच दिवसीय जिला स्तरीय बाल महोत्सव-2025 का तीसरा दिन उत्साहपूर्ण प्रदर्शन के साथ संपन्न

**37 स्कूलों के लगभग 300 बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** जिला बाल कल्याण परिषद, गुरुग्राम के तत्वाधान में आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय बाल महोत्सव-2025 के तीसरे दिन 37 स्कूलों के लगभग 300 बच्चों ने अपनी प्रतिभा और कला का शानदार प्रदर्शन किया। इस महोत्सव का आयोजन हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद, चंडीगढ़ के निदेर्शानुसार और डीसी अजय कुमार के मार्गदर्शन में किया जा रहा है ।जिला बाल कल्याण अधिकारी सुरेखा हूड्डा ने बताया कि तीसरे दिन का कार्यक्रम सिविल लाइन्स स्थित जॉन हॉल में आयोजित किया गया। इस अवसर पर बच्चों ने विभिन्न शैक्षणिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लिया। प्रमुख प्रतियोगिताओं में ग्रुप डांस, सोलो सॉन्ग, देशभक्ति समूह गीत, एकल नृत्य, थाली पूजन/कलश सजावट और फन गेम (बॉयज व गर्ल्स) शामिल थे। बच्चों ने इन प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपनी कला और प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के निर्णायक मंडल में अरविन्द्र जीत, डॉ. विनीत कुमार, संजय सुनेजा, मुकेश तनेजा, वीरेंद्र सेहरा, मोंटी शर्मा, निकिता, कंचन, सैलेन्द्र, डॉ. संदीप मैहरा, महिमा, प्रीती सैनी और सुनीता रानी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मंच संचालन मनोज कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर बाल गृह के बच्चे तथा जिला बाल कल्याण परिषद, गुरुग्राम का सम्पूर्ण स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### गांव भोंडसी में अवैध निर्माण पर चला नगर निगम का पीला पंजा

**- समाधान शिविर व सीएम विंडो पर मिली शिकायतों पर की गई त्वरित कार्रवाई**

**उत्तम भारत संवाददाता, गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा गांव भोंडसी क्षेत्र में अवैध निमार्णों के खिलाफ कार्रवाई की गई। यह कार्रवाई ड्यूटी मजिस्ट्रेट आर.के. मोंगिया की निगरानी में की गई, जिसमें जूनियर इंजीनियर प्रदीप और रोहित सहित निगम का फील्ड स्टाफ मौजूद रहा। यह अभियान उन शिकायतों के समाधान के उद्देश्य से चलाया गया जो समाधान शिविर और सीएम विंडो पर स्थानीय निवासियों द्वारा दर्ज कराई गई थीं। इन शिकायतों में अवैध निर्माण और भूमि उपयोग के उल्लंघन से संबंधित मामलों की जानकारी दी गई थी। अभियान के दौरान निगम टीम ने मौके पर जाकर कई अवैध ढांचों को ध्वस्त किया और लोगों को नियमों का पालन करने के लिए सचेत किया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि निगम द्वारा ऐसी शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लिया जाएगा और किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।ड्यूटी मजिस्ट्रेट आर.के. मोंगिया ने बताया कि यह कार्रवाई प्रशासन की शून्य सहनशीलता नीति के तहत की गई है। उन्होंने कहा कि नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान ही प्रशासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में निरंतर अभियान चलाए जाएंगे। यह भी अपील की कि नागरिक किसी भी अवैध निर्माण या अनियमित गतिविधि की जानकारी नगर निगम को दें, ताकि कार्रवाई समय रहते की जा सके और क्षेत्र में सुव्यवस्था बनी रहे।

P-10:28 paga09_jhn.qxd 10/16/2025 7:46 PM Page 1



## तावडू में विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति कर रहा प्रशासन जागरूक, लेकिन शहर के विभिन्न चौराहों पर लगी ट्रैफिक लाइटें कई वर्षों से पड़ी बंद

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू (मैहंदीरत्ता)।** शहर व क्षेत्र में प्रतिदिन रैली व प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक किया जा रहा है। लेकिन प्रशासन शहर में लगी लाखों की लागत से लगी ट्रैफिक लाइटें मात्र एक महा चलने के बाद वर्षों से बंद पड़ी हुई है, प्रशासन इस पर गौर नहीं कर रहा। जिससे वाहन चालकों को भारी असुविधा हो रही है। शहर के विभिन्न चौक चौराहों पर सरकार द्वारा ट्रेफिक लाइट सिगनल के लिए लगाई गई थी। लेकिन इनके बंद होने के कारण लोगों को यह सुविधा नहीं मिल पा रही है। हालांकि वर्ष के आरंभ में लाखों रूपए की लागत से ट्रैफिक लाईटों को ठीक भी कराया जा चुका है।



लेकिन व्यवस्था न होने के कारण यह ट्रैफिक लाईटें मात्र 5-7 दिन चलने के बाद ही बंद पड गई। शहर के खालिद, घनश्याम, प्रेम, महाबीर, शरीफ, बल्ला, सोनू, दिनेश, राजू, कल्लू, सलमू, इकबाल, अरशद आदि ने बताया की कई वर्ष पहले सरकार द्वारा यातायात व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए ट्रैफिक सिग्नल लाइटें शहर के विभिन्न स्थानों पर लगाई गई थी। लेकिन मात्र एक माह चलने के बाद लाखों रुपए की लागत से लगी यह सिगनल लाइट बंद पड़ी हुई थी। जिससे इस व्यवस्था का लोगों को लाभ नहीं मिल पा रहा है। जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति रोष पनप रहा है। लोगों ने ट्रैफिक लाइट व्यवस्था को दुरुस्त कराने की मांग की है। वर्ष के आरंभ में लाखों रूपए की लागत से ट्रैफिक लाईटों को ठीक भी कराया जा चुका है। लेकिन व्यवस्था न होने के कारण यह ट्रैफिक लाईटें मात्र 5-7 दिन चलने के बाद ही बंद पड गई। वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा विद्यालयों में सडक सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए प्रतियोगिताएं व रैलियां निकलवा रहा है। जबकि ट्रैफिक लाईटों की तरफ कोई ध्यान नहीं है। जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति रोष पनप रहा है।

## तावडू के डाक्टरों ने भगवान धन्वंतरी पूजन कार्यक्रम में लिया हिस्सा

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** नीमा शाखा के तत्वाधान में किंगडम बैंकेर हाल में भगवान धन्वंतरी पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम कि शुरूआत आयुर्वेद के प्रवर्तक भगवान धन्वंतरी भी षोड षोपचार पूजन के साथ हुई। कार्यक्रम में जिले के भारतीय चिकित्सा पद्धति के सनातकों ने भारी संख्या में भाग लिया। कार्यक्रम कि अध्यक्षता डाक्टर राम बवतार चौधरी ने किया। उन्होंने चिकित्सकों को संबोधित करते हुए भगवान धन्वंतरी के बताया कि कैसे समुद्र मंथन के उपरांत अवतरण के दौरान 14 रत्न निकले। जिनमें से भगवान धन्वंतरी भी एक




है।

कार्यक्रम में जिला शाखा के सदस्यों को सदस्य प्रमाण पत्र डाक्टर सीएस कालरा व डाक्टर मिथलेश शर्मा द्वारा प्रदान किए गए। कार्यक्रम के अन्त हो हरियाणा नीमा वूमैन सैल की अनुसार अंतु फोगाट द्वारा भूण्र हत्या में भागीदार ने होने का आहवान किया और शपथ दिलाई। इस कार्यक्रम में डाक्टर अभिषक शर्मा, दिनेश बागडी, कासम खान, रफान खान, सुनीता जैन, प्रिन्स कालरा, सुनीता सारिया व डाक्टर इरफान खान आदि चिकित्सक सम्मलित रहे।

## कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने 28 सरकारी स्कूलों के बच्चों संग मनाई दीपावली

● 15 हजार देसी घी के लड्डू वितरित कर दी बच्चों के साथ बांटी खुशिया



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** हरियाणा के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने दीवाली इस बार खास अंदाज में मनाई। विपुल गोयल ने 28 सरकारी स्कूलों के हजारों बच्चों को 15 हजार देशी घी के लड्डू वितरित कर बच्चों को खुशियों की सौगात दी। इस मौके पर विपुल गोयल ने कहा कि त्योहारों का असली अर्थ तभी है जब समाज के हर वर्ग के साथ खुशियां बांटी जाएं। बच्चे हमारे भविष्य हैं और उनकी मुस्कान ही सबसे बड़ा उत्सव है। सुबह से ही सरकारी स्कूलों में उत्सव का माहौल रहा। स्कूल परिसरों को दीयों व रंगोली से सजाया गया।

इस मोके पर विपुल गोयल ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन 2047 तक भारत को विकसित और आत्मनिर्भर राष्ट्र बनाने का है और इस सपने को पूरा करने में बच्चे ही भारत का भविष्य हैं। उन्होंने बच्चों को शिक्षा में उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया और कहा कि भारत का विकास उनके प्रयासों से ही साकार होगा। उन्होंने कहा कि दीपावली केवल दीपों का त्योहार नहीं, बल्कि सेवा, सहयोग और सद्भाव का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि सरकारी स्कूलों में पढड्डे वाले बच्चों को भी वही खुशी मिले जो समाज के हर वर्ग को मिलती है। सरकार बच्चों की शिक्षा और पोषण के लिए लगातार प्रयासरत है, लेकिन समाज की भागीदारी से यह अभियान और मजबूत होगा। उन्होंने शिक्षकों से भी अपील की कि वे बच्चों में स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और समाज सेवा की भावना को बढ़ावा दें। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने स्वच्छ दीपावली, हरित दीपावली का संकल्प भी लिया।

इस पहल की शहरवासियों ने सराहना की। अभिभावकों ने कहा कि विपुल गोयल का यह कदम बच्चों में आत्मविश्वास और अपनत्व की भावना बढ़ाने वाला है। वहीं शिक्षकों ने कहा कि कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सरकारी स्कूल के बच्चों की यह दीवाली यादगार बना दी। कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने सभी को दीवाली की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के साथ दीप भी जलाए।

## क्रेडिट कार्ड से हिडेन चार्जिज हटाने के नाम ठगी करने के मामले में 5 गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** क्रेडिट कार्ड से हिडेन चार्जिंज हटाने के नाम ठगी करने के मामले में साइबर थाना सैंट्रल ने 5 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सेक्टर 29 फरीदाबाद निवासी एक व्यक्ति ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसके पास एक अंजान नंबर से कॉल आया जिसने अपने आपको बैंक का ऐजेंट बताया तथा क्रेडिट कार्ड से हिडेन चार्ज हटाने के लिए उसने शिकायतकर्ता से क्रेडिट कार्ड डिटेल्स व ओटीपी पूछाए जिसके उपरांत शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड से 32,500 रुपये की कट गये। जिस शिकायत पर साइबर



थाना सैंट्रल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

उन्होंने आगे बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए साइबर थाना सैंट्रल की टीम ने राहुल साहनी, अश्वनी, सुमित गुप्ता, राहुल कुमार व आकाश अग्रवाल निवासी दिल्ली को गिरफ्तार किया है

पूछताछ में सामने आया कि राहुल सहानी व अश्वनी दोनों इस गिरोह के सरगना थे तथा कॉलिंग का काम करते थे। सुमित गुप्ता व राहुल कुमार ठगी के पैसो से ऑनलाइन वेबसाइट पर सामान (फोन व अन्य कीमती सामान) खरीद लेते थे तथा उसको आकाश के बताए पते पर डिलीवर करवाते थे। आकाश उस सामान को उसकी मूल कीमत के 75 प्रतिशत पर बिल सहित दुकानदारो को बेच देता था। आकाश दुकानदार से मिली नकदी वापस सुमित गुप्ता व राहुल कुमार को देता था तथा आगे राहुल सहानी व अश्वनी को मिलता था। सभी आरोपी 12वीं पास है। सभी आरोपियों को माननीय न्यायलय में पेश कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## फोन छीनकर ऑनलाइन पैसे निकालने के मामले में क्राईम ब्रांच सेक्टर 30 ने तीन आरोपी काबू

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** फोन छीनकर ऑनलाइन पैसे निकालने के मामले में क्राईम ब्रांच सेक्टर 30 ने तीन आरोपी काबू किया है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि जिशान निवासी सेक्टर 29 पुल नहरपार ने थाना खेडीपुल में दी अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि वह मास्टर चौक रोड नहरपार पर मुंगफली बेचता है। 12 सितंबर को जब वह ऑटो से खेडीपुल सब्जी मण्डी के पास लकडी लेने आया तो ऑटो में बैठे 2 लडके उसका फोन छीनकर फरार हो गए तथा उसके फोन-पे से 30 हजार रुपये ट्रांसफर कर लिये। जिस



शिकायत पर थाना खेडीपुल में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामले में कार्रवाई करते हुए क्राईम ब्रांच सेक्टर 30 की टीम ने आफताब, तोहिद व जमाल निवासी दिल्ली को गिरफ्तार किया है। प्रांरभिक पूछताछ में सामने आया कि 12 सितंबर को जब शिकायतकर्ता खेडीपुल ऑटो से सब्जी मण्डी के पास लकडी लेने आया तो जमाल व उसका एक अन्य साथी भी ऑटो में थे जिन्होंने अपने घर फोन करने के बहाने से शिकायतकर्ता से फोन मांगा तो आरोपियों ने शिकायतकर्ता के फोन का लॉक पैर्टन देख लिया व शिकायतकर्ता का फोन छीनकर भाग गए। जिसके बाद जमाल ने आफताब से पैसे ट्रांसफर करने के लिये खाता मांगा तथा आफताब ने तोहिद से खाता मांगा, जिस पर तोहिद के बताये खाता में जमाल ने पेसे ट्रांसफर कर दिये। सभी आरोपियों को माननीय न्यायलय में पेश कर 2 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## भारत में 23 सप्ताह के समय से पहले जन्मे शिशुओं ने रचा इतिहास, अमृता अस्पताल के डॉक्टरों ने किया असंभव को संभव

**उत्तम भारत, फरीदाबाद, राजेंद्र सिंह।** अमृता अस्पताल फरीदाबाद के डॉक्टरों ने एक अभूतपूर्व चिकित्सकीय उपलब्धि हासिल की है जिसने नवजात चिकित्सा की सीमाओं को चुनौती दी है। अस्पताल ने मात्र 23 सप्ताह में जन्मे शिशुओं को पूर्णतः स्वस्थ अवस्था में जीवित रखकर इतिहास रचा है। यह भारत में अब तक का सबसे कम आयु वाले शिशुओं का सफल जीवन-रक्षण है, जो केवल 500-600 ग्राम वजन के साथ पैदा हुए थे।

पहला मामला 23 सप्ताह और 5 दिन के एक शिशु का था जिसका वजन मात्र 550 ग्राम था। जन्म के बाद लगभग 30 मिनट तक उसे ऑक्सीजन और ग्लूकोज नहीं मिला, और उसे गैर-जीवित घोषित कर



दिया गया। लेकिन शिशु ने सांस लेना जारी रखाए जिसके बाद परिजन उसे अमृता अस्पताल लेकर आए। 90 दिन तक एनआईसीयू में इलाज के बाद, शिशु का वजन बढकर 2200 ग्राम हो गया और उसे पूरी तरह सामान्य मस्तिष्क और फेफड़े की कार्यक्षमता के साथ घर भेजा गया, जो कि चिकित्सा इतिहास में एक दुर्लभ उपलब्धि है।

कुछ महीनों बाद, एक और रिकॉर्ड बना 23 सप्ताह और 6 दिन में जन्मे जुड़वां (लडका और लडकी) शिशु, जो 41 वर्षीय मां से जन्मे थे, बिना किसी न्यूरोलॉजिकल या फेफड़ों की जटिलता के स्वस्थ हुए। जुड़वां शिशु भारत के सबसे कम उम्र में जीवित रहने वाले बच्चे बन गए हैं। जुड़वां.1, 500 ग्राम को केवल डेढ़ दिन तक ही वेंटिलेशन की जरूरत पड़ी, जबकि जुड़वां 2, 630 ग्राम को किसी वेंटिलेशन की आवश्यकता नहीं हुई। दोनों बच्चे आज पूरी तरह स्वस्थ हैं और बिना किसी रेटिनोपैथी ऑफ प्रीमैच्योरिटी के सामान्य विकास कर रहे हैं। दशकों तक 23 सप्ताह की गर्भावस्था को ग्रे जोन ऑफ सर्वाइवल माना जाता था, यहां तक कि विकसित देशों में भी, कहा डॉ. हेमंत शर्मा, वरिष्ठ नवजात शिशु रोग विशेषज्ञ, अमृता अस्पताल फरीदाबाद ने। आज हमने यह साबित किया है कि जब विज्ञान, करुणा और परिवार का विश्वास साथ हो, तो चमत्कार दोहराए जा सकते हैं। ये बच्चे सिर्फ जीवित नहीं बचे, बल्कि पूरी तरह स्वस्थ और सामान्य जीवन जी रहे हैं। यह भारतीय नवजात चिकित्सा के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।

शिशुओं की मां ने कहा कि जब डॉक्टरों ने कहा कि कोई उम्मीद नहीं है, तो हमारा दिल टूट गया। लेकिन अमृता की टीम ने हमें तब भी विश्वास दिलाया जब हमारे पास कोई उम्मीद नहीं थी। आज जब दोनों बच्चे स्वस्थ हैं और हमारी गोद में मुस्कुरा रहे हैं, तो यह ईश्वर के स्पर्श जैसा अनुभव है। अमृता अस्पताल की एनआईसीयू टीम ने विश्वस्तरीय तकनीक और संवेदनशील देखभाल का समन्वय किया। शिशुओं को उच्च आर्द्रता 80 प्रतिशत वाले विशेष इनक्यूबेटर में रखा गया, जिससे गर्भ जैसा वातावरण तैयार किया जा सके। प्रकाश और ध्वनि पर नियंत्रण रखकर भ्रूण की नींद की प्राकृतिक लय बनाए रखी गई। कंगारू केयर यानी मां द्वारा बच्चे को सीने से लगाकर रखना, उनके विकास और स्थिरता में अत्यंत सहायक रहा। खास बात यह रही कि पहले बच्चे को केवल 48 घंटे वेंटिलेशन पर रहना पड़ा, जबकि आमतौर पर 23 सप्ताह के शिशुओं को 2-3 सप्ताह की जरूरत होती है।

## हरियाणा सरकार का जन विश्वास-जन विकास समारोह 17 अक्टूबर को, मनोहर लाल करेंगे अध्यक्षता

● मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की राज्यभर में कार्यक्रम तैयारियों की समीक्षा




**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** हरियाणा सरकार के तीसरे कार्यकाल के एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्यभर में आयोजित होने वाले जन विश्वास-जन विकास समारोह की तैयारियों को लेकर आज मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य स्तरीय और जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा, जनसहभागिता, प्रचार, प्रसार और विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की उपलब्धियों के प्रभावी प्रस्तुतीकरण के संबंध में विस्तृत दिशा.निर्देश दिए।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने बताया कि जन विश्वास-जन विकास कार्यक्रम का आयोजन 17 अक्टूबर को प्रातः 10. 30 बजे सेक्टर. 12 स्थित एचएसवीपी कन्वेंशन में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे।

उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत लाभार्थियों को उनके आवंटित प्लॉट के आवंटन पत्र प्रदान किए जाएंगे। यह पहल हरियाणा सरकार की नागरिक केंद्रित योजनाओं की सफलता का प्रतीक है और राज्य में पारदर्शिता, विकास और सामाजिक न्याय को प्रोत्साहित करने का प्रयास है। कार्यक्रम में विभागीय अधिकारी, स्थानीय प्रतिनिधि और लाभार्थी उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को उनकी योजनाओं से संबंधित लाभों के बारे में जानकारी देना और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम की सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समयानुसार सुनिश्चित की जाएं।

बैठक में सीईओ जिला परिषद शिखा, सीटीएम अंकित कुमार, डीडीपीओ प्रदीप कुमार सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## छठ पूजा से पहले यमुना की सफाई और स्वच्छता सुनिश्चित करें अधिकारी:एडीसी सतबीर मान

● यमुना जल गुणवत्ता सुधार को लेकर मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की समीक्षा बैठक



**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** छठ पूजा पर्व को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने निर्देश दिए हैं कि यमुना नदी के किनारे स्थापित सभी एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) पूर्ण क्षमता से चालू रखे जाएं, ताकि नदी का जल स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त बना रहे। आगामी छठ पूजा महोत्सव से पहले यमुना नदी की जल गुणवत्ता में सुधार के संबंध में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी की ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की और स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्थिति में अनुपचारित जल या औद्योगिक अपशिष्ट यमुना नदी में न छोड़ा जाए। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत अतिरिक्त उपायुक्त सतबीर मान ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि यमुना नदी के किनारे स्थित सभी एसटीपी की तकनीकी जांच की जाए और यदि किसी भी इकाई में खराबी या अवरोध पाया जाए तो उसे प्राथमिकता के आधार पर दुरुस्त किया जाए। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु यमुना तट के किनारे बने घाटों पर स्नान और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं, इसलिए यमुना नदी के जल की गुणवत्ता मानक स्तर पर बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। एडीसी ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए ताकि किसी प्रकार का अनुपचारित जल या अपशिष्ट नदी में न जाने पाए। उन्होंने कहा कि सभी घाटों की नियमित निगरानी की जाए, सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाए और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक संसाधन जैसे प्रकाश व्यवस्था, सुरक्षा, स्वच्छता और पेयजल आपूर्ति की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। बैठक में सीटीएम अंकित कुमार सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## पहचान छिपाकर शादी करने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद, नवीन शाह।** थाना सूरजकुण्ड की टीम ने वर्ष 2024 के पहचान छुपाकर शादी करने के नाम पर धोखाधड़ी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ग्रीन फील्ड वासी एक महिला ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि उसकी एक रक्षित नाम के लडके से पहचान हुई थी, जिसके बाद आरोपी ने शिकायतकर्ता से अगस्त 2024 में विभिन्न खाता में 2 लाख से अधिक रुपए डलवाये तथा सितम्बर 2024 में वह शिकायतकर्ता के घर पर अपने परिवार के साथ शादी का रिश्ता लेकर आया था, जहां पर शिकायतकर्ता के परिवार वालो ने उसको टीका के 4 लाख रुपए व एक सोने की अंगूठी, एक सोने की गिन्नी दी थी। इसके उपरांत आरोपी ने शिकायतकर्ता के क्रेडिट कार्ड से 1,25,634 का सामान, एक आई फोन खरीदा व सोने की ज्वेलरी भी खरीदी तथा उसके नाम से 15 लाख की गाड़ी खरीद ली। आरोपी ने अपना नाम रक्षित शर्मा बताया था जबकि उसका असली नाम सोमदत कौशिक है। आरोपी ने अपनी पहचान छिपाकर धोखाधडी से शिकायतकर्ता से रेप की शिकायत से बचने के लिए शिकायत कर्ता से साथ शादी की तथा शिकायतकर्ता को धोखा देकर पैसे ऐंठ लिये। जिसकी शिकायत पर महिला थाना एनआईटी में विभिन्न धाराओं के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। उन्होंने आगे बताया कि मामले में त्वरित कार्रवाई के लिए थाना सूरजकुण्ड की टीम को निर्देशित किया गया। जिस पर कार्रवाही करते हुए थाना सूरजकुंड की टीम ने 14 अक्टूबर को आरोपी सोमदत्त कौशिक निवासी गांव जुनेहरा जिला फरीदाबाद को गिरफ्तार कर 3 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

अब तक की पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने नाम बदलकर शादी के लिए मैट्रिमोनियल साइट पर अपना बायोडाटा डालता था। आरोपी अपने आप को कस्टम, जीएसटी विभाग में इंस्पेक्टर तैनात बताता था। शिकायतकर्ता व उसके परिवार से वह रक्षित शर्मा पहचान बताकर मिला था फिर उनके घर अपने परिवार के साथ शादी का प्रस्ताव लेकर गया। इस दौरान उनसे शिकायतकर्ता व उसके परिवार से पैसे ऐंठे तथा बाद में शादी करने के कुछ घन्टों बाद ही शिकायतकर्ता को पीटकर घर से भगा दिया। इस तरह की वारदात के लिए उसके षड्यन्त्र में वह अपने पिता, बहन, मामा को भी शामिल करता है।

अपराधिक रिकॉर्ड अनुसार आरोपी पर उत्तर प्रदेश के नोएडा व गाजियाबाद में एक-एक मामले इसी प्रकार के अपराध करने के दर्ज हैए जिनमें भी उसने नाम बदलकर लड़कियों को फंसाया और उनसे पैसे ऐंठ लिये। अब तक की पुलिस जांच में पाया है कि आरोपी ने काफी लड़कियों से धोखाधड़ी कर पैसे ऐंठ रखें हैं, मामले में पूछताछ जारी है।

### समाचार

## तावडू में त्योहारी सीजन आरंभ, बाईकर्स की स्टंटबाजी से लोग परेशान, प्रशासन मौन

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर में त्योहारी सीजन के चलते भीड़-भाड देखी जा सकती है। वहीं बाइकर्स के स्टंटबाजी से क्षेत्रवासी काफी परेशान हैं। क्षेत्रवासियों के बार-बार बाइकर्स से कहने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से समस्या के समाधान की मांग की है। क्षेत्रवासी कमल सिंह, चुन्नू, रामलाल, प्रकाश वीर, नरेश कुमार, कृष्ण कुमार आदि ने बताया कि त्योहारी सीजन आरंभ हो चुका है और बाजारों में भीड़ होने लगी है। समूह में आने वाले बाइकर्स अपने वाहनों को तेज गति से दौड़ाते हुए स्टंटबाजी करते हैं। हर समय कर्कश हॉर्न बजाकर वातावरण दूषित करने लगे हैं। इस समस्या से जहां दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ रही है, वहीं कर्कश हॉर्न से क्षेत्र के निवासियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बाइकर्स की स्टंटबाजी के कारण अन्य वाहन चालकों में भय का माहौल बना हुआ है। क्षेत्र के बुजुर्गों, बच्चों, युवतियों व महिलाओं को अधिक परेशान होना पड रहा है। बाइकर्स से स्टंटबाजी के लिए मना करने पर वे विवाद करने पर उतारू हो जाते हैं। ये बाइकर्स इतनी तेज हॉर्न बजाते है कि समीप चल रहे व्यक्ति तो परेशान होते ही हैं और आस-पास के लोग भी परेशान हो जाते हैं। क्षेत्रवासी इस डर के कारण इन्हें रोक नहीं पा रहे है। इस समस्या के कारण पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सवाल उठने लगे है। क्षेत्रवासियों ने तत्काल इस समस्या का हल करने की प्रशासन से मांग की है।

## तावडू में गाड़ी चोरी करने का लगाया आरोप, मामला दर्ज।

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** शहर के वार्ड नंबर 3 निवासी एक व्यक्ति ने गांव पढैनी निवासी नामजद व्यक्ति पर उसकी डीजे की गाड़ी को चुराने का आरोप लगाया है। पुलिस ने गाड़ी मालिक की शिकायत पर नामजद व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कार्रवाई शुरू दी। शहर के वार्ड नंबर 3 निवासी गोविन्द कुमार ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसने एक टाटा गाड़ी डीजे के काम में प्रयोग करता है। उसकी गाड़ी में डीजे के स्पीकर आदि लगे रहते हैं। पिछले दो साल से सलीम निवासी गांव पढैनी के घर पर खड़ी होती है। जब भी कोई बुकिंग मिलती है तो वह गाड़ी को सलीम के घर से लेकर आता है और काम करने के बाद उसके घर पर खड़ी कर देता है। गत 5 अक्टूबर को उसने गाड़ी सलीम के घर पर खडी करके चाबी सलीम को सौंप दी थी। वहीं गत 12 अक्टूबर को प्रातः साढे 11 बजे के लगभग वह गाडी लेने सलीम के घर गया तो गाड़ी वहां पर नहीं थी। जब उसने सलीम से गाड़ी के बारे में पूछा तो उसने कुछ नही बताया और कहा कि उसका साला महेश गाड़ी को ले गया। जब उसने महेश से पूछा तो उसने कहा कि वह गाड़ी को लेकर नहीं आया। सलीम ने उसकी गाड़ी को गायब कर दिया है। पुलिस ने गोविंद की शिकायत पर सलीम के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

## मासों में कार्तिक मास सबसे श्रेष्ठ, श्रद्धालु कर रहे प्रतिदिन पूजा अचार्ना

**उत्तम भारत संवाददाता, तावडू।** क्षेत्र के मंदिरों में कार्तिक मास के उपलक्ष्य में ब्रह्ममुहूर्त में स्नान करके लोग भगवान विष्णु जी की पूजा कर रहे हैं। कार्तिक मास में व्रत रखने वालों को मोक्ष के साधन के रूप में बताया गया है। शहर के वार्ड नंबर 14 में स्थित श्रीसाईं धाम मंदिर में पुजारी पंडित नंद किशोर मिश्रा ने बताया कि नदियों में जैसे गंगा व भगवानों में विष्णु इसी प्रकार मासों में कार्तिक मास क्षेष्ठ हैं। इस मास में गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए। इस माह में जो व्यक्ति नियमों का पालन करते हैं, वह वर्ष भर सभी पापों से मुक्ति पाते हैं। धर्म शास्त्रों में प्रत्येक



ऋतु व मास का अपना विशेष महत्व है। उन्होंने बताया कि शास्त्रों के अनुसार इस माह भवान विष्णु चार माह की अपनी योगनिंद्रा से जागते हैं। इस मास में दीपदान करने से भगवान विष्णु जी की कृपा प्राप्त होती है और जीवन में छाया अंधकार दूर होता है। इस मास में दीप जलाने वाले व्यक्ति को अश्वमेद्य यज्ञ के बराबर फ लों की प्राप्ति होती है। इस मास में तुलसी के समीप दीपक जलाने से व्यक्ति को साक्षात लक्ष्मी जी की कृपा प्राप्त होती है। क्योंकि तुलसी में साक्षात लक्ष्मी का निवास माना जाता है। इस मास में तुलसी के पौधे को सजा भगवान शालिग्राम का पूजन किया जाता है। शास्त्रों के अनुसार कार्तिक मास में किए गए दान-पुण्य का फ ल व्यक्ति को अगले जन्म में अवश्य प्राप्त होता है। उन्होंने उपस्थित संगत से आहवान किया कि कार्तिक मास में क्षेष्ठ कर्म कर, स्नान, ध्यान, दान करते हुए व तुलसी अराधना कर अनन्य पुण्य के भागी बनें।

## किरयाना स्टोर संचालक से रंगदारी मांगने के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**उत्तम भारत संवाददाता, फरीदाबाद।** फरीदाबाद पुलिस द्वारा अपराधियों पर लगातार कार्यवाही की जा रही है, इसी कड़ी में रंगदारी मांगने के एक मामले में थाना ओल्ड पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि ओल्ड फरीदाबाद वासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी अपनी शिकायत में बताया कि उसका ओल्ड मैन मार्केट में किरयाना स्टोर हैए 15 अक्टूबर को दिन के समय वह अपनी दुकान पर बैठा था तो उसके पास दो लडके आये जिसमें से एक ने अपना नाम विजय बताया और उससे मंथली के रुप में 10,000 रुपये मांगे और धमकी देकर वहा से चले गये। जिसके कुछ देर आरोपियों ने शिकायतकर्ता की दुकान के सामने फड लगाने वाले कैलाश को चाकू मार कर घायल कर दिया। जिस शिकायत पर थाना ओल्ड में संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

## डींगरपुर-कुंदरकी रोड पर दर्दनाक हादसाः प्राइमरी स्कूल शिक्षक को ट्रक ने कुचला, मौके पर मौत, घटना सीसीटीवी में कैद

**उत्तम भारत संवाददाता/मैनाठेर।** थाना क्षेत्र के गांव डींगरपुर कुंदरकी रोड पर हबीबी इंटर कॉलेज के निकट गुरुवार दोपहर एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार गांव गुरेर निवासी राजवीर सिंह (45) पुत्र ओम प्रकाश, जो गांव के ही प्राइमरी स्कूल में शिक्षक थे, बाइक से डींगरपुर से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने कुंदरकी-डींगरपुर रोड पर उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर इतनी भीषण थी कि शिक्षक राजवीर सिंह की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और कुंदरकी-डींगरपुर रोड पर लंबा जाम लग गया, स्थानीय लोग मौके पर एकत्र हो गए और आक्रोश व्यक्त करने लगे। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा, साथ ही जाम को खुलवाने में पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी, बताया जा रहा है कि यह पूरी घटना नजदीकी सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसमें ट्रक की टक्कर लगने के बाद का दृश्य दिखाई दे रहा है, पुलिस फुटेज के आधार पर ट्रक और उसके चालक की तलाश में जुट गई है, इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई है। बताया गया कि मृतक सात भाई-बहनों में पांचवें नंबर के थे जो अपने पीछे तीन बेटियों को छोड़ गए हैं, वहीं घटना से आहत हुए परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



## अवैध गन्ना कोल्हुओं पर एसडीएम का खाद्य विभाग के अधिकारियों के साथ मारा छापा, एसडीएम ने दिए नोटिस जारी करने के निर्देश



**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** आगामी पेराई सत्र को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक टीम सक्रिय हो गई है। गुरुवार को उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी की टीम के साथ क्षेत्र में चल रहे अवैध गन्ना कोल्हूओ पर पहुंच कर छापेमारी की। छापे मार कार्यवाही की सूचना पर गन्ना कोल्हु संचालकों में हड़कंप मच गया।

एसडीएम प्रीति सिंह ने खाद्य विभाग के अधिकारियों केसाथ क्षेत्र के आलियाबाद एवं पृथ्वीपुर गाँवड़ी क्षेत्र में संचालित विभिन्न कोल्हुओं (गुड़ उत्पादन इकाइयों) पर पहुँच कर छापेमारी कर निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी डॉ. भूपेन्द्र सिंह, सचिव मुरादाबाद राजेश कुमार, प्रदूषण नियंत्रण अधिकारी विशाल भारती तथा खण्डसारी अधिकारी ठाकुरद्वारा संजय कुमार मौर्य मौजूद रहे। टीम ने सभी इकाइयों में पंजीकरण, अग्निशमन व्यवस्था, बाल श्रम रोकथाम, स्वच्छता, पर्यावरणीय नियमों के पालन एवं गन्ना तौल प्रणाली की पारदर्शिता की जांच की। एसडीएम ने बताया कि जांच के दौरान कुछ कोल्हुओं में अनियमितताएं पाई गईं, जिन पर मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

संबंधित संचालकों को नोटिस जारी कर तीन दिवस में स्पष्टीकरण देने के लिए कहा गया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि निर्धारित मानकों का पालन न करने गन्ना कोल्हु संचालकों पर 10 लाख तक का जुमार्ना और तीन माह तक के कारावास की कार्रवाई की जा सकती है। साथ ही सभी कोल्हू संचालकों से अपील की गई कि वे स्वच्छ, सुरक्षित और मानकों के अनुरूप कार्य करें, ताकि किसी भी प्रकार की कार्रवाई से बचा जा सके।

## समाचार

### बिजली विभाग के ठेकेदार और उनके मुंशी जमा योजना के कार्यों में अधिकारियों के साथ मिलकर कर रहे अपनी मनमानी

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** बिजली विभाग में जमा योजना के अंतर्गत व विधयक निधि के अंतर्गत समस्त कार्य को कराने वह सामग्री भंडार केंद्र से प्राप्त करने का कार्य ठेकेदार का है जबकि ठेकेदार द्वारा अपने निजी मुंशी रखकर विद्युत की सामग्री उठाने का कार्य सौंप दिया जाता है जिसमें उपभोक्ता को लगातार अलग-अलग कागजों के नाम की खानापूर्ति के नाम पर नए-नए नियम बताकर उपभोक्ता को परेशान किया जाता है किसी भी प्रकार की सामग्री उठाने में ठेकेदार व अन्य कोई सीमा तय नहीं है जिसकी पूर्ति उपभोक्ता से वसूल करने के बाद की जाती है जिसमें अधिकारियों व ठेकेदारों की मिली भगत से उपभोक्ता से लेबर चार्ज लेने के उपरांत भी कार्य उपभोक्ता से कराए जाते हैं और ठेकेदार अपना बिल कार्यालय में लगाकर भुगतान ले लेता है जिसमें अधिकारियों का भी हिस्सा होता है जिसमें वर्तमान सरकार की छवि को धूमिल करने का कार्य ठेकेदार व अधिकारी लगातार कर रहे हैं।

### दावत खाकर वापस लौटते समय तेज धार धार हथियार से हमला, एक घायल

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** नामकरण की रिसोर्ट में दावत खाकर लौट रहे पिता पुत्र पर पुरानी रंजिश के चलते दबंगों ने हमला कर दिया। जिसमें एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कानूनी कार्यवाही की मांग की। थाना क्षेत्र के गांव बहापुर निवासी सुधीर कुमार पुत्र हरपालसिंह अपने बेटे प्रिंस के साथ 15 अक्टूबर की दोपहर 12.00 बजे गांव के सुखबीर सिंह के पौत्र के नामकरण की दावत खाकर अपने घर वापस लौट रहे थे इसी दौरान रास्ते में गांव के तीन व्यक्तियों ने एक राय जान से मारने की नीयत से तेजधार हथियार से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। बेटे प्रिंस के शोर मचाने पर ग्रामीणों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुएफरार हो गए। पीड़ित ने बताया कि खेती की जमीन को लेकर काफी समय से इन लोगों से विवाद चल रहा है उसी की रंजिश में उसे पर हमला कर घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर जांच शुरू कर दी।

### बाइक चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार, बाइक बरामद

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** थाना पुलिस ने बाइक चोरी करने के आरोपी दोनों चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से बाइक बरामद की है और अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है। थाना कांठ क्षेत्र के ग्राम कासमपुर निवासी फहीम पुत्र मनन ग्राम मुख्तियारपुर नवादा में 14 अक्टूबर को अपनी स्प्लेंडर बाइक से गया था। वाहन चोरों ने उसकी बाइक चुरा ली थी और फरार हो गए थे। थाना कांठ पुलिस ने चोरी की बाइक सहित अभियुक्त तो कामिल पुत्र वहीद निवासी ग्राम धनपुरा थाना पकवाड़ा एवं रोहित कुमार पुत्र मुनिराज मोहल्ला फकीरगंज थाना कांठ को पकड़ लिया और बरामद बाइक सहित दोनों अभियुक्त को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक कांठ सुदेश पाल सिंह ने बताया कि पकड़े गए दोनों बाइक चोर शातिर किस्म के अपराधी हैं और इन पर कई थानों में अपराधिक मामले दर्ज हैं। दोनों चोरों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

### सीएचसी कांठ में हुई 5 की नसबन्दी

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में एक पुरुष चार महिलाओं सहित 5 लोगों की नसबंदी की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ में नसबंदी कैंप बृहस्पतिवार को लगाया गया जिसमें 6 महिलाएं और एक पुरुष ने नसबंदी कराने के लिए अपना पंजीकरण कराया जिसमें खून की कमी के कारण दो पंजीकरण रिजेक्ट किए गए। एक पुरुष चार महिलाओं सहित पांच की नसबंदी सफलतापूर्वक की गई। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कांठ के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर राजीव सिंह ने कहा कि सभी आशाएं अपने-अपने क्षेत्र में जाकर महिलाओं को जागरूक करें और अन्य स्वास्थ्य कर्मी पुरुषों को नसबंदी करने के लिए प्रेरित करें, जिससे परिवार नियोजन के लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इस अवसर पर डॉ राजीव सिंह, डॉक्टर रविंद्र सिंह सर्जन भगवान सिंह, चीफ फार्मासिस्ट भगवान सिंह, आयशा, विवेक, पप्पू, लैब टेक्नीशियन चितरंजन, पूजा आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

### दलहन व तिलहन का बीज मिलेगा निशुल्क

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** शरदकालीन गन्ने के साथ से फसली खेती हेतु दलहन, तिलहन का बीज निशुल्क मिलेगा। निदेशक उपकृषि भवन लखनऊ द्वारा अवगत कराया गया है कि रवि सीजन 2025- 26 में शरद कालीन गन्ने के साथ राई, सरसों तथा मशहूर की सह फसली खेती करने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किए जाने का निर्णय लिया गया है, जिससे दलहन एवं तिलहन का अतिरिक्त उत्पादन प्राप्त हो सके तथा किसानों की आय में वृद्धि हो सके। उक्त योजना के अंतर्गत कृषि विभाग द्वारा 1.77 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में शरद कालीन गन्ने के साथ राई, सरसों की अंत फसली खेती हेतु गन्ना उत्पादक कृषकों को प्रति हेक्टेयर 4 किलोग्राम की दर से निशुल्क बी कृषि विभाग के विकासखंड स्तर पर स्थित राजकीय कृषि बीज भंडारों से पास मशीन के माध्यम से वितरित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए सहकारी गन्ना समिति कांठ के सचिव खेत सिंह ने बताया कि गन्ने के साथ राई सरसों की अंत फसली करने के इच्छुक किसान इसका लाभ ले सकते हैं। अपनी सर्कल के गन्ना पर्यवेक्षक से संपर्क कर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

### कांठ क्षेत्र में आज भी बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** विद्युत विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार आज (17 अक्टूबर 2025) शुक्रवार को भी कांठ क्षेत्र में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। उपखंड अधिकारी कांठ ने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र रसूलपुर गुर्जर को पोषित किये जाने वाली 33 केवी लाइन के निकट आ रहे पेड़ों की कटाई-छंटाई एवं लाइन की मरम्मत कार्य किया जाएगा। इस कारण 33/11 केवी उपकेंद्र कांठ से पोषित 11 केवी फीडरों (कांठ टाउन, तहसील टाउन एवं कृषि फीडर) से जुड़े मोहल्लों, गांवों और निजी नलकूपों की बिजली आपूर्ति प्रातः 10.00 बजे से दोपहर 1.00 बजे तक बाधित रहेगी। उपखंड अधिकारी सचिन रस्तौगी ने सभी विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे अपने आवश्यक कार्य पूर्व निर्धारित समय में निपटा लें। बता दें इससे पूर्व गुरुवार (कल) भी क्षेत्र की विद्युत सप्लाई बाधित रही, जिससे नागरिकों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ा। क्षेत्र में चरमराई विधयित व्यवस्था से नागरिकों के मन मे बिजली विभाग के विरुद्ध आक्रोश व्याप्त है, जो किसी भी समय विस्फोटक रूप धारण कर सकता है।

### महिला सुरक्षा टीम ने छात्र- छात्राओं को साइबर क्राइम की जानकारी

**उत्तम भारत संवाददाता/ठाकुरद्वारा।** महिला सुरक्षा टीम 13 ठाकुरद्वारा द्वारा ग्राम असलेमपुर स्थित माध्यमिक विद्यालय मे शिक्षिकाओं व छात्र छात्राओं के साथ एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, गोष्ठी के दौरान छात्र शिक्षिकाओं व छात्र छात्राओं को साइबर क्राइम के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे- वृद्धा पेंशन योजना, विधवा पेंशन योजना, सामूहिक विवाह योजना, मात्र वंदना योजना, च्ड आवास योजना आदि तथा आपातकालीन हेल्पलाइन 108 एम्बुलेंस, 112 पुलिस आपातकालीन हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 वुमन पॉवर हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1076 मा० मुख्यमंत्री हेल्पलाइन व 1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारी दी गई व पंपलेट वितरित किये गए। टीम में उपनिरीक्षक ललित, महिला हेड कॉन्स्टेबल पूनम, कॉन्स्टेबल गौरव कुमार, कांस्टेबल रवि सैनी रही।

## राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ छजलैट के प्रतिनिधिमंडल ने खंड शिक्षा अधिकारी का किया स्वागत

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई छजलैट के प्रतिनिधिमंडल ने ब्लॉक अध्यक्ष गौरव यादव की अध्यक्षता में नवागत खंड शिक्षा अधिकारी शिवम गुप्ता से शिष्टाचार भेंट कर स्वागत किया और दीपोत्सव के पर्व दीपावली की शुभकामनाएं भी दी। संगठन द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर लंबित चयन वेतनमान पत्रावली के संबंध में वार्ता की गई। विद्यालयों में छात्रों के आधार कार्ड नहीं होने के कारण उन्हें सरकारी सुविधाओं के मिलने में आ रही समस्याओं पर भी चर्चा कर शीघ्र ही ब्लॉक संसाधन केंद्र पर आधार कार्ड मशीन का क्रियान्वयन किया जाए शिक्षकों की समस्या से अवगत कराया। समस्त समस्याओं को खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा संज्ञान में लेते हुए शीघ्र ही निस्तारण का आश्वासन दिया गया। संगठन द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी का आभार व्यक्त किया गया।



प्रतिनिधिमंडल में रामानंद यादव, सुशांत चौहान, छत्रसैन तनेजा, संदीप पंवार, नितिन कुमार, शुभम लांबा, रोहित कुमार, सुमित विश्नोई, शुभम विश्नोई, शिवम, जहीर आलम, राहुल कुमार, अंजलि गहलोत, अनम निदा, जागृति चौहान, अखिलेश कुमारी, डॉ सुरेशपाल सिंह, विमल कुमार, गौरव सिंह, मंजीत सिंह, सविता यादव, प्रियंका यादव आदि उपस्थित रहे।

## आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत आयोजित की कार्यशाला

**उत्तम भारत संवाददाता/कांठ।** नगर में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन किया गया। विधानसभा कांठ के मंडल कांठ में श्आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियानश को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य अतिथि आचार्य नरेंद्र सिंह व जिला महामंत्री राजन विश्नोई रहे। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मंत्र ष्हर घर स्वदेशी, घर-घर स्वदेशीष को आत्मसात कर हम सभी भारत में बने सामान का ज्यादा से ज्यादा उपयोग करें, जिससे देश की अर्थव्यवस्था को और अधिक मजबूती मिले तथा भारत श्आत्मनिर्भरश बनाने की दिशा में तीव्र गति से आगे बढ़ें। मंडल कार्यशाला में मंडल अध्यक्ष अंकुश चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजपाल प्रजापति, भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश माहेश्वरी, सूरज सिंह गुर्जर सत्यवान राजपूत, मनीष चौहान, आदि उपस्थित रहे।



## मंडलायुक्त की बड़ी कार्यवाई, मंडल स्तर के 07 अधिकारियों के वेतन आहरण पर रोक, 09 को स्पष्टीकरण नोटिस

- आईजीआरएस पोर्टल गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में लापरवाही पर मंडलायुक्त ने की कार्यवाई

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने पर मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह ने अग्रिम आदेशों तक मंडल स्तर के 07 अधिकारियों के वेतन आहरण पर रोक लगा दी है साथ ही 09 अधिकारियों को चेतावनी नोटिस भी जारी किया है। आयुक्त सभागार में आयोजित बैठक के दौरान मंडलायुक्त ने खराब प्रदर्शन करने वाले विभागों के अधिकारियों से आमजन की शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण न किए जाने के कारणों के बारे में जानकारी ली परंतु अधिकारियों द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया, जिसके चलते मंडलायुक्त ने अधीक्षण अभियंता विद्युत, उपनिदेशक पंचायत, अपर निदेशक स्वास्थ्य, अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, मुख्य अभियंता विद्युत, सहायक निदेशक बेसिक शिक्षा तथा अपर निदेशक कोषागार एवं पेंशन का अग्रिम आदेशों तक वेतन आहरण पर रोक लगाते हुए इन सभी को स्पष्टीकरण नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ साथ उप श्रमायुक्त, डीआईजी स्टाम्प, अपर आयुक्त वाणिज्य कर, मुख्य अभियंता पीडब्ल्यूडी, आरटीओ, डिवीजनल कमांडेंट (होमगार्ड), उप निदेशक मंडी, संयुक्त आयुक्त आबकारी और खाद्य विभाग के संबंधित मंडलीय अधिकारी को चेतावनी नोटिस जारी किया है। शासन स्तर से आइजीआरएस पोर्टल की मॉनिटरिंग के दौरान असंतोष जनक फीडबैक और विभागीय अधिकारियों द्वारा शिकायतकताओं से संपर्क न करने के कारण मंडल की रैंक में गिरावट पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि आमजन की शिकायतों का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मुख्यमंत्री जी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री जी द्वारा नियमित तौर पर आइजीआरएस पोर्टल के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों के निस्तारण की मॉनिटरिंग की जा रही है। वर्तमान में प्रदेश में मंडल की 11वीं रैंक है और विभिन्न विभागों के अधिकारियों के खराब पर्यवेक्षण की वजह से मंडल की प्रदेश में रैंक प्रभावित हो रही है इसलिए लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## पशुधन मेले का किया आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** गुरुवार को विकासखंड छजलैट के ग्राम डहरा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्घाटन ग्राम प्रधान के द्वारा गौपूजन एवं फीता काटकर किया गया। ग्राम प्रधान के द्वारा किसानों एवं पशु पालकों को पशुपालन विभाग की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया। मेला प्रभारी डॉक्टर आदित्य गोयल द्वारा पशुओं में होने वाली विभिन्न बीमारियों एवं उनके रोकथाम तथा उपचार के बारे में विस्तार से बताया गया। पशुधन प्रसार अधिकारी संजीव कुमार शर्मा द्वारा वगीर्कृत सीमन के उपयोग से केवल बछिया ही उत्पन्न होती है। इस योजना के बारे में किसानों को विस्तार से बताया गया। मेले में 264 पशुओं का पंजीकरण कर पशु चिकित्सा, बांझपन चिकित्सा, गर्भ परीक्षण, बधियाकरण, कृत्रिम गभार्धान अधिकारी किए गए। मेला प्रभारी डॉ आदित्य गोयल ने सभी ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। मेले में पशुधन प्रसार अधिकारी आलोक कुमार, सुनील कुमार, प्रदीप कुमार, त्रिवेदी कुमार, धर्मपाल सिंह, जयप्रकाश, महेश कुमार, केशव कुमार, भुवनेश कुमार आदि उपस्थित रहे।



## न्याय और गरिमा पर हमला अस्वीकार्य: भीम वाहिनी भारत एकता मिशन

**उत्तम भारत संवाददाता/पाकबड़ा।** गुरूवार को भीम वाहिनी भारत एकता मिशनह्व के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विरेन्द्र कुमार भारती ने हाल ही मे दो गंभीर घटनाओं हरियाणा के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वाई. पूरन कुमार की संदिग्ध आत्महत्या। भारत के मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई पर न्यायालय परिसर में जूता फेंकने की घटना पर गहरी चिंता और आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ये दोनों घटनाएँ भारतीय न्याय व्यवस्था, संविधानिक मूल्यों और सामाजिक समानता की भावना पर सीधा प्रहार हैं। वाई. पूरन कुमार आत्महत्या प्रकरण भारती ने कहा कि यह केवल एक अधिकारी की मौत नहीं, बल्कि न्याय और समानता के आदर्शों पर प्रश्नचिह्न है। मिशन ने राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजकर माँग की है कि न्यायिक आयोग गठित कर जातिगत उत्पीड़न की निष्पक्ष जांच हो।दोषियों को निलंबित कर एससी/एसटी एक्ट 1989 के अंतर्गत कार्रवाई की जाए। परिवार को कानूनी संरक्षण व आर्थिक सहायता दी जाए।मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई जी पर हमला यह घटना केवल एक व्यक्ति पर नहीं, बल्कि भारत की न्यायपालिका और लोकतंत्र की गरिमा पर हमला है। मिशन की माँगें घटना की निष्पक्ष न्यायिक जांच हो।यदि जातिगत या सांप्रदायिक प्रेरणा है तो एससी/एसटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो। सुप्रीम कोर्ट परिसर की सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जाए। अधिवक्ताओं में संवैधानिक आचार-संहिता व नैतिक प्रशिक्षण अनिवार्य किया जाए। भीम वाहिनी भारत एकता मिशन का संकल्प हम किसी भी प्रकार के जातिगत भेदभाव, अन्याय, या संवैधानिक संस्थाओं के अपमान को सहन नहीं करेंगे। बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के समानता, न्याय और बंधुत्व के सिद्धांत ही हमारे मिशन का आधार हैं। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव पूनम सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अलका गौतम, मण्डल अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ नसीम अहमद, मंडल अध्यक्ष अधिवक्ता प्रकोष्ठ यदुल सहाय, आशीष सागर,दीपक एवं अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बैल ने किसान पर किया जानलेवा हमला

**उत्तम भारत संवाददाता/छजलैट।** बैलगाड़ी में बैल जोड़ते हुए अचानक बैल ने हमला कर किसान को उठाकर भूमि पर पटक दिया। लहू लुहान किसान को परिजन सीएचसी कांठ प्राथमिक उपचार के लिए लेकर आए हैं। थाना क्षेत्र के ग्राम पुल की मडैयो निवासी किसान मुन्नू सिंह पुत्र कुंदन सिंह अपने खेत में धान की कटाई करवा रहे थे। अपराह्न 3रू00 तक उनके साथियों ने बैलगाड़ी में धान भर दिए। धान भरने के बाद उनके साथ के लोग पैदल चले गए। किसान धान की फसल बैलगाड़ी में भरकर ले जाने के लिए बैलगाड़ी में बैल जोड़ रहा था। अचानक किसान का एक वैल विदक गया। बैल ने किसान को सींग से उठाकर जोर से जमीन पर पटक दिया। किसान लहूलुहान होकर भूमि पर तड़पने लगा। आसपास खेत में काम कर रहे किसानों ने जब यह दृश्य देखा तब उन्होंने फोन के द्वारा उनके परिजनों को सूचनादी। परिजन किसान को एक प्राइवेट बाहन में डालकर उपचार हेतु सीएचसी कांठ लेकर आए। जहां चिकित्सकों ने परिजनों को बताया कि किसान की दो पसली और दोनों कंधे बुरी तरह फैक्चर हो गए हैं।

## दीपावली के पावन अवसर पर संवेदना द किड्स कॉटेज में दिवाली सेलिब्रेशन

**उत्तम भारत संवाददाता/मुरादाबाद।** विद्यालय को दिवाली की थीम पर सजाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के आशीर्वाद से हुई। कार्यक्रम में और मुख्य अतिथि के रूप में श्री हरिओम शर्मा जी क्षेत्रीय महामंत्री पश्चिमी क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी, व अतिथि विशेष के रूप में प्रतिष्ठित कवि श्री मयंक शर्मा जी व विद्यालय की निर्देशिका मेजर डॉक्टर मीनू मेहरोत्रा जी मौजूद रही स इस बार विद्यालय परिसर में दिवाली मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को अलग अलग राज्यों के लोक नृत्यों व दीपावली से अवगत कराना था कार्यक्रम की शुरूआत संवेदियन द्वारा श्रीराम स्तुति के माध्यम से हुई जिन्होंने अपने प्रदर्शन से सभी अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विद्यालय के नन्हे मुन्ने संवेदियंस श्री राम, लक्ष्मण व माँ सीता की वेशभूषा में नजर आए। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के छात्रों ने अयोध्या आए मेरे प्यारे रामह्न भजन पर नृत्य कर समा बांध दिया। कार्यक्रम के अंतर्गत श्री हरि ओम शर्मा जी ने बताया कि भले ही संवेदना परिसर छोटा है लेकिन यहाँ के विद्यार्थियों में अनंत प्रतिभाएँ हैं क्योंकि जब हमारे पास किसी चीज का अभाव होता है तभी हम संपूर्णता की ओर अग्रसर हो सकते हैं। श्री मयंक शर्मा जीने बताया कि विद्यालय परिसर में आकर वह अत्यंत गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं क्योंकि संवेदना वह शब्द है जो यदि किसी व्यक्ति में आ जाए तो वह अपने आप में पूर्ण हो जाए यदि वास्तव में कोई मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम के चरित्र को अपने अंदर उतार लें तो निश्चित ही वह आदर्श की संज्ञा पर खरा उतर सकता है। कार्यक्रम में विद्यालय की निर्देशिका मेजर डॉक्टर मीनू मेहरोत्रा जी ने बताया कि दीपावली का त्योहार विद्यालय के विद्यार्थियों के साथ मनाने का उद्देश्य विद्यार्थियों को भारतीय संस्कृति से परिचित कराना है क्योंकि बचपन में सीखीगई प्रत्येक कलाकृति व मनाए गए त्योहार की छाप उनके मस्तिष्क पटल पर अंकित हो जाती हैकार्यक्रम में आभार अभिव्यक्ति विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती श्रुति गुप्ता द्वारा हुई, जिन्होंने बताया कि यह त्यौहार भगवान राम के 14 साल के वनवास के बाद अयोध्या लौटने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है व हमें यह त्यौहार आपसी प्रेम और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन मेम संपदा और मैंम पलक द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की शिक्षिकाओं मैम मुस्कान, रजनी, सलोनी,दीक्षिका, चंद्रिका, सना, तृप्ति, रहनुमा इफत मानया इत्यादि ने अपना महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया।




## पराग ह्यूमन फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा शी रॉक्स नामक कार्यशाला का आयोजन

**उत्तम भारत संवाददाता/मुराबाद।** पराग ह्यूमन फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा शी रॉक्स नामक कार्यशाला का आयोजन पी एम एस स्कूल में किया गया। संस्थापिका गरिमा सिंह ने कहा की हमारी एन जी ओ हर माह लड़कियों की हेल्थ एवं हाइजीन पर करशाला आयोजित कर, उनको जागरूकता एवं सशक्त बनाने का कार्य कर रही है, हम अब तक 16 वर्कशॉप कर चुके है एवं 2 हजार से भी ज्यादा लड़कियों को जागरूक कर चुके है। मुख्य अतिथि इनर व्हील इससेन्स क्लब की प्रेजिडेंट नेहा कोठीवाल एवं विशिष्ट अतिथि सेक्रेटरी छवि ने सभी बालिकाओं का उत्साह वर्धन किया ओर एक ऊँची उड़ान भरने के लिए आवश्यक पहलुओं पर ध्यान देने के लिए कहा वक्ता के रूप में एंटी रोमियो स्क्वाड की हेड इंस्पेक्टर चंद्र प्रभा ने सभी बच्चों को महिला हेल्पलाइन लाइन नंबर्स की जानकारी दी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा चलाई जा रही स्कीमो के बारे में भी बताया डॉ नीतू रस्तोगी ने लड़कीओ को मासिक धर्म में हाइजीन रखने की राय दी, कैंसर के लक्षण पर प्रकाश डालती हुए उन्होंने सभी को वैक्सीन लगवाने की अपील की। डॉ प्रज्ञा अग्रवाल ने पोष्टीक भोजन करने की राय देते हुए कहा की एक स्वास्थ्य शरीर को 2200 केलोरी तक भोजन को सिमित रखना चाइए, अपने वजन के अनुसार ही पानी पीना चाहिए, जंक फूड को अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा ना बनाए। डॉ कंचन गुप्ता ने स्ट्रेस मैनेजमेंट पर चर्चा की ओर कहा की आधुनिकता की वजह से बढ़ रहे डिप्रेशन को रोकने के तरीके बताए। कोच अपूर्वा शर्मा ने बच्चिओ को मंचले लड़को से निपटने के गुण सिखाए, अच्छी डाइट ओर नियमीत व्यायाम की महत्ता को समझाया। स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी वक्ताओ को धन्यवाद अर्पित किया।



# तंत्र-मंत्र के शक में अधेड़ की गला घोटकर की गई थी हत्या, फतेहगढ़ पुलिस ने तीन हत्यारोपी पकड़े



गुना। जिले की फतेहगढ़ थाना पुलिस ने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझाई है। पुलिस ने तीनों हत्यारोपित गिरफ्तार कर जेल पहुंचाएं हैं। दरअसल ग्राम बलखण्डी में पेड़ पर संदिग्ध अवस्था में लटका हुआ मृतक मान सिंह भिलाला का शव मिला था। प्राप्त जानकारी के अनुसार 8 अक्टूबर 25 को जिले के फतेहगढ़ थानांतर्गत ग्राम बलखण्डी में एक खेत की मेड़ पर बहेड़ा के पेड़ पर एक व्यक्ति की लाश लटके होने की सूचना मिलने पर फतेहगढ़ थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और लाश व घटना स्थल का बारीकी से मौका मौआयना किया। शव की पहचान मान सिंह पुत्र जुवान सिंह भिलाला निवासी ग्राम बरमन सोसायटी थाना फतेहगढ़ के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच पर मृतक के सिर में चोट के निशान होकर खून बहना पाया गया, जिससे घटना संदिग्ध प्रतीत हुई थी एवं पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच प्रारंभ की गई। एसपी अंकित सोनी के द्वारा उक्त घटना को चुनौती के रुप में लिया और मामले में हर पहलुओं पर सूक्ष्मता से जांच कर प्रकरण का शीघ्र खुलासा किए जाने के निर्देश दिए गए। निदेर्शानुसार फतेहगढ़ थाना प्रभारी उपनिरीक्षक जयनारायण शर्मा द्वारा अपनी टीम के साथ मामले की गहनता से जांच की गई। प्रकरण की प्रारंभिक जांच में मृतक के सिर, आंख व शरीर में अन्य जगह चोट के निशान पाए गए एवं घटनास्थल का मौका मुआयना करने पर मौके से कुछ जरूरी साक्ष्य जप्त किये गये। मृतक का पीएम कराया गया, जिसकी रिपोर्ट में डॉक्टर ने मृत्यु का कारण गला दबने से होना लेख किया। जांच के दौरान मृतक के परिजनों व अन्य साक्षियों के कथन लिए गए, जिसमें उनके द्वारा मृतक को अंतिम बार ओजम भिलाला, अमर सिंह भिलाला एवं मुकेश भिलाला निवासीगण ग्राम बरमन सोसायटी के साथ देखा जाना बताया। इन पर ही हत्या कर लाश को पेड़ पर लटकाने का शक व्यक्त करते हुए कि कहा कि इनके द्वारा मृतक पर तंत्र-मंत्र करने का आरोप लगाया जाता था और जो पूर्व में मृतक से विवाद भी कर चुके थे और उसे गांव छोडकर जाने की धमकी देते थे। पुलिस ने जांच के दौरान तकनीकि उपकरणों की मदद ली गई। जिसमें मृतक एवं तीनों संदेहियों के बीच घटना से पूर्व लगातार संपर्क होना पाया गया। प्रकरण की संपूर्ण जांच में साक्षियों के कथनों एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर ओजम भिलाला, अमर सिंह भिलाला व मुकेश भिलाला के द्वारा ही मान सिंह भिलाला की हत्या कर शव को पेड़ पर लटका देना पाये जाने पर 15 अक्टूबर 25 को तीनों आरोपितों के विरुद्ध फतेहगढ़ थाने में अप.क्र. 260/25 धारा 103(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर पुलिस ने आरोपितों की तलाश शुरू की। पुलिस द्वारा आरोपियों की सरगर्मी से तलाश की गई और इसमें तत्परता से कार्यवाही करते हुए मात्र 20 घंटों के भीतर ही तीनों आरोपितों ओजम सिंह पुत्र वेल सिंह भिलाला, अमर सिंह पुत्र अन सिंह भिलाला एवं मुकेश पुत्र इंडा उर्फ लाल सिंह भिलाला निवासीगण ग्राम बरमन सोसायटी थाना फतेहगढ़ जिला गुना को हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपना जुर्म स्वीकारते हुए बताया कि मान सिंह भिलाला तंत्र-मंत्र करता था।

## संक्षिप्त समाचार

### पश्चिमी नेपाल में 4.9 तीव्रता का भूकंप

काठमांडू। पश्चिमी नेपाल के सुदूर पश्चिम प्रांत में बृहस्पतिवार को 4.9 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप निगरानी केंद्र के अनुसार, भूकंप सुबह 1:08 बजे दर्ज किया गया, जिसका केंद्र बझांग जिले के दंतोला क्षेत्र में स्थित था। बझांग जिला काठमांडू से लगभग 475 किलोमीटर पश्चिम में स्थित है। पड़ोसी जिलों बाजुरा, बैतड़ी और दारचुला में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप से किसी भी तरह के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है। नेपाल सबसे सक्रिय विवर्तनिक क्षेत्रों (भूकंपीय क्षेत्र चार और पांच) में से एक में स्थित है, जो इसे भूकंपों के प्रति बेहद संवेदनशील बनाता है। यहां हर साल कई भूकंप आते हैं।

### पाकिस्तान के पश्चिमोत्तर प्रांत में टीटीपी के 34 आतंकी मारे

पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सुरक्षा बलों ने कई अभियानों में प्रतिबंधित संगठन टीटीपी के 34 आतंकवादियों को मार गिराया। सेना ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। सेना की मीडिया शाखा, इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर), ने एक बयान में कहा कि ये अभियान सोमवार और बुधवार के बीच प्रांत के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादियों की कथित मौजूदगी के बाद चलाए गए। इसमें कहा गया है कि ये अभियान उत्तरी वजीरिस्तान, दक्षिणी वजीरिस्तान और बन्नू जिलों में चलाए गए। इनमें फितना अल-ख्वारिज से जुड़े 34 आतंकवादी मारे गए। फितना अल-ख्वारिज शब्द का इस्तेमाल पाकिस्तानी अधिकारी प्रतिबंधित आतंकी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों के लिए करते हैं। इसमें कहा गया है कि उत्तरी वजीरिस्तान जिले के स्पिनवाम इलाके में अभियान के दौरान 18 आतंकवादियों को 'जहन्नुम भेज दिया गया।

### महावाणिज्य दूतावास में दिवाली समारोह का आयोजन

ह्यूस्टन (अमेरिका)। ह्यूस्टन स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास ने दिवाली के उपलक्ष्य में भव्य समारोह का आयोजन किया। ह्यूस्टन शहर के साथ साझेदारी में आयोजित इस कार्यक्रम में समुदाय के नेता, राजनयिक और भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्य एकत्रित हुए। महावाणिज्य दूत डी सी मंजूनाथ और मेयर जॉन व्हिटमायर ने ह्यूस्टन सिटी हॉल में आयोजित समारोह का नेतृत्व किया, जिसमें निर्वाचित अधिकारियों, कांसुलर कोर के सदस्यों और सामुदायिक नेताओं ने भाग लिया। अपने संबोधन में मेयर व्हिटमायर ने भारतीय-अमेरिकी समुदाय को दिवाली की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा, 'मुझे सिटी हॉल में दिवाली समारोह में ह्यूस्टन के भारतीय समुदाय के साथ शामिल होने पर गर्व है। यह ऐसा त्योहार है जो हमें याद दिलाता है कि प्रकाश अंधकार पर विजय प्राप्त करता है, और विविधता में एकता हमारी ताकत है।' महावाणिज्य दूत मंजूनाथ ने दिवाली की भावना को अपनाने के लिए मेयर और ह्यूस्टन शहर को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रकाश, आशा और सद्भाव के इस त्योहार का संदेश ह्यूस्टन जैसे विविधतापूर्ण और गतिशील शहर में गहराई से गूंजता है। शाम को कथक नृत्य की प्रस्तुति हुई, जिसमें भारत की शास्त्रीय कलात्मक विरासत का प्रदर्शन किया गया।

### पूर्व विधायक पूनम यादव ने जदयू पर लगाया धोखे का आरोप

खगड़िया। बिहार चुनाव के लिए प्रत्याशियों की घोषणा का सिलसिला जारी है। इसी बीच जनता दल यूनाइटेड (जदयू) से चार बार विधायक रह चुकीं पूनम यादव ने पार्टी से टिकट कटने के बाद मोर्चा खोल दिया। उन्होंने पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस की राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (रालोजपा) की सदस्यता ग्रहण करने का ऐलान किया और जल्द नामांकन दाखिल करने की घोषणा की। पूनम यादव ने पत्रकारों से बात करते हुए जदयू नेतृत्व से लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तक पर धोखा देने का गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा, ह्लमैंने नीतीश कुमार को नहीं छोड़ा, नीतीश कुमार ने ही मेरा साथ छोड़ दिया। पार्टी ने मुझे टिकट न देकर विश्वासघात किया है। अब मैं चुनाव लड़ूंगी और जीतकर दिखाऊंगी कि जनता का साथ हमेशा मेरे साथ है। उन्होंने जदयू पर पिछली बार भी वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना किसी ठोस कारण के उनका टिकट काटा गया, जबकि वे खगड़िया सदर सीट पर लगातार मजबूत पकड़ रखती रहीं। पूनम ने कहा कि रालोजपा में शामिल होकर वे दलित-यादव वोट बैंक को मजबूत करेंगी और एनडीए के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगी। दरअसल, पूनम यादव खगड़िया के बाहुबली पूर्व विधायक रणवीर यादव की पहली पत्नी हैं। रणवीर ने दूसरी शादी अपनी साली कृष्णा यादव (पूनम की बहन) से की थी, जो पूनम के लिए राजनीतिक रूप से फायदेमंद रही। चार बार खगड़िया सदर से जदयू के टिकट पर जीत हासिल करने वाली पूनम को रणवीर का मजबूत समर्थन मिलता रहा। खगड़िया सदर विधानसभा सीट पर यादव, कोइरी और दलित वोटरों की अच्छी-खासी तादाद है। पूनम का रालोजपा में जाना पशुपति पारस की पार्टी को मजबूती दे सकता है, जो हाल ही में एनडीए से नाता तोड़ चुकी है। पारस ने लोकसभा चुनाव में चिराग पासवान के साथ टकराव के बाद महागठबंधन की ओर रुख किया था। बता दें कि बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों के लिए दो चरणों में मतदान होंगे।

# रूसी हमलों से यूक्रेन में घना अंधेरा छाया, जेंलेंस्की ने ट्रंप से मदद की गुहार

कीव। रूस ने यूक्रेन के ऊर्जा संयंत्रों पर सैकड़ों ड्रोन और दर्जनों मिसाइलों से हमला किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस बीच, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की व्हाइट हाउस में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से और अधिक अमेरिकी वायु रक्षा प्रणाली एवं लंबी दूरी की मिसाइलों की मांग करने की तैयारी कर रहे हैं।

यूक्रेन की राष्ट्रीय ऊर्जा संचालक कंपनी, यूक्रेनेर्गो ने बताया कि ड्रोन एवं मिसाइल हमलों के बाद आठ यूक्रेनी क्षेत्रों में बिजली काटनी पड़ी। देश की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी, डीटीईके ने राजधानी कीव में बिजली गुल होने की सूचना दी और कहा कि हमलों के कारण उसे मध्य पोल्टावा क्षेत्र में प्राकृतिक गैस निष्कर्षण रोकना पड़ा।

जेलेंस्की ने कहा कि रूस ने रात भर में यूक्रेन पर 300 से ज्यादा ड्रोन और 37 मिसाइलें दागीं। उन्होंने रूस पर क्लस्टर हथियारों का इस्तेमाल करने और ग्रिड की मरम्मत में लगे आपातकालीन कर्मचारियों एवं इंजीनियरों को निशाना बनाने के लिए एक ही लक्ष्य पर बार-बार हमले करने का आरोप लगाया। जेलेंस्की ने टेलीग्राम पर कहा, इस मौसम में, रूसी हर दिन हमारे ऊर्जा ढांचे पर हमला कर रहे हैं। जेलेंस्की के शुक्रवार को ओवल ऑफिस में ट्रंप के साथ बैठक से पहले बृहस्पतिवार को अमेरिका पहुंचने की उम्मीद है। कीव के अधिकारियों का कहना है कि यूक्रेन अमेरिका से क्रूज मिसाइलें, वायु रक्षा प्रणालियां और संयुक्त ड्रोन उत्पादन समझौते चाहता है। जेलेंस्की मास्को पर कड़े अंतरराष्ट्रीय आर्थिक प्रतिबंध भी चाहते हैं। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब ऐसे संकेत मिल रहे हैं कि ट्रंप अमेरिका के नेतृत्व वाले शांति प्रयासों में गतिरोध को तोड़ने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव बढ़ाने की ओर अग्रसर हैं।



**यूक्रेन की राष्ट्रीय ऊर्जा संचालक कंपनी, यूक्रेनेर्गो ने बताया कि ड्रोन एवं मिसाइल हमलों के बाद आठ यूक्रेनी क्षेत्रों में बिजली काटनी पड़ी। देश की सबसे बड़ी निजी ऊर्जा कंपनी, डीटीईके ने राजधानी कीव में बिजली गुल होने की सूचना दी और कहा कि हमलों के कारण उसे मध्य पोल्टावा क्षेत्र में प्राकृतिक गैस निष्कर्षण रोकना पड़ा।**

## सरकारी स्कूलों के 4.90 लाख विद्यार्थियों को नि:शुल्क साइकिलों की सौगात



इंदौर। मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग ने सरकारी विद्यालयों में बच्चों की नामांकन दर और शैक्षिक गुणवत्ता को सुधारने के अपने व्यापक उद्देश्य के तहत इस शैक्षणिक सत्र में 4 लाख 90 हजार विद्यार्थियों को निःशुल्क साइकिलें वितरित की हैं। विभाग ने इस महत्त्वाकांक्षी निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए चालू वर्ष में 215 करोड़ रुपये का विशाल बजट प्रावधान सुनिश्चित किया है।

यह योजना उन विद्यार्थियों को विशेष रूप से लाभान्वित कर रही है जिन्होंने कक्षा-5 और कक्षा-8 सफलतापूर्वक उत्तीर्ण की है। इस सुविधा का लाभ उन्हें मिलता है जिनके निवास स्थान (मजरे-टोले) से उनके अगले विद्यालय की दूरी 2 किलोमीटर या उससे अधिक है। इन बच्चों को स्कूल आने-जाने की सुविधा प्रदान करने हेतु यह पहल की गई है, जिसका सीधा उद्देश्य उनकी नियमित उपस्थिति और शैक्षणिक निरंतरता सुनिश्चित करना है। इसके अतिरिक्त, वे बालिकाएँ जो छात्रावासों में रहकर अध्ययन कर रही हैं, उन्हें भी इस योजना के दायरे में शामिल कर सशक्त किया गया है।

पिछले वर्ष 4 लाख 80 हजार बच्चों को निःशुल्क साइकिलें वितरित की गई थीं, जिससे स्पष्ट है कि इस वर्ष लाभार्थियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। लोक शिक्षण संचालनालय ने साइकिल खरीद की पूरी प्रक्रिया जेम पोर्टल के माध्यम से लघु उद्योग निगम के सहयोग से अत्यंत पारदर्शी ढंग से पूरी की है। संचालनालय द्वारा जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के अनुरूप, कक्षा-6 के विद्यार्थियों को 18 इंच तथा कक्षा-9 के विद्यार्थियों को 20 इंच की साइकिलें प्रदान की गई हैं। यह कदम दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए प्रेरित करने में निर्णायक सिद्ध होगा।

## ट्रक पलटने से एक ही परिवार के 15 सदस्यों की मौत, आठ घायलों का इलाज जारी

पेशावर। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक सुरंग के पास बृहस्पतिवार को एक ट्रक के पलट जाने से एक ही परिवार के कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य घायल हो गए। बचाव अधिकारियों ने यह जानकारी दी। 'रेस्क्यू 1122' आपातकालीन सेवाओं के प्रवक्ता ने बताया कि यह दुर्घटना मलाकंद जिले के स्वात मोटरवे पर हुई।

सभी पीड़ित स्वात के बहरीन तहसील के जिब्राल क्षेत्र के एक खानाबदोश परिवार से थे, जो अक्सर मौसमी आधार पर विभिन्न क्षेत्रों में प्रवास करते थे। हादसे की सूचना मिलने पर बचाव सेवाएं और पुलिस दुर्घटना स्थल पर पहुंची और घायलों तथा मृतकों के पार्थिव शरीर को जिला मुख्यालय अस्पताल बटखेला पहुंचाया। चिकित्सकों ने 15 लोगों की मौत की पुष्टि की अस्पताल में चिकित्सकों ने 15 लोगों की मौत की पुष्टि की जबकि आठ घायलों को आपातकालीन चिकित्सा प्रदान की गई। गंभीर रूप से घायल चार लोगों को बाद में विशेष देखभाल के लिए स्वात ले जाया गया। बचाव सूत्रों के अनुसार, मृतकों और घायलों में पुरुष, महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। खैबर पख्तूनख्वा के नवनिर्वाचित मुख्यमंत्री मुहम्मद सोहेल अफरीदी ने दुर्घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए शोक व्यक्त किया। उन्होंने दिवंगत आत्माओं की शांति और उनके परिवारों को यह दुःख सहने की शक्ति और धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की। अफरीदी ने हादसे में घायल हुए लोगों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को घायलों के लिए सर्वोत्तम एवं तत्काल चिकित्सा उपचार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



## सरकारी कर्मचारियों के आरएसएस कार्यक्रमों में शामिल होने पर रोक लगायें : प्रियांक खरगे

बेंगलुरु। कर्नाटक ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री प्रियांक खरगे ने मुख्यमंत्री सिद्दारमैया से आग्रह किया कि वह एक सर्कुलर जारी कर सरकारी कर्मचारियों को राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ या उससे जुड़े संस्थाओं के कार्यक्रम में जाने पर रोक लगायें।

खरगे ने 13 अक्टूबर के पत्र में अपने पहले के अनुरोध को दोहराया कि आरएसएस को सरकारी परिसरों या सार्वजनिक स्थानों पर अपने कार्यक्रम आयोजित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिये। मंत्री ने कहा कि कई राज्य सरकार के कर्मचारी आरएसएस और अन्य समूहों द्वारा आयोजित की गयी कार्यक्रमों में भाग लेते हुए पाये गये हैं, जो कर्नाटक सिविल सेवा (आचरण) नियम 2021 के प्रावधानों का उल्लंघन है। खरगे ने आचरण नियमावली के नियम पांच (एक) का हवाला देते हुए कहा कि कोई भी सरकारी कर्मचारी किसी राजनीतिक पार्टी का सदस्य नहीं हो सकता या उस संस्था से नहीं जुड़ सकता जो राजनीति में हिस्सा लेती हो, न ही वह किसी राजनीतिक आंदोलन या गतिविधि में भाग ले सकता है, न ही किसी प्रकार की सहायता के लिये चंदा देगा। मंत्री ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि वे अधिकारियों को सर्कुलर जारी करने का निर्देश दें जिसमें चेतावनी दी जाये कि नियम का उल्लंघन करने वाले कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जायेगी। खरगे के रुख पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं सामने आयी हैं। विपक्षी नेताओं ने सरकार पर आरएसएस को निशाना बनाने का आरोप लगाया है, जबकि मंत्री ने कहा है कि उनका अनुरोध पूरी तरह से मौजूदा सेवा आचरण नियमों के अनुरूप है।

**नागरिकों की समस्याओं का निराकरण सर्वोच्च प्राथमिकता, अधिकारी सक्रिय रहें**

## जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन पर त्वरित समाधान हो : संभागायुक्त

इंदौर/खरगोन। नागरिकों की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इंदौर संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाड़े ने खरगोन में आयोजित समीक्षा बैठक में सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई, सीएम हेल्पलाइन और लोक सेवा केंद्र (एलएसके) पर प्राप्त आवेदनों का समाधान करने में जिला और अनुविभागीय अमला सक्रिय भूमिका निभाए। डॉ. खाड़े ने जोर देकर कहा कि इन महत्वपूर्ण कार्यक्रमों पर शासन की पैनी निगरानी है। उन्होंने अधिकारियों को चेतावनी दी कि नागरिकों की शिकायतों और समस्याओं को किसी भी स्थिति में हल्के में न लिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जनसुनवाई के दौरान जिला एवं अनुविभागीय अमले की अनिवार्य उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। सभी विभाग यह सुनिश्चित करें कि शिकायतें यथासंभव त्वरित रूप से हल हों; यदि मामला पेचीदा है या जाँच आवश्यक है, तो भी अधिकारी समाधान होने तक इसके पीछे लगे रहें और लंबित न रहने दें।

योजनाएँ हों धरातल पर, जीवन स्तर में आए बदलाव

संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने राजस्व, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पीएचई समेत 10 प्रमुख विभागों की योजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि शासकीय योजनाएँ नागरिकों का जीवन स्तर ऊँचा उठाने के लिए हैं। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे केवल लक्ष्य पूरे न करें, बल्कि योजनाओं को पूरी लगन के साथ धरातल पर उतारें, ताकि वास्तविक लाभार्थियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आ सके। महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए डॉ. खाड़े ने वास्तविक और सही डेटा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने निर्देश दिए कि गर्भवती महिलाओं और बच्चों की समय-समय पर होने वाली जाँच का सटीक रिकॉर्ड दर्ज किया जाए, जिससे उपचार करने वाले डॉक्टरों को सुविधा हो। उन्होंने आरबीएसके टीम द्वारा बच्चों का चिन्हांकन करवाकर शासन की योजनाओं से ऑपरेशन और अन्य उपचार सुनिश्चित करने पर भी बल दिया। इसके अतिरिक्त, डॉ. खाड़ेने अधिकारियों और कर्मचारियों को मिशन कर्मयोगी प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी कार्यक्षमता बढ़ाने का निर्देश दिया।



### मेला देखने गए युवक की चाकू घोंपकर हत्या

बरेली। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में मेला देखे गए एक युवक की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के रजऊ परसापुर गांव में हुई। उसने बताया कि पीड़ित अभिषेक यादव का अपने गांव में रहने वाली दूसरी जाति की एक लड़की से कथित तौर पर प्रेम प्रसंग था, जिसे लेकर दोनों परिवारों के बीच तनाव था। पुलिस के मुताबिक, अभिषेक गांव में एक प्लाईवुड वर्कशॉप में काम करता था और उसके पिता राम किशन सैन्य कर्मी रह चुके हैं। परिजनों ने आरोप लगाया कि मेले में ह्यरावण दहनह्न के दौरान हुए झगड़े के बाद गांव के कुछ लोगों ने अभिषेक पर कथित तौर पर चाकू से कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजनों के अनुसार, अभिषेक को पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

### नशे में झगड़े के बाद मां की हत्या

संत कबीरनगर। उत्तर प्रदेश के संत कबीरनगर जिले के धनघटा इलाके के परशर पूर्वी गांव में 55 साल की महिला को उसके बेटे ने शराब के नशे में पीट-पीटकर मार डाला। अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह ने बताया कि परशर पूर्वी गांव के रहने वाले प्रेम कुमार की पत्नी कबूतरा देवी (55) की बुधवार को अपने बेटे तिमल (28) से तीखी बहस हुई थी, जो कथित तौर पर शराब एवं मादक पदार्थ का आदी था। पुलिस ने बताया कि झगड़े के दौरान, उसने कथित तौर पर उस पर ईंट और डंडे से हमला किया, जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आईं। महिला की मौके पर ही मौत हो गई और आरोपी मौके से भाग गया। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिवार वालों की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है, साथ ही फरार आरोपी को गिरफ्तार करने की कोशिश की जा रही है।

### बसपा ने उम्मीदवारों की दो सूचियां की जारी

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के लिए उम्मीदवारों की दो सूचियां जारी की है। इसके अलावा पार्टी के स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी की है। एक बयान में इसकी जानकारी दी गयी है। बसपा की ओर से बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा गया है कि पार्टी ने बिहार विधानसभा चुनाव के लिये पार्टी के उम्मीदवारों की दो सूची जारी की है। बयान में कहा गया है कि पार्टी की पहली सूची में 42 उम्मीदवारों के नाम है, जबकि दूसरी सूची में 48 उम्मीदवारों के नाम हैं। बयान में कहा गया है कि पार्टी प्रमुख मायावती ने बिहार की सभी सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का फैसला किया है, और किसी भी गठबंधन से समझौता नहीं करने की बात कही है। पार्टी ने आज स्टार प्रचारकों की सूची भी जारी की है, जिसमें मायावती और उनके भतीजे तथा पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद के अलावा पार्टी के 38 और नेता शामिल हैं।

### उत्पीड़न से तंग आकर खाया जहर

मेरठ। उत्तर प्रदेश के मेरठ जनपद के भावनपुर थाना क्षेत्र में एक ट्रांसपोर्टर ने पुलिस पर उत्पीड़न और लूट की घटना का मुकदमा दर्ज नहीं करने का आरोप लगाते हुए जहरीला पदार्थ खा लिया। इस घटना के सिलसिले में थानाध्यक्ष को लापरवाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। परिजनों के मुताबिक यह घटना सोमवार देर रात की है, जब पुष्पेंद्र से 20 हजार रुपये की नकदी लूट ली गई थी। उसने इसकी सूचना थाना पुलिस को दी। परिजनों ने आरोप लगाया कि कार्रवाई करने के बजाय पुलिस ने उसके साथ की। पुलिस के इस व्यवहार से आहत पुष्पेंद्र ने अगले दिन जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या का प्रयास किया पुलिस क्षेत्राधिकारी सदर देहात शिवप्रताप सिंह ने बताया कि इस मामले में देर रात भावनपुर थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह को लापरवाही के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। साथ ही एक दारोगा और दो अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत

कुशीनगर। कुशीनगर में पचफेड़ा गांव के पास दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में एक व्यक्ति की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, यह घटना रात करीब नौ बजे हुई जब पडरौना थाने के जरार गांव के राजमिस्त्री मनोज राजभर (40) अपने साथियों छोटेलाल राजभर (24) और राकेश राजभर (25) के साथ काम से घर लौट रहे थे। उनकी मोटरसाइकिल पडरौना-जटहा रोड पर पचफेड़ा गांव के पास सामने से आ रही एक और मोटरसाइकिल से टकरा गई। इस दुर्घटना में चारों मोटरसाइकिल सवार घायल हो गए। उन्हें रवींद्र नगर धूस मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने मनोज राजभर को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने बताया कि अन्य घायलों -छोटेलाल, राकेश, और दीपक कुशवाहा (37) का उपचार हो रहा है।

### बंगाल में 78 चुनाव अधिकारियों को बदलने का दिया आदेश

कोलकाता। चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल के 78 विधानसभा क्षेत्रों में निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) को तत्काल बदलने का आदेश दिया है। आयोग ने पाया है कि इन अधिकारियों की नियुक्ति चुनाव आयोग द्वारा निर्धारित मानदंडों का उल्लंघन करते हुए की गयी है। आयोग ने इस संबंध में राज्य सरकार को पत्र भेजकर ऐसे अधिकारियों के नाम प्रस्तावित करने का निर्देश दिया है जो चुनाव आयोग के निर्धारित मानकों के अनुरूप हों। आयोग के अनुसार, केवल पश्चिम बंगाल सिविल सर्विस (कार्यकारी) कैडर के उप-मंडलाधिकारी या ग्रामीण विकास अधिकारी जैसे अधिकारी ही ईआरओ नियुक्त किए जा सकते हैं।

